3 राजधानी
कपिल और धीरज की जमानत अर्जी खारिज

6 प्रादेशिकी
मुठभेड़ में एक लाख का ईनामी ढेर

10 कारोबार
जीएसटी संग्रह डेढ़ लाख करोड़ के करीब

12 स्पोर्ट्स
जेमिमा की पारी से जीता भारत

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 339
लखनऊ, रविवार, 2 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जेपी के पैतृक गांव आएंगे अमित शाह
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# भारत ने पकड़ी 5जी की रफ्तार

- प्रधानमंत्री मोदी ने लांच की 5जी सेवाएं, कहा- यह ऐतिहासिक दिन, टेलीकॉम सेक्टर में आएगा क्रांतिकारी बदलाव
- अभी कुछ शहरों में शुरू हुई सेवाएं, अगले दो साल में पूरा देश उठाएगा लाभ



नई दिल्ली में मोबाइल कांग्रेस के दौरान 5जी सेवाओं का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में अब 5जी की रफ्तार से इंटरनेट चलेगा। इससे लोगों के काम करने का तरीका बदल जाएगा और सेवाओं में बहुत तेजी आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अत्यधिक तीव्र गति की इंटरनेट सुविधा देने वाली 5जी सेवा की शनिवार को शुरुआत करते हुए कहा कि यह एक नए युग की शुरुआत है। यह व्यापक अवसरों को भी प्रदर्शित करता है।

इस 5जी सेवा लेकर सिर्फ वीडियो देखने या वाइस कॉल करने तक सीमित नहीं रहना है, इसे एक क्रांति में परिवर्तित करना होगा। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित इंडियन मोबाइल कांग्रेस-2022 (आईएमसी) में देश के कुछ चुनिंदा शहरों में 5जी इंटरनेट सेवाओं का उद्घाटन किया। अगले दो साल में इस सेवा का विस्तार समूचे देश में किए जाने की योजना है। प्रधानमंत्री ने एक बटन दबाकर 5जी सेवा की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश दूरसंचार की 2जी, 3जी एवं 4जी प्रौद्योगिकी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था, लेकिन 5जी सेवा के मामले में देश ने इतिहास रच दिया है।

उन्होंने कहा कि 5जी एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है और इससे बेशुमार अवसर पैदा होने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के तेजी से विकसित होते भारत के लिए आज का दिन बहुत खास है। आज 130 करोड़ भारतीयों को देश से और देश के टेलीकॉम क्षेत्र से 5जी के रूप में शानदार तोहफा मिल रहा है। 5जी देश में एक नए युग के द्वार पर दस्तक है। यह अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। इसके लिए वह हर भारतीय को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि नया भारत केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं रहेगा, बल्कि उस प्रौद्योगिकी के विकास और कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका भी निभाएगा और इस क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करेगा। भारत भविष्य की वायरलेस तकनीक को डिजाइन करने और उससे संबंधित निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारत 2जी, 3जी और 4जी प्रौद्योगिकियों के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहा, लेकिन 5जी के साथ भारत ने एक नया इतिहास रच दिया है।

इसके साथ भारत पहली बार दूरसंचार प्रौद्योगिकी में एक वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का डिजिटल इंडिया का संकल्प चार स्तंभों- उपकरण की लागत, डिजिटल कनेक्टिविटी, डेटा लागत एवं डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित था। उन्होंने कहा कि इस नजरिए की (शेष पेज 4)

## 5जी कहां और कब होगी शुरू

**देश** की दूसरी बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु एवं वाराणसी समेत आठ शहरों में 5जी सेवाओं की पेशकश करनी शुरू कर दी है। वहीं देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो दीपावली तक चार मेट्रो शहरों में 5जी सेवा शुरू करेगी, जबकि वोडाफोन-आइडिया ने इसकी शुरुआत की अभी कोई समयसीमा नहीं दी है। मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस जियो की 5जी सेवाएं दिसंबर 2023 तक पूरे भारत (शेष पेज 4)

## 5जी से क्या होंगे बदलाव

**5जी** तकनीक आम लोगों की जिंदगी बदलने वाली है। इससे दिनचर्या के कामकाज में बहुत तेजी आने वाली है। यह कम से कम समय में निर्बाध कवरेज, उच्च डेटा दर और अत्यधिक विश्वसनीय संचार सेवा देगी। यह अरबों इंटरनेट उपकरणों को एक साथ जोड़ने के अलावा ऊर्जा, स्पेक्ट्रम और नेटवर्क दक्षता में वृद्धि करेगा। इंटरनेट काफी तेज गति से काम करेगा। इससे वीडियो की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी होगी। यह अन्य लोगों के (शेष पेज 4)

# ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में गिरी, 27 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** घाटमपुर, कानपुर देहात



घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराने पहुंची एंबुलेंस

**कानपुर** जिले के साढ़ थाना क्षेत्र में भदेउना गांव के निकट शनिवार को श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली के तालाब में गिर जाने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। बताया जाता है कि गांव कुर्था के पहलाद निषाद के ट्रैक्टर से एक परिवार के लोग उन्नाव के एक देवी मंदिर में मुंडन संस्कार के लिये गये थे। लौटते समय शाम को यह दुर्घटना हो गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्परता से राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं। मोदी ने ट्वीट किया, कानपुर के ट्रैक्टर ट्राली हादसे से बहुत दुख हुआ। इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि एक समारोह में शामिल होने के बाद लगभग 50 व्यक्तियों को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली घाटमपुर जा रही थी। इस बीच ट्रैक्टर-ट्राली के तालाब में गिरने से कथित तौर पर एक दर्जन से अधिक की डूबने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बड़ी संख्या में एंबुलेंस बुलाई और सभी पीड़ितों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जहां एक दर्जन से अधिक लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन को बचाव अभियान चलाने और पीड़ितों की हर संभव मदद सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी ने कहा, "दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## मृतक परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** में ट्रैक्टर ट्राली पलटने की दुःखद घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपए और गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सरकार के मंत्री राकेश सचान और अजीत पाल को मौके पर जाकर राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग सिर्फ कृषि कार्यों एवं माल ढुलाई के लिए ही करें। इससे सवारियों की ढुलाई कदापि न करें। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं।

## सप्तम कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत करना सर्वोच्च प्राथमिकता: रक्षामंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने आज यहां रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 275वें वार्षिक दिवस समारोह के दौरान इसकी कई डिजिटल पहलों की शुरुआत की। रक्षा मंत्रालय ने सिंह के हवाले से कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना शुरू से ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। साल 2022-23 में रक्षा मंत्रालय को कुल 5.25 लाख करोड़ का आवंटन उस अटूट संकल्प का प्रमाण है। डीएडी इस प्रयास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि डीएडी को त्वरित निर्णयों के माध्यम से सरकार के प्रयासों के लिए अपना समर्थन देना चाहिए, क्योंकि देरी से न केवल समय और धन की हानि होती है, बल्कि देश की युद्धगत तैयारी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री द्वारा शुरू की गई डिजिटल पहलों में पेंशन प्रशासन प्रणाली (रक्षा) (स्पर्श) मोबाइल ऐपअ अग्निवीरों के लिए भुगतान प्रणालीअ रक्षा यात्रा प्रणाली (डीटीएस) में अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकट बुकिंग मॉड्यूलअ रक्षा लेखा रसीद और भुगतान प्रणाली (दर्पण)अ रक्षा नागरिक वेतन प्रणाली और रक्षा लेखा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। इस अवसर पर, सिंह ने प्रमुख विभाग परियोजनाओं को लागू करने में अनुकरणीय पहल प्रदर्शित करने के लिए तीन टीम को उत्कृष्टता के लिए रक्षा मंत्री पुरस्कार 2022 भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान रक्षा सचिव अजय कुमार, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) रसिका चौबे, रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) अविनाश दीक्षित और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खड़गे-थरूर के बीच ही अंतिम मुकाबला

## कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव

- तीसरे उम्मीदवार त्रिपाठी का नामांकन खारिज, खड़गे ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से दिया इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच सीधा मुकाबला होगा। झारखंड के पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी का नामांकन पत्र शनिवार को खारिज कर दिया गया, जिससे वह रेस से बाहर हो गए। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है और उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन शाम पांच बजे जारी की जाएगी। इस बीच, खड़गे ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 20 फॉर्म मिले थे तथा उनमें से चार को खारिज कर दिया गया है, क्योंकि हस्ताक्षर में दोहराव था या इसका मिलान नहीं हो रहा था। खड़गे ने 14 फॉर्म भरे थे, जबकि थरूर ने पांच और त्रिपाठी ने एक फॉर्म भरा था। त्रिपाठी का फॉर्म खारिज कर दिया गया है, क्योंकि उनके एक प्रस्तावक के हस्ताक्षर का मिलान नहीं हुआ और एक अन्य प्रस्तावक के हस्ताक्षर में दोहराव था।

मिस्त्री ने हालांकि इस संबंध में बताने से इनकार कर दिया कि खारिज किए गए तीन अन्य फॉर्म किसने दाखिल किए थे। मिस्त्री ने कहा कि दो उम्मीदवारों खड़गे और थरूर में अब सीधा मुकाबला है। उन्होंने कहा कि आठ अक्टूबर तक फॉर्म वापस लेने के लिए सात दिन का समय है और इसके बाद तस्वीर साफ हो जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार नामांकन पत्र (शेष पेज 4)

## राजस्थान में कांग्रेस सरकार पांच साल पूरा करेगी: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गद्दी पर बने रहने का संकेत देते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य की मौजूदा सरकार अपने पांच साल पूरे करेगी और अगला बजट छात्रों और युवाओं को समर्पित होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस (सरकार गिराने के) भारतीय जनता पार्टी के मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। गहलोत ने बीकानेर में संवाददाताओं से कहा कि आगामी बजट छात्रों और युवाओं को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान के युवाओं, छात्रों और लोगों से उन्हें सीधे अपने सुझाव भेजने की अपील की, ताकि सरकार उनकी इच्छाओं के अनुरूप योजनाएं पेश कर सके।

# पाकिस्तान की तरह का आतंकवाद कोई देश नहीं फैलाता: जयशंकर

**भाषा।** वडोदरा



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि कोई दूसरा देश उस तरह का आतंकवाद नहीं फैलाता, जैसा पाकिस्तान करता है। उन्होंने यहां राइजिंग इंडिया एंड द वर्ल्ड: फॉरेन पॉलिसी इन मोदी एरा विषय पर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की कूटनीति ने अन्य देशों को आतंकवाद के मुद्दे को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया। जयशंकर ने कार्यक्रम के बाद दर्शकों के साथ बातचीत में कहा, कोई अन्य देश उस तरह से आतंकवाद का प्रसार नहीं करता, जैसा पाकिस्तान ने किया है।

आप मुझे दिखा दें कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ इतने सालों में जो किया है, क्या दुनिया के किसी अन्य हिस्से में हुआ है? 26।11 के मुंबई हमले के बाद, हमारे लिए यह स्पष्ट हो जाना महत्वपूर्ण है कि इस तरह का व्यवहार और कार्वाई अस्वीकार्य है और इसके परिणाम भुगतने ही होंगे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि भारत को आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) में विशेषज्ञ माना जाता है, जबकि पड़ोसी देश को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद में विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सफलतापूर्वक अन्य देशों को यह अहसास कराया कि अगर आतंकवाद पर अभी काबू नहीं पाया गया तो भविष्य में यह उन्हें भी नुकसान पहुंचा सकता है।

विदेश मंत्री ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में दुनिया को साथ जाने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पहले, अन्य देश इस मुद्दे को यह सोचकर नजरअंदाज कर देते थे कि इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह कहीं और हो रहा है। आज आतंकवाद का समर्थन करने (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,426 | |
| निफ्टी | 17,094 | |
| सोना | 50,722 | /10g |
| चांदी | 57,436 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सीआरपीएफ, आईटीबीपी के नए महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुजॉय लाल थाउसेन और अनीश दयाल सिंह को क्रमशः सीआरपीएफ और आईटीबीपी का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। एक सरकारी आदेश में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। मध्य प्रदेश कैडर के 1988 बैच के अधिकारी थाउसेन वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) के रूप में कार्यरत हैं और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। आईपीएस अधिकारी कुलदीप सिंह (1986 बैच) के सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्रवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के डीजी का पद रिक्त हो गया था। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के अधिकारी अनीश दयाल सिंह वर्तमान में खुफिया ब्यूरो में विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

# बृजलाल खाबरी बने उप्र कांग्रेस अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** आलाकमान ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी को सौंप दी है। अजय कुमार लल्लू के इस्तीफे के बाद से खाली चल रह प्रदेश अध्यक्ष पद पर खाबरी की ताजपोशी की गई है। वहीं जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए कांगेस ने खाबरी के साथ ही आधा दर्जन प्रांतीय अध्यक्ष भी बनाए हैं। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक अजय राय, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अनिल यादव (इटावा), योगेश दीक्षित को प्रांतीय अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस ने एक तरफ बृजलाल खाबरी को अध्यक्ष बनाकर दलित समाज को मैसेज दिया है। वहीं, प्रांतीय अध्यक्षों में दो ब्राह्मण, एक मुस्लिम, एक भूमिहार और पिछड़ी जाति से दो प्रांतीय अध्यक्ष बनाए हैं। बताया जा रहा है कि घोषित पदाधिकारियों को जातीय आधार पर कार्यक्षेत्र दिए जाएंगे। (पेज 2 भी देखें)

# रूस के अवैध जनमत संग्रह पर संरा में लाए प्रस्ताव पर भारत ने बनाई दूरी

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका एवं अल्बानिया द्वारा पेश किए गए उस मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस के अवैध जनमत संग्रह और यूक्रेनी क्षेत्रों पर उसके कब्जे की निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में मांग की गई थी कि रूस यूक्रेन से अपने बलों को तत्काल वापस बुलाए। परिषद के 15 देशों को इस प्रस्ताव पर मतदान करना था, लेकिन रूस ने इसके खिलाफ वीटो का इस्तेमाल किया, जिसके कारण प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

इस प्रस्ताव के समर्थन में 10 देशों ने मतदान किया और चार देश चीन, गाबोन, भारत तथा ब्राजील मतदान में शामिल नहीं हुए। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जोपोरिज्जिया क्षेत्रों पर कब्जा जमाने की शुक्रवार को घोषणा की थी। मतदान के बाद परिषद को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम से भारत बहुत चिंतित है और उसने हमेशा इस बात की वकालत की है कि मानव जीवन की कीमत पर कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता। उन्होंने मतदान से दूर रहने पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा, हम अनुरोध करते हैं कि संबंधित पक्ष तत्काल हिंसा और शत्रुता को खत्म करने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

मतभेदों तथा विवादों को हल करने का इकलौता जवाब संवाद है, हालांकि इस समय यह कठिन लग सकता है। भारत ने कहा, शांति के मार्ग पर हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने की आवश्यकता है। कंबोज ने (शेष पेज 4)

# इंदौर लगातार छठी बार सबसे स्वच्छ शहर घोषित

- एक लाख से अधिक आबादी वाले शीर्ष 10 शहर हैं- इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, जीवीएम विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली और अंबिकापुर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। साथ में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**केंद्र** के वार्षिक सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार छठी बार सबसे स्वच्छ शहर चुना गया, जबकि सूरत और नवी मुंबई ने क्रमशः दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल किया। सर्वेक्षण के परिणामों की घोषणा शनिवार को की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2022 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में मध्य प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है, इसके बाद छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र का स्थान है। पिछले साल छत्तीसगढ़ को पहला स्थान मिला था। त्रिपुरा 100 से कम शहरी स्थानीय निकायों वाले राज्य की श्रेणी में पहले स्थान पर है, इसके बाद झारखंड और उत्तराखंड हैं। इंदौर और सूरत ने इस साल बड़े शहरों की श्रेणी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि विजयवाड़ा ने अपना तीसरा स्थान गंवा दिया और यह स्थान नवी मुंबई को मिला।

एक लाख से अधिक आबादी वाले शीर्ष 10 शहर हैं: इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, जीवीएम विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली और अंबिकापुर। इस खंड के 100 शहरों की सूची में आगरा सबसे नीचे है। एक लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश का गाडरवारा सबसे नीचे रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी (शेष पेज 4)


## जब मालिक मेहरबान तो......

देखा जाए तो यह तो होना ही था। आखिर मुखिया जो मेहरबान हैं। वैसे नाम के आधार पर देखा जाए तो ताजपोशी ठीक हुई क्योंकि इनका नाम जो ठहरा नरेश है। परिणाम भले ही उत्तम न आए होए लेकिन नाम के साथ उत्तम जुड़ा है तो सम्मान होगा ही। यदि इन महोदय का अब तक का रिजल्ट देखा जाए तो सब शून्य है। इनके चलते पूरे समाजवादी कुनबे को मिली है तो केवल हार। एक बार नही बल्कि दो से तीन बार। फिर भी समाजवादियों का कलेजा देखिए। चारों खाने चित होने के बाद भी महोदय को पूरा सम्मान दिया जा रहा है। सम्मान ही नहीं ताजपोशी तक कर दी गई है। जिस समय इन महोदय की ताजपोशी की जा रही थी उस दौरान वहां मौजूद लोगों ने मुंह नाक तो सिकोड़े लेकिन कर कुछ न पाए क्योंकि ताजपोशी करने वाला मुखिया धृतराष्ट्र की भूमिका निभाने को तैयार जो है।



## बुलडोजरवाली झांकी

प्रदेश में भगवा सरकार के बाबा का बुलडोजर लगातार धूम मचाए हुए है। अपराधियों के लिए दहशत का पर्याय बन चुका यह बुलडोजर अब नए रूप में सामने आया है। इस समय शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं और चारों ओर दुर्गा पूजा, देवी जागरण और पूजा पंडालों की धूम है। जगह-जगह पूजा पंडाल सुशोभित हो रहे हैं। राजधानी में भी एक ऐसा पूजा पंडाल लगाया गया है लेकिन इसकी विशेषता यह है कि इसमें मां दुर्गा की प्रतिमा के पास बुलडोजर का भी चित्र लगाया गया है। इस चित्र पर 'बुलडोजरास्त्र' लिखकर दर्शाया गया है कि यह महिषासुर मर्दिनी का नया अस्त्र है जिसके माध्यम से वह कलियुगी राक्षसों का दमन करेंगी। आयोजकों ने संदेश देने का प्रयास किया है कि यह बुलडोजर आसुरी शक्तियों और राक्षसों के दमन का प्रतीक है। इसे देखने के लिए खूब भीड़ भी जुट रही है। लोगों का तर्क है कि भगवा सरकार के बाबा इससे माफिया और अपराधियों की सम्पत्ति ध्वस्त कराने के साथ ही अवैध निर्माण को ढहा रहे हैं तो सही मायने में यह अपने आप में अन्याय पर न्याय की जीत का ही प्रतीक तो है।




## चित भी मेरी पट भी मेरी

कभी तारीफ तो कभी कोसने वाली बहन जी का दोमुंहा रवैया अब लोगों को समझ नही आ रहा है। ऐसा नहीं है कि यह हालत सिर्फ डबल इंजन के साथ ही है। पिछले दिनों तो बहन जी ने जहां एक तरफ भतीजे के समर्थन में बोला तो उसी बोल में भतीजे की पार्टी को कोसने में कोई कोर कसर नहीं रखी। कहने का मतलब चित भी मेरी पट भी मेरी। अब उन्हें कौन समझाए कि विचारों को ट्रेंड करने से हालात नहीं बदलते। हालात बदलने के लिए अस्तित्व को बचाये रखना जरूरी है। अब बात अस्तित्व की करें तो कितना बचा है यह जगजाहिर है। चौथी बार सत्ता संभालने वाली पार्टी के पास इस समय बस एक नुमाइंदा बचा है। बात अगर लोकसभा की करें तो गठबंधन में कुछ सीटें क्या आ गईं अगले चुनाव के लिए पार्टी के नेता तीसरे मोर्चे का लीडर बनाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि इस मांग का कोई औचित्य नही है। लेकिन देर सबेर तीसरा मोर्चा भी निशाने पर आने वाला है। यह तो तय है। बहन जी यहां भी चित और पट वाली चिर परिचित शैली में अपने विचार ट्रेंड करेंगी। बस समय का इंतजार है।



## यह इवेंट नहीं है आसां.......

प्रदेश में सरकार अगले साल बड़े निवेश को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। अभी तक यूपी में जितने भी कार्यक्रम आयोजित हुए हैं उन सब में एक साहब की बड़ी भूमिका रही है। उनको इवेंट मैनेजमेंट के लिए भी जाना जाता है क्योंकि उनके संपर्क भारतवर्ष के अलावा अन्य तमाम देशों में भी हैं। उनको किसी भी बड़े कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय भी दिया जाता रहा है लेकिन इस समय दूसरी लॉबी ने उनके साथ खेल कर दिया है और अब वह खिलाड़ियों के बीच प्रदेश में नए स्टेडियम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। बीते दिनों सूबे के मुखिया ने इस बड़े कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक की। अधिकारियों ने बैठक में कई बड़े.बड़े दावे तो कर दिए लेकिन अब उन बातों को जमीनी हकीकत में कैसे बदला जाए वहां मौजूद एक अधिकारी ने पूर्व के कार्यक्रमों का हवाला दिया और कहा कि जिन लोगों को पहले इन आयोजनों में सरकार ने लगाया था उनकी भी मदद ली जानी चाहिए। इसके बाद बैठक में मौजूद अधिकारियों की बोलती बंद हो गई। प्रदेश के मुखिया ने कहा कि जरूरत पड़ने पर उन अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाएगा। मजेदार बात यह है कि अब कई इवेंट कंपनियों ने चुप्पी साध ली है क्योंकि उनको मालूम है कि कार्यक्रम के आयोजन में उन्हें मन मांगी रकम नहीं मिल पाएगी। अब मौजूदा अधिकारी पिछले आयोजनों से ग्रांड आयोजन कराने की तैयारी में लग गए हैं लेकिन राह आसान नहीं है।

## डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट चुभने वाला संवेदनशील मुद्दाः मायावती



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर पड़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने भारतीय रुपए में लगातार गिरावट को चुभने वाला संवेदनशील मुद्दा बताया है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में उद्योगपतियों की भूमिका पर सवाल भी उठाया है। मायावती ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि सरकारी कृपादृष्टि के कारण भारत के उद्योगपतियों की निजी पूंजी में अभूतपूर्व वृद्धि होने से अब विश्व के धन्नासेठों में उनकी गिनती हो रही है लेकिन देश में करीब 130 करोड़ गरीब और निम्न आय परिवारों के जीवन में थोड़ा भी सुधार नहीं होना अति-चिन्ता की बात है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार इस खाई को कैसे पाटेगी? एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि भारतीय रुपए के मूल्य में अनवरत गिरावट चुभने वाला संवेदनशील मुद्दा है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी लगातार कमी की खबरें अब लोगों को विचलित करने लगी हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में यहां के उद्योगपतियों और धन्नासेठों की भूमिका क्या है? देश यह जानने को इच्छुक है।

# किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी मिलावट खोरीः मुख्यमंत्री

● प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत खान-पान के वस्तुओं की शुद्धता के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधोमानक, नकली, मिलावटी अथवा प्रतिबंधित दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार सभी 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए सुरक्षित व स्वास्थ्यप्रद खाद्य एवं औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। प्रदेश में अधोमानक, नकली, मिलावटी अथवा प्रतिबंधित दवाओं का निर्माण, बिक्री और वितरण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखें। मिलावटखोरी आम जन के जीवन से खिलवाड़ है। किसी भी सूरत में मिलावटखोरी को सहन नहीं किया जाएगा। पर्व-त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री की हर शिकायत पर तत्काल कार्यवाही हो। मिशन रूप में प्रदेशव्यापी निरीक्षण किया जाना चाहिए। मिलावटखोरों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि विगत दिनों 7 मंडल मुख्यालयों पर सचल खाद्य जांच प्रयोगशालाओं का संचालन प्रारंभ हो गया है। मेरठ, गोरखपुर और आगरा में दवाओं के नमूनों का विश्लेषण करने की सुविधा भी शुरू हो गई है। जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी तैनात करते हुए इन कार्यों की दैनिक मॉनीटरिंग की जाए। यह व्यापक जनहित से जुड़ीं महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। इसमें अनावश्यक देरी होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में खाद्य प्रयोगशालाओं की विश्लेषण क्षमता 30000 खाद्य नमूने प्रति वर्ष की है। प्रयोगशालाओं की संख्या और क्षमता बढ़ाते हुए इसे 1 लाख से अधिक नमूने की क्षमता तक बढ़ाया जाए। इसी प्रकार औषधि प्रयोगशालाओं की विश्लेषण क्षमता जो कि अभी 10000 औषधि नमूने प्रति वर्ष है उसे 50 हजार तक बढ़ाने की कार्यवाही करें। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रयासों के क्रम में ड्रग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और सरल किया जाना आवश्यक है। आवेदन के बाद लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया एक तय समय-सीमा के भीतर पूरी होनी चाहिए। आवेदक को परेशान न होना पड़े। इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाए। औषधि नियंत्रक के पद पर योग्य अधिकारी का चयन करते हुए पूर्णकालिक तैनाती की जाए। राज्य प्रयोगशालाओं की क्षमता वृद्धि के लिए केन्द्रीय प्रयोगशालाओं संस्थानों का सहयोग लिया जाना उचित होगा। प्रदेश के सभी मंडलों में खाद्य प्रयोगशालाओं का प्रमाणीकरण कराएं।

## सीएम योगी ने गांधी व शास्त्री जयंती पर दी बधाई व शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने वे पहले थे। इन्हें अपनाने से पूरे विश्व में शान्ति और सद्भाव स्थापित होगा, जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। उनकी शिक्षा का अनुसरण ही गांधी जी के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य और अहिंसा के माध्यम से महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विश्व के इतिहास में विलक्षण है। गांधी जी ने अपना पूरा जीवन देश और मानव सेवा में व्यतीत किया। चरखे, खादी और स्वदेशी के माध्यम से उन्होंने स्वावलम्बन और श्रम की गरिमा को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि साफ सफाई ईश्वर की आराधना के समान है। इसलिए उन्होंने लोगों को स्वच्छता अपनाने की शिक्षा दी। वर्तमान सरकार गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सम्पूर्ण प्रदेश में स्वच्छता के व्यापक प्रसार में उल्लेखनीय सफलता मिली है। अपने दूसरे संदेश में मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर उनका आदरपूर्वक स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई। शास्त्री जी ने देश को यशस्वी नेतृत्व भी प्रदान किया। इसलिए देश उनका पुनः-पुनः स्मरण करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी सादगी की प्रतिमूर्ति थे। गांधी जी के स्वदेशी व स्वावलम्बन के विचारों के वे वास्तविक नेता थे। उनके यशस्वी नेतृत्व में देश खाद्यान्न संकट से उबरा और वर्ष 1965 के युद्ध में भारत ने अपने शौर्य और पराक्रम का लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के लिए कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सीबीसीआईडी के एडीजी व एसपी पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई समीक्षा के अगले ही दिन सीबीसीआईडी के एडीजी और एसपी पर गाज गिर गई है। दोनों अधिकारियों को सीबीसीआई से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बीते शुक्रवार की देर शाम अपने सरकारी आवास पर सीबीसीआईडी, एसीओ और अग्निशमन विभाग के कार्यों की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने सीबीसीआईडी के कुछ अफसरों की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर किया था। जिसके बाद शनिवार को सीबीसीआईडी के एडीजी एलबी एंटनी देवकुमार और एसपी अजय कुमार को हटा दिया। एंटनी को नवगठित एसएसएफ का एडीजी और कुमार को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक बनाया गया है। वहीं इसके अलावा दो पीपीएस अधिकारियों के भी तबादले दिए गए हैं। इनमें अपर पुलिस अधीक्षक डीजीपी मुख्यालय अभय नाथ त्रिपाठी को अपर पुलिस आयुक्त नगर वाराणसी और अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर राजेश कुमार तृतीय को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

## गांधी जयंती समारोह मनाने के लिए मुख्य सचिव ने जारी किए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती समारोह मनाए जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होनें कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में गरिमामय ढंग से मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 2 अक्टूबर को 153वें गांधी जयन्ती समारोह का सम्मानपूर्वक आयोजन किया जाये। इस अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों को रूपरेखा के अनुसार एवं स्थानीय आवयश्कताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवहारिक स्तर पर इसमें यथोचित परिवर्तन, संशोधन किया जा सकता है और ऐसे अन्य कार्यक्रम भी सम्मिलित किए जा सकते हैं, जो इस अवसर पर उपयुक्त हों। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये। सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 9 बजे महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाए। विशेष रूप से निर्बल एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांत, स्वदेशी, खादी, स्वावलंबन, सादगी एवं स्वच्छता के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जाये। खादी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर खादी के वस्त्रों के प्रयोग के लिए जनमानस को प्रेरित किया जाए।

## विधानसभा अध्यक्ष ने गांधी व शास्त्री को किया नमन

**लखनऊ।** उप्र विधान सभा अध्यक्ष विधान सभा सतीश महाना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर उन्हें याद करते हुये नमन किया है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शास्त्री आज भी विश्व में उन लाखों-करोड़ों लोगों के लिए आशा की एक किरण हैं जो समानता, सम्मान, समावेश और सशक्तीकरण से भरपूर जीवन जीना चाहते हैं। विरले ही लोग ऐसे होंगे जिन्होंने मानव समाज पर इनके जैसा गहरा प्रभाव छोड़ा हो। महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री ने भारत को सही अर्थों में सिद्धांत और व्यवहार से जोड़ा था। बापू एवं शास्त्री का समानता और समावेशी विकास का सिद्धांत आखिरी पायदान पर रह रहे लाखों लोगों के लिए समृद्धि के एक नए युग का सूत्रपात कर सकता है।

## गांधी के रास्ते पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गांधी जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें ग्राम स्वराज की कल्पना थी, अंत्योदय पर बल था, सामाजिक सद्भाव था और श्रमशक्ति का सम्मान था। उनके रास्ते पर चलकर ही देश प्रगति कर सकता है। गांधी जी का मानना था कि सिर्फ केन्द्र में बैठकर दस बीस लोग लोकतंत्र को नहीं चला सकते हैं जब तक लोकतंत्र की प्रक्रिया में पूरा देश शामिल न हो। अखिलेश यादव ने कहा कि गांधी ने मानव कल्याण के लिए सत्य, अहिंसा का संदेश दिया था। उन्होंने सत्याग्रह का अनूठा अमोघ अस्त्र दिया जिसने देश को अंग्रेजी साम्राज्य से मुक्ति दिलाई। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। अखिलेश यादव ने गांधी जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए सत्य अहिंसा और त्याग के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा है।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैं अपने पुत्र बालकृष्ण शर्मा, पुत्रवधू श्रीमती किरन शर्मा व जय कृष्ण शर्मा, पुत्रवधू श्रीमती संगीता शर्मा को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। राजाराम शर्मा निवासी-314/53 मिर्जा मण्डी चौक लखनऊ

### NOTICE

I, No. JC-635796X, Nb/Sub Biren Limboo, unit 11 GRRC, C/o 56 APO hereby declare that in my service record (part II order) my son's Ayush Limboo date of birth inadvertently mentioned as 25.09.2010 while his correct date of birth is 25.08.2010 hence from today my son's DOB shall be considered as 25.08.2010 in the part II order of my son.

### सूचना

मैं नथुन सिंह पुत्र स्वर्गीय बसगित सिंह, निवास एफ14/ए, सैनिक हाउसिंग सोसाइटी तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ, मो. 9889700918, सत्यनिष्ठा से पुष्टि करता हूं की मेरी पत्नी का सही नाम 'इंद्रा मोती देवी' है और उनकी जन्म तिथि 15 मई 1961 है, लेकिन गलती से उनका नाम इंद्रा मती देवी और जन्म तिथि 27 जून 1958 मेरे सरकारी पेंशन दस्तावेज (पीपीओ नंबर.एस/017939/96 सेना) में दर्ज हो गया है। अतः उनका सही नाम और जन्म तिथी मेरे अधिकारिक दस्तावेजों में उपरोक्त के अनुसार सही करके अंकित किया जाए।

## कांग्रेस ने बृजलाल खाबरी को सौंपी यूपी की कमान

● छह प्रांतीय अध्यक्ष भी बनाए गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** आलाकमान ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी को सौंप दी है। अजय कुमार लल्लू के इस्तीफे के बाद से खाली चल रह प्रदेश अध्यक्ष पद पर खाबरी की ताजपोशी की गई है। वहीं जातिय और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए कांगेस ने खाबरी के साथ ही आधा दर्जन प्रांतीय अध्यक्ष भी बनाए हैं। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक अजय राय, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, अनिल यादव (इटावा), योगेश दीक्षित को प्रांतीय अध्यक्ष बनाया गया है।


कांग्रेस ने एक तरफ बृजलाल खाबरी को अध्यक्ष बनाकर दलित समाज को मैसेज दिया है। वहीं, प्रांतीय अध्यक्षों में दो ब्राह्मण, एक मुस्लिम, एक भूमिहार और पिछड़ी जाति से दो प्रांतीय अध्यक्ष बनाए हैं। बताया जा रहा है कि घोषित पदाधिकारियों को जातीय आधार पर कार्यक्षेत्र दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में निराशाजनक परिणाम आने के बाद अजय कुमार लल्लू ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था, करीब छह महीने के इंतजार के बाद कांग्रेस हाईकामन ने नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा करते हुए बृजलाल खाबरी को यूपी की बड़ी जिम्मेदारी दी है। बृजलाल खाबरी ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत बसपा से की थी। कुछ ही समय में उनकी गिनती बुंदेलखंड बसपा के कद्दावर नेताओं में होने लगी। वह 1999 में जालौन, गरौठा सीट से जीत हासिल कर लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। बसपा के टिकट पर ही वह 2004 का भी चुनाव लड़े पर हार गए। 2008 में वह बसपा से राज्यसभा सदस्य बनें। 2014 के चुनाव में भी उन्हें हार मिली। 2016 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में वह ललितपुर की महरौनी सीट से चुनाव लड़े पर हार गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह जालौन, गरौठा सीट से चुनाव लड़े। 2022 के विधानसभा चुनाव में महरौनी से विधानसभा चुनाव लड़े दोनों ही बार उन्हें हार मिली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने की घोषणा पर बृजलाल खाबरी ने कहा कि मैं इस भूमिका के लिए तैयार हूं।

कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलती है। हम धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करते। दलित प्रदेश अध्यक्ष होने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने आज की जरूरत को ध्यान में रखकर निर्णय लिया है। प्रदेश में कांग्रेस को लेकर चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक हालात बदलते रहते हैं। पहले हम सत्ता में थे। अब नहीं हैं। ये लड़ाई देश और संविधान बचाने की है और हम सभी को साथ लेकर चलेंगे।

## प्रदेश में एक दिन में रिकार्ड 28 हजार टीबी मरीज लिए गए गोद

● सर्वाधिक 10834 टीबी मरीजों को मिला प्रमुख जनप्रतिनिधियों का संग

### लखनऊ में सर्वाधिक 7827 मरीजों को लिया गया गोद




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को पूरे प्रदेश में टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए मेगा अभियान चलाया गया। इसके तहत एक दिन में प्रदेश में रिकार्ड 27942 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। मेगा अभियान में सर्वाधिक 7827 टीबी मरीज लखनऊ में गोद लिए गए। दूसरे स्थान पर अलीगढ़ रहा जहां 1872 मरीजों को गोद लिया गया। इनमें सर्वाधिक 10834 टीबी मरीज प्रमुख जनप्रतिनिधियों, मंत्री, सांसद, विधायक, मेयर व अन्यद्ध द्वारा गोद लिए गए।

राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को मेगा अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, विभिन्न संगठनों और संस्थाओं द्वारा अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री प्रदान करने के साथ ही भावनात्मक सहयोग भी प्रदान करना है। इसी के तहत एक दिन के मेगा अभियान में प्रदेश में विभिन्न संगठनों ने 5372, स्वयंसेवी संस्थाओं ने 2582, विभिन्न इंस्टीटयूट ने 3566 और अलग-अलग व्यक्तियों ने 4061 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें हर माह पोषाहार मुहैया कराते हुए जल्दी से जल्दी बीमारी से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने वर्ष 2019 में सबसे पहले टीबी ग्रसित बच्चों को गोद लेने की मुहिम शुरू की थी। इस मुहिम की सफलता के बाद इस साल विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च से टीबी ग्रसित वयस्क पुरुष व महिलाओं को भी गोद लेकर उनको पोषण पोटली प्रदान की जा रही है ताकि इलाज के साथ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे और वह जल्द से जल्द टीबी को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ बन सकें। गोद लिए जाने वाले टीबी मरीजों को हर माह पोषक खाद्य पदार्थ भुना चना, मूंगफली, गुड़, सत्तू, गजक आदि मुहैया कराया जाता है। इसके अलावा नियमित रूप से दवा सेवन को भी सुनिश्चित कराया जाता है क्योंकि बीच में दवा छोड़ना बीमारी को गंभीर बना सकता है। इन मरीजों को भी इलाज के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह 500 रुपये बैंक खाते में दिए जाते हैं। ज्ञात हो कि दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी एवं बुखार आनाए वजन में कमी होना, भूख न लगना, बलगम से खून आना, सीने में दर्द एवं छाती के एक्स-रे में असामान्यता क्षय रोग के प्रमुख लक्षण हैं। क्षय रोग पूरी तरह से साध्य रोग है, जिसका पूरा कोर्स करने से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ हो जाता है। क्षय रोग जाँच एवं उपचार की सेवाएं प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# तत्काल रोके जाएं अवैध निर्माण: कमिश्नर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मण्डलायुक्त** डा रोशन जैकब की अध्यक्षता में तहसील बक्शी का तालाब में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सम्बधित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध निर्माण को तत्काल रोका जायेए वास्तविक न्याय जनता को मिले। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पुलिस महानिरीक्षक लक्ष्मी सिंह, एडीएम हिमांशू गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बुजुर्ग की फरियाद सुनकर भावुक हुए डीएम, दिलाया साल भर का राशन

सम्पूर्ण समाधान दिवस

● जनशिकायतों को लेकर एक्शन में नजर आए डीएम सूर्यपाल गंगवार, फरियादियों को दिलाया न्याय



संवादादाता। मोहनलालगंज

**राशन** नहीं मिलने से भुखमरी झेल रही गौरियाखुर्द गांव की 90 वर्षीया सरजूदेई डीएम सूर्यपाल गंगवार को फरियाद सुनाते हुए फफक कर रो पड़ी। सीडीओ रिया केजरीवाल ने फौरन बोतल देकर बुजुर्ग को पानी पिलाया। बुजुर्ग की आंखों में आंसू देखकर डीएम भी भावुक हो गए। उन्होंने फौरन तहसीलदार आनन्द तिवारी और सप्लाई इंस्पेक्टर सुयश कृष्ण को बुजुर्ग का राशनकार्ड बनवाने और साल भर के लिए पर्याप्त खाद्यान्न दिलाने के निर्देश दिए। जिसके बाद तकरीबन पांच कुन्तल खाद्यान्न के साथ बुजुर्ग सरजूदेई को सरकारी गाड़ी से उनके घर भेजा गया। इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने पहुंचे अयोध्या खेड़ा निवासी राममिलन डीएम के सामने पहुंचते ही फफक पड़े। राममिलन ने बताया पैर फ्रैक्चर होने से वह बिस्तर पर पड़े हैं और परिवार तंगी झेल रहा है। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने फौरन एसीएमओ आरवी सिंह को इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश दिए। निगोहां की सुन्दरी ने डीएम को बताया उनके मानसिक मंदित और दिव्यांग पति कई साल से लापता हैं। पांच बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है।

गांव का ही एक शख्स उनकी जमीन पर कब्जा कर रहा है। विरोध पर बंदूक दिखाकर धमकाता है पुलिस भी नहीं सुन रही। डीएम ने तहसीलदार और निगोहां इंस्पेक्टर को मामले में अवैध कब्जा खाली कराने और आरोपी का शस्त्र लाइसेन्स निरस्त कराने के निर्देश दिए। मंगटइया निवासी गुड्डू पासवान ने डीएम से झोलाछाप डाक्टर की शिकायत की। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने फौरन स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर झोलाछाप का क्लीनिक बन्द करा दिया।

### अवैध कब्जे व फर्जी निस्तारण पर डीएम ने फटकारा

मोहनलालगंज पहुंचे डीएम सूर्यपाल गंगवार से उतरावां और शेरपुर लवल के ग्रामीणों ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। डीएम ने मातहतों को फटकार लगाकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कुरौली गांव के भगवती प्रसाद ने चकमार्ग की शिकायत के फर्जी निस्तारण का आरोप लगाया। भीलमपुर में पशुचर भूमि से पेड़ कटवाने की शिकायत पर भी डीएम बेहद खफा हुए। डीएम ने दोनों मामलों की जांच एसडीएम को सौंपकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### फर्नीचर मिले नहीं, चटाई पर बैठ रहे बच्चे

मोहनलालगंज के प्राइमरी स्कूल भसण्डा खरेहना और धनवारा में फर्नीचर नहीं मिल सके हैं। लिहाजा बच्चे चटाई पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। ग्राम प्रधान ललित शुक्ल की शिकायत पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह को जल्द से जल्द फर्नीचर का इंतजाम कराने के निर्देश दिए।

### समस्या से मिली निजात डीएम का जताया आभार

डीएम की सख्ती के बाद मोहनलालगंज की अतरौली.कुबहरा रोड का निर्माण कार्य चल रहे होने को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने डीएम सूर्यपाल गंगवार को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका आभार जताया। डीएम ने जन समस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिया।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या, पति मौके से फरार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● हिमसिटी कालोनी में कमरे से मिला शव, पति की तलाश में टीमें रवाना

**चिनहट** इलाके के देवा रोड स्थित हिमसिटी पार्ट टू में शनिवार को एक नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर चिनहट तेज बहादुर सिंह के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से बस्ती जिले के कोतवाली नगर स्थित कठुआ भरतपुर निवासी कृष्णा यादव की शादी दो साल पहले यानी वर्ष 2020 में 22 वर्षीय आशा देवी के साथ हुई थी। दोनों ने प्रेम विवाह किया था और चिनहट क्षेत्र के देवा रोड स्थित हिमसिटी पार्ट टू में रहने वाले सिद्धार्थ सिंह के मकान में किराए रहते थे।

बताया जा रहा है कि कृष्णा यादव ठेलिया लगाकर नॉन वेज बेचता हैए लेकिन वह इस समय बेरोजगार होकर घर में रहता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कृष्णा और आशा के बीच अक्सर लड़ाई होती रहती थी। बताया जा रहा है कि रोज की तरह शनिवार को भी कृष्णा व आशा में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके कुछ देर बाद कृष्णा घर से लापता हो गया। मकान मालिक सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आवाज लगाई तो जवाब न मिलने पर सीसीटीवी कैमरे से देखा गया तो आशा बेड पर मृत पड़ी है। यह माजरा देख इसकी सूचना 108 को दी और राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक कृष्णा यादव की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद कृष्णा की भूमिका संदिग्ध है। लिहाजा पकड़े जाने पर ही साफ होगा कि मौत कैसे हुई है। इंस्पेक्टर चिनहट तेज बहादुर सिंह के मुताबिक आशा देवी के घरवालों को सूचना दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कारपेंटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर इलाके में किराये पर रह रहे एक कारपेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उन्नाव निवासी कालीचरन ने बिजनौर पुलिस को सूचना दिया कि वह अपने भाई राम सनेही 21 के साथ किराये के मकान में रहता है। सुबह जब वह सोकर उठा तो देखा कि उसके भाई ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक कारपेंटर का काम करता था और वह अविवाहित था।

### दो दिन पहले लापता हुए युवक का शव गोमतीनदी से बरामद

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज स्थित गोमती नदी से एक युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि मृतक दो दिन पहले घर से निकला था जिसकी गुमशुदगी दर्ज है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जा रहा है कि मृतक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। जानकारी के अनुसार हजरतगंज पुलिस ने बताया कि सिंचाई विभाग कालोनी बालू अड्डा निवासी विष्णू भूसाल ने सूचना दिया कि उनका भाई मिलन बहादुर दो दिन पहले लापता हो गया था जिसका शव शनिवार को गोमतीनदी में उतराता हुआ मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर किनलवा कर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घर में घुसे चोरों ने उड़ाए सोने के जेवरात

**लखनऊ।** राजधानी में शातिर चोरों को आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन यह शातिर चोर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं और पुलिस महज खाना पूर्ति करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच का हवाला देती है। ताजा मामला कैंट इलाके का है जहां चोरों ने एक मकान में घुसकर शादी के लिए रखे जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नीलमथा कैंट निवासी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि शनिवार की दोपहर दो बजे के करीब उनके मकान में घुसे अज्ञात चोरों ने मकान में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर जेवरात व दस हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये और मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दवा लेने जा रही बुजुर्ग के जेवरात उड़ा ले गए टप्पेबाज

**लखनऊ।** राजधानी के गुडम्बा इलाके में एक महिला के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना का खुलासा भी नहीं हुआ था कि शनिवार की सुबह मेडिकल कालेज दवा लेने जा रही एक बुजुर्ग महिला से टप्पेबाज ने सोने के जेवरात उतरवा लिए और कागज की पुड़िया देकर अज्ञात युवक की बाइक पर बैठकर शातिर फरार हो गया। पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोडियन पुरवा मोहन मेकिग रोड डालीगंज हसनगंज निवासी पूर्णिमा कश्यप ने हसनगंज पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह वह मेडिकल कालेज दवा लेने के लिए जा रही थी तभी एक युवक उनके पीछे लग गया और बोला कि माता जी जेवरात उतारकर रख लीजिए। वह उनके झांसे में आ गयी और एक सोने की चेन कान के टप्स एक अंगूठी शातिर द्वारा दिए गये कागज में लपेट लिए। इस दौरान वह युवक कुछ दूरी पर खड़े बाइक सवार के साथ बैठकर फरार हो गया।

### चाकू से वार कर युवक को किया जख्मी

**मोहनलालगंज।** कस्बे में शनिवार शाम ठेले पर फ्राइड राइस लेने गए युवक पर दबंग ने चाकू से वार कर जख्मी कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। मोहनलालगंज कस्बा निवासी सौरभ श्रीवास्तव शनिवार की शाम ठेले पर फ्राइड राइस लेने गए थे। आरोप है तभी वहां मौजूद एक शख्स ने ठेले पर रखे चाकू से उस पर वार कर दिया। जख्मी हालत में कोतवाली पहुंचे सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस से शिकायत की है। जख्मी सौरभ को सीएचसी में भर्ती कराकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल व धीरज की जमानत अर्जी खारिज

यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीबीआई** के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला मामले में निरुद्ध डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन व धीरज वधावन की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमों के खिलाफतय मियाद में ही आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लिहाजा इस आधार पर अर्जी स्वीकार करने योग्य नहीं है।

विशेष अदालत के समक्ष मुल्जिमों की ओर से जमानत अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि सीबीआई ने तय समय में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है। लिहाजा कानूनी प्राविधानों के मुताबिक मुल्जिमों की जमानत अर्जी मंजूर की जाए। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से इस अर्जी पर आपत्ति दाखिल की गई। बताया गया कि मुल्जिमों की न्यायिक हिरासत की अवधि से 90 दिन की निर्धारित अवधि से पूर्व ही आरोप पत्र दाखिल किया गया है। 19 सितंबर 2022 को विशेष अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान लिया था। उस रोज यह दोनों मुल्जिम तिहाड़ जेल से जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए थे। बीते 26 मई को इन दोनों मुल्जिमों को इस मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। सीबीआई की विशेष अदालत में इन्हें नवी मुंबई की तलोजा जेल से पेश किया गया था।

### ये था मामला

**दो** नवंबर 2019 को इस मामले की एफआईआर वर्तमान सचिव ट्रस्ट आईएम कौशल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना ईओडब्ल्यू कर रही थी। उसने इस मामले में यूपीपीसीएल के तत्कालीन आला अधिकारियों समेत 17 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया था। पांच मार्च 2020 को इस मामले की विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई।

विवेचना के पश्चात सीबीआई ने वधावन बंधु व इनकी कम्पनी डीएचएफएल के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी सपठित धारा 420, 409, 467, 468, 471 व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया। जिसके मुताबिक मुल्जिमों ने डीएचएफएल का कुटरचित बैलेंस सीट व वित्तीय स्टेटमेंट दाखिल कर ट्रिपल-ए की रेटिंग प्राप्त की। फिर इस मामले के अन्य मुल्जिमों के साथ आपराधिक षडयंत्र के तहत नियम विरुद्ध यूपीपीसीएल के कुल 42 हजार कर्मचारियों का सीपीएफ व जीपीएफ का रकम अपनी कम्पनी में निवेश कराया। 17 मार्चए 2017 से 17 दिसंबर 2018 के मध्य कुल चार हजार 122 करोड़ 70 लाख का निवेश कराते हुए लाभ प्राप्त किया। इससे यूपीपीसीएल को दो हजार 267 करोड़ 90 लाख की आर्थिक क्षति भी हुई।

## दारोगा व सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

विधि सवांददाता। लखनऊ

**सीजेएम** रवि कुमार गुप्ता ने पीड़ित को ही मारपीट कर उसका चालान करने के एक मामले में तत्कालीन छितवापुर चौकी इंचार्ज तेज कुमार शुक्ला व एक सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने थानाध्यक्ष हुसैनगंज को विवेचना के परिणाम से अदालत को भी अवगत कराने का आदेश दिया है। उन्होंने यह आदेश सनी कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है।

16 मार्च 2022 को सनी कुमार सिंह गौतमुबद्ध मार्ग पर माडल शाप के बाहर लगे ठेले पर सामान खरीद रहा था। जब पैसा देने के लिए पर्स निकाला तभी तीन अज्ञात लोगों ने पर्स पर झप्पटा मारा। सनी की उन लोगों से कहा-सुनी होने लगी। इस दौरान छितवापुर चौकी का एक सिपाही आया और बगैर कुछ जाने उसे ही मारने लगा। फिर चौकी पर ले गया। चौकी प्रभारी तेज कुमार शुक्ला ने भी उसकी बात सुने बगैर पर्स छीनने वालों को छोड़ दिया और उल्टे उसे ही गाली देते हुए मारने लगा। उसका मोबाइल व पर्स भी छीन लिया। फिर उसे थाना हुसैनगंज ले गए। वहां उसे लाठियों से बुरी तरीके से मारा-पीटा। लाकअप में डाल दिया। दूसरे दिन चालान कर दिया। उसकी मां ने जमानत कराई। सनी का आरोप है कि उसे इतना बेरहमी से मारा गया कि उसके घुटने में फैक्रचर हो गया और प्लास्टर लगाया गया। उसकी मां ने इस घटना की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से भी की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## गैगेस्टर के मुल्जिमों को आठ साल का सश्रम कारावास

● फिरौती के लिए सात साल के बच्चे का अपहरण व हत्या का मामला

**लखनऊ ( विधि सवांददाता )।** विशेष जज विजेश कुमार ने गैंगेस्टर के एक मामले में मुल्जिम राजकुमार व राम सनेही को आठ साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने मुल्जिमों पर अलग अलग पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। इनके खिलाफ गुड़म्बा के थानाध्यक्ष अभिमन्यु धर द्विवेदी ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचना के पश्चात इनके खिलाफ उप्र गिरोहबंद अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अवधेश कुमार सिंह व अभियोजन अधिकरी सौम्या प्रियदर्शिनी के मुताबिक मुल्जिमों ने फिरौती के लिए सात वर्षीय गौरव द्विवेदी का अपहरण किया था। उसकी गला दबाकर हत्या भी कर दी थी तथा लाश को नहर में फेंक दिया था। इन्होंने संगठित तरीके से अपने दुनियावी लाभ के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। इनके आपराधिक कृत्यों की सूचना डर की वजह से थाने पर नहीं दी जाती थी।

## मोहनलालगंज में बदमाशों का तांडव, पुलिस ने लूटपाट से किया इंकार

संवददाता। मोहनलालगंज

**जबरौली** रोड पर शुक्रवार की देर रात बेखौफ बदमाशों ने जमकर ताण्डव किया। बदमाशों ने आवागमन कर रहे आधा दर्जन लोगों की पिटाई कर दहशत फैला दी। जख्मी दम्पति समेत तीन लोगों ने लूटपाट का भी आरोप लगाया है। आधी रात तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। लेकिन अधिकारी लूट के आरोप को बेबुनियाद बता रहे हैं।

मोहनलालगंज कस्बा निवासी रिटायर्ड कांस्टेबल उत्तम अवस्थी शुक्रवार की रात पैतृक गांव जबरौली में मंदिर से पूजा.अर्चना कर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे बदमाशों ने डंडे से उन पर वार कर दिया। हालांकि हेलमेट लगा होने से उनके सिर पर चोट नहीं लगी। लेकिन हाथ चोटिल हो गया। बाइक भगाकर किसी तरह वहां से बचकर निकल सके। आशियाना में कपड़े की दुकान से नौकरी कर लौट रहे



जबरौली निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह और उनके भाई अखण्ड प्रताप सिंह की भी बदमाशों ने पिटाई कर दी। महेन्द्र ने चेन लूटने का भी आरोप लगाया है। नबीखेड़ा के दम्पति रामेश्वरी और राकेश बेटी के घर जबरौली से लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने उन पर भी हमला कर लहूलुहान कर दिया। दम्पति ने पांच हजार रुपये और सोने की माला लूटने का भी आरोप लगाया है। वारदात की जानकारी के बाद जबरौली गांव से लोगों की भीड़ घटनास्थल पर पहुंच गई और संदिग्ध को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया।

शुक्रार रात बदमाशों के तांडव के बाद मोहनलालगंज पुलिस जबरौली गांव से कुछ लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। शनिवार को इन लोगों के परिवार की महिलाएं डीएम सूर्यपाल गंगवार से मिलने तहसील समाधान दिवस पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें सभागार गेट पर रोंका तो महिलाएं हंगामा करने लगी। हालांकि बाद में इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने महिलाओं को एसडीएम हनुमान प्रसाद से मिलवा दिया। एसडीएम ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया तब जाकर महिलाएं शान्त हुईं। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया मारपीट की वारदात हुई है। लूटपाट का आरोप बेबुनियाद है। संदेह के घेरे में आए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### आधी रात हंगामे के बाद पुलिस ने लिखी एफआईआर

बदमाशों के हमले में जख्मी पीड़ित एक.एक कर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचे तो आरोप है वहां मौजूद दारोगा अनसुनी करने लगे। भीड़ जमा होते देख दारोगा ने पीड़ित और परिचितों के वाहनों का चालान तक करने का फरमान सुना दिया। जिसके बाद पीड़ितों ने कोतवाली में हंगामा शुरु कर दिया। तब जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। मोहनलालगंज पुलिस ने शनिवार को मामले में जबरौली गांव के कुछ संदिग्ध लोगों को थाने लाकर शिनाख्त परेड कराई। लेकिन पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी। उधर वारदात के 18 घण्टे बाद डीसीपी साउथ ने कोतवाली पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी हासिल की।

## 11 साल बाद यूपी करेगा इंडियन रोड कांग्रेस की मेजबानी

● 8 से 11 अक्टूबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आईआरसी का 81वां आयोजन

● केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे शुभारंभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) 81वां अधिवेशन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। 1934 में यह अधिवेशन शुरू हुआ था। यूपी इसकी पांचवीं बार मेजबानी करेगा। केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहेंगे। समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकभवन में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में 8 अक्टूबर से शुरू हो रही इस कार्यक्रम में प्रदेश के 200 डेलीगेट्स भी हिस्सा लेंगे। अधिवेशन के पश्चात प्रतिभागियों को अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन आदि स्थानों पर भ्रमण कराकर यहां के अध्यात्म व सांस्कृतिक पहलुओं से भी अवगत कराया जाएगा। मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आईआरसी का यह पांचवां अधिवेशन है। प्रथम अधिवेशन दिसंबर 1934 में दिल्ली में हुआ था। वर्ष 1937, 1985, 1995 व 2011 में यूपी इसकी मेजबानी कर चुका है। इसके बाद इस वर्ष यह गौरव उत्तर प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 11 साल बाद उत्तर प्रदेश आईआरसी की मेजबानी करने जा रहा है। कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि इसमें एक सत्र यूपी का भी होगा, जिसमें हम अपने श्रेष्ठ कार्यों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। कुल 19 तकनीकी सत्र होंगे। सड़क निर्माण की नई तकनीकों, इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी, किफायती, टिकाऊ व सुरक्षित सड़कों जैसे विषयों के लिए यह काफी कारगर होगा। देश-विदेश के तकनीकी विशेषज्ञों, केंद्र व प्रदेश के इंजीनियरों, सड़क व सेतु से जुड़ी संस्थाओं, वैज्ञानिकों व सलाहकारों द्वारा कई विषयों पर प्रस्तुति होगी। तकनीकी प्रदर्शनी में 180 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न कंपनियों की ओर से सड़क निर्माण में काम आने वाले उपकरण, मशीनरी, मटेरियल व नई तकनीक से जुड़ी जानकारियां मिलेंगी। साथ ही एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) के जरिए सूबे की कला व शिल्पकारों के हुनर से भी आगंतुक अवगत होंगे। इस दौरान सांस्कृतिक सांझ का भी आयोजन किया जाएगा। जितिन प्रसाद ने बताया कि यह अधिवेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए भी काफी कारगर होगा।

## बुजुर्ग मतदाता को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



संवाददाता। मोहनलालगंज

**अन्तर्राष्ट्रीय** वृद्धजन दिवस के मौके पर शनिवार को मोहनलालगंज के पुरसेनी गांव की 85 वर्षीया बुजुर्ग मतदाता लीलावती को तहसीलदार आनन्द तिवारी ने निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तहसीलदार ने वीआरसी प्रभारी रमेश कुमार को बीएलओ के जरिए विधानसभा क्षेत्र के सभी बुजुर्ग मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र दिलाकर सम्मानित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान वीआरसी सह प्रभारी अनुज कुमार भी मौजूद रहे।

## बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**केंद्र** शासित प्रदेश पुडुचेरी के बिजली विभाग के निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने लखनऊ सहित सभी परियोजनाओं और जनपदों में विरोध सभा कर पुडुचेरी के बिजली कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

लखनऊ में राणा प्रताप मार्ग स्थित हाइडिल फील्ड होस्टल में हुई विरोध सभा में सैकड़ों बिजली कर्मियों ने हिस्सा लिया। सभा को सम्बोधित करते हुऐ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर पुडुचेरी के बिजली विभाग के निजीकरण के लिए बिडिंग प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए 27 सितंबर को आरएफपी जारी की गई जिसके विरोध में पुडुचेरी के तमाम बिजली कर्मचारी और इंजीनियर 28 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पुडुचेरी के बिजली कर्मियों की मांग है कि निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त की जाए और आरएफ पी डॉक्यूमेंट वापस लिए जाए।

विरोध सभा को संबोधित करते हुए राजीव सिंह, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद ने संयुक्त रूप से कहा कि पुडुचेरी का बिजली विभाग मुनाफे में चल रहा है और पुडुचेरी की बिजली हानियां मात्र 11.5 प्रतिशत है जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड 15 प्रतिशत से कम है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्युमेंट फाइनल किए बिना किस आधार पर पूरे बिजली विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 विगत मानसून सत्र में लोकसभा में प्रस्तुत कर दिया है जिसे बिजली मामलों की संसद की स्टैंडिंग कमिटी को संदर्भित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में जब स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट को अंतिम रूप नहीं दिया गया हो और इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 स्टैंडिंग कमिटी के सामने विचार के लिए भेज दिया गया है तब पुडुचेरी के बिजली विभाग का 100 प्रतिशत निजीकरण किस आधार पर किया जा रहा है और इसका औचित्य क्या है। उन्होंने बताया कि आज देश भर के बिजली कर्मियों ने पुडुचेरी के बिजली कर्मियों के समर्थन में सभी प्रान्तों में प्रदर्शन कर बिजली कर्मियों की एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होंने मांग की कि उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए पुडुचेरी के बिजली विभाग के निजीकरण का प्रस्ताव रद्द किया जाए और निजीकरण के लिए जारी किए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट वापस लिए जाएं।

# नैक मूल्यांकन के लिए उत्साह व सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करें

## राज्यपाल ने की चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ के नैक के लिए तैयार प्रस्तुतीकरण की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में प्रदेश के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के साथ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय इससे पूर्व वर्ष 2017 में नैक से 'बी' ग्रेड प्राप्त कर चुका है।

राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन तैयारियों के लिए गठित कमेटी के सदस्यों से सभी सातों क्राइटेरिया पर बिन्दुवार जानकारी ली और प्रस्तुतिकरण को बेहतर किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को नैक ग्रेडिंग से प्राप्त होने वाले लाभों से अवगत कराकर उनमें इसके प्रति उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करें।

प्रस्तुतिकरण में विविध बिंदुओं पर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त अंकन लक्षित कर राज्यपाल जी ने राइट-अप्स की गुणवत्ता में सुधार करने तथा इसके लिए निर्धारित अधिकतम शब्द-सीमा तक विस्तार से विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रमाण स्वरूप संलग्न हाइपर लिंक्स में बेहतर विवरण संलग्न करने को कहा। राज्यपाल विश्वविद्यालय द्वारा नैक कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के लिए सेल्फस्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने सामान्य चर्चा में ई-पुस्तकालय की विशेषताओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में वर्षाजल संचयन से बढ़े भूजल स्तर को उपलब्धि के तौर पर एसएसआर में दर्शाने को कहा।

राज्यपाल ने विविध बिन्दुओं पर विभिन्न सुझावों के साथ प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों, टीवी मरीजों को गोद लेने और उनमें से टीवी मुक्त हुए मरीजों का विवरण, आंगनबाड़ियों को सहयोग, छात्रावासों की आधुनिक सुविधाएं, नैक मंथन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उच्च स्तर प्राप्त विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन-भ्रमण, नैक ग्रेड के लिए तैयारियों के लिए स्थापित उपक्रम में प्रतिभागिता जैसे विविध बिन्दुओं को जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य आपसी सहयोग और विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रतिबद्धता के साथ नैक में उच्चतम श्रेणी प्राप्त करने के लिए कार्य करें।

बैठक में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. संगीता शुक्ला के नेतृत्व में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुधीर महादेव बोबड़े तथा विश्वविद्यालय द्वारा नैक तैयारी के लिए गठित टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में सड़क मार्गों की भूमिका अहमः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई द्वारा प्रदेश में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की तथा संबंधित मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें प्रदेश के सड़क मार्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मार्गों के विकास की गति जितनी तेज होगी, प्रदेश का विकास उतनी शीघ्रता से होगा। निवेश के लिए प्रदेश में बड़ी इंडस्ट्रीज आकर्षित होंगी जिससे रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण, पानी व बिजली की लाइनों की शिफ्टिंग आदि के कार्य प्राथमिकता पर पूरे कराये जाएं साथ ही वन विभाग के अफसरों को फारेस्ट क्लियरेंस के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कई जिलों के जिलाधिकारियों को एक्सप्रेस-वे का निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत किसानों को नियमानुसार समय से मुआवजा दिया जाए तथा अवशेष कार्यों को तत्काल पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस प्रकार के मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि जिलाधिकारियों को मुआवजा वितरित करने के लिए पर्याप्त धनराशि समय से उपलब्ध कराई जाए। संबंधित जिलाधिकारियों ने आगामी 31 अक्टूबर तक एनएचएआइ को सड़क निर्माण के लिए भूमि पर कब्जा एवं समय से मुआवजे के वितरण के लिये आश्वस्त किया। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण नरेंद्र भूषण, सचिव अजय चौहान समेत अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शबद हाजरी, कीर्तन व कथा विचार से गूंजा नाका गुरुद्वारा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिख** समाज के इतिहास में पहली बार डॉ. हरबन सिंह अलवर वाले और हजूरी रागी भाई दविंदर सिंह, श्री दरबार साहिब अमृतसर वालों के शब्द कीर्तन एवं अनमोल विचारों से श्रद्धालुओं से खचाखच भरे श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिंडोला के दीवान हाल में न केवल इनका गुरबाणी गायन शब्द कीर्तन और विचार सुने अपितु उन्हें आत्मसात किया। चेयरमैन कृपाल सिंह ऐबट द्वारा यह बताया गया कि यह दो दिवसीय समागम श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी द्वारा अपने 51 वें वार्षिक समारोह के उपलक्ष में आयोजित किया गया। 6.30 शाम को राहिरास जी के पाठ से प्रारंभ दीवान रात 10.30 बजे तक चला जिसमे मुख्य ग्रंथि ज्ञानी सुखदेव सिंह, हजूरी रागी भाई राजिंदर सिंह व केकेएनएस गुरमत संगीत अकादमी के बच्चों ने भाग लिया। अमृतसर के हजूरी रागी भाई दविंदर सिंह ने 'सुखमनी सुख अमृत प्रभु का नाम भगत जाना के मन विश्राम' गायन कर के श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी के मुख्य सेवादार हरमिंदर सिंह मिन्दी द्वारा बताया गया कि इस भक्तिमय संसार की यात्रा में अलवर से आए डा' हरबन सिंह ने पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव द्वारा रचित बणी सुखमनी साहिब की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

# नाटक कदरिया का मंचन आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बॉलीवुड** को कई युवा कलाकार देने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी और मुंबई में अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान (एबीएसएस) के संचालक राजेंद्र तिवारी के निर्देशन में गांधी जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर से चार अक्टूबर तक तीन नाटक गांधी भवन प्रेक्षागृह में मंचित होंगे। इन नाटकों में कई चर्चित कलाकार अभिनय कर रहे हैं। उनमें कोरियोग्राफर सरोज खान के ग्रुप के साथी एवं डांस डायरेक्टर भी सहयोग कर रहे हैं। दो अक्टूबर को नाटक कदरिया, तीन अक्टूबर को नाटक लॉकडाउन और चार अक्टूबर को नाटक धत तेरे की (हस्पताल) का मंचन शाम सात बजे से गांधी भवन प्रेक्षाग्रह में होगा। उल्लेखनीय है कि राजेंद्र तिवारी अपनी टीम के साथ पिछले कई दिनों से गांधी भवन प्रेक्षगृह में अपने तीनों नाटकों को अंतिम रूम देने में टीम सहित जुटे हुए थे।

# परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होंगी 1400 नई बसें: दयाशंकर सिंह

- आगामी 5 माह में कुल 3795 बसों का होगा बेड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम में निजी बसों को साधारण, ग्राम्य तथा मिड सेगमेंट व हाई एण्ड बस सेवाओं के लिए बसों की संख्या में 1400 की वृद्धि करने के साथ-साथ साधारण कुर्सी सह शयनयान तथा वातानुकूलित कुर्सी सह शयनयान तथा वातानुकूलित शयनयान चलाने की योजना को क्रियान्वित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नियोजन का प्रयोजन यात्रियों की सेवा में कुल 80 हाई एण्ड, 25 वातानुकूलित स्लीपर, 250 ग्राम्य सेवाओं की बसों, साधारण व वातानुकूलित कुर्सी सह शयनयान श्रेणी की 100 बसों तथा साधारण श्रेणी की 3200 बसों सहित अनुबन्धित बसों का बेड़ा 2325 के सापेक्ष आगामी 5 माह में कुल 3795 बसों का बेड़ा करना है। श्री सिंह ने बताया कि इसके लिए बसों की अनुबन्ध अवधि साधारण बसों व हाई एण्ड बसों के लिए 10 वर्ष तथा वातानुकूलित बसों हेतु 8 वर्ष की रखी गयी है। उन्होंने बताया कि ग्राम्य सेवाओं व हाई एण्ड बसों में आय न आने की दशा में मार्ग परिवर्तन का प्राविधान भी किया गया है। दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब निगम में 4 सिलिण्डरयुक्त इंजन की बसों को भी अनुबन्धित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बीएस-6 नार्म का पालन करने वाली बसें ही अनुबन्धित की जांएगी। सामान्यत: पंजीयन तिथि से अधिकतम 2 वर्ष की आयु वाली बसों को अनुबन्धन में लिया जा सकेगा, परन्तु ग्राम्य सेवाओं में पंजीयन तिथि से 4 वर्ष आयु की बसें भी विचारणीय होंगी। दयाशंकर सिंह ने आगे बताया कि पूर्व की योजना के सापेक्ष साधारण बसों में प्रशासनिक शुल्क में 50 पैसे, सीएनजी इंजनयुक्त बस में 1.75 रुपए प्रति कि.मी. की छूट दी गयी है तथा ग्राम्य मार्गों पर प्रशासनिक शुल्क प्रति कि.मी. 3 रुपये कम रखा गया है। उन्होंने बताया कि मिड सेगमेंट व स्लीपर बसों का प्रशासनिक शुल्क रुपये 7.50 तथा हाई एण्ड बसों का रुपये 8 प्रति किमी रखा गया है। प्रशासनिक शुल्क वह राशि है जो परिवहन निगम द्वारा चार्ज की जानी है। पूर्ण क्षमता आय के 75 प्रतिशत तक की आय अनुबन्धित बस स्वामी को दी जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि ग्राम्य सेवाओं में प्रथम 04 माह के लिये प्रशासनिक शुल्क में 50 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट दी गयी है। इस निश्चित स्तर से अधिशेष आय का 50 प्रतिशत भी वाहन स्वामी को देय होगा। बसों को लम्बे मार्गों सहित अन्तर्राज्यीय मार्गों पर भी अनुबन्धित किये जाने का अवसर खोला गया है।

## पवन गुप्ता बने आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष



**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव में पवन भाई गुप्ता को पुनः सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव निरालानगर स्थित स्थानीय गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि वह पूरे प्रदेश में संगठन को विस्तार एवं मजबूती देंगे। इसके साथ ही पार्टी प्रदेश के आने वाले सभी चुनावों का पूरे दम-खम एवं मनोयोग से सामना करेगी। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले की ओर से एडवोकेट विद्याकांत शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी चुनाव का रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। उन्हीं के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। शर्मा ने बताया कि पवन भाई गुप्ता को आरपीआई का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही कार्यकारिणी चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के साथ 25 अन्य लोगों का निर्वाचन सम्पन्न हुआ है। 18 अक्टूबर को निर्वाचित सदस्यों के पदों की घोषणा की जाएगी।

## केशव प्रसाद आज गोसाईगंज ब्लाक के कबीरपुर में करेंगे पौधरोपण

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होमगार्ड विभाग के तत्वावधान में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर लखनऊ के गोसाईगंज ब्लाक के ग्राम कबीरपुर में बरमताली अमृत सरोवर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के दृष्टिगत आयोजित होमगार्ड विभाग द्वारा 17 सितंबर प्रधानमंत्री के जन्म दिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक होमगार्ड विभाग द्वारा तक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## जलकल कर्मियों ने मनाया जीएम का जन्मदिन


**लखनऊ।** जलकल विभाग ऐशबाग में महाप्रबंधक लखनऊ राम कैलाश गुप्ता का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया गया। डिप्लोमा इंजीनियर संघ की तरफसे उपाध्यक्ष सचिन सिंह यादव ने महाप्रबंधक को जन्मदिन की शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने उन्हे पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी दीर्घ आयु की कामना की। कार्यक्रम में शामिल संघ के संयुक्त मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने उक्त जानकारी दी।

## सिसेंडी में रामलीला का शुभारंभ



**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी में लगभग नब्बे वर्षो से आयोजित होती चली आ रही रामलीला का शुक्रवार की रात शुभारंभ हुआ। पहले दिन की रामलीला के मंचन ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिसेण्डी की रामलीला दस दिनो तक चलती है । जिसमें गांव के ही लोग रामलीला के पात्र निभाते हैं। सिसेण्डी रामलीला समिति के मैनेजर सत्यम दीक्षित ने बताया कि सिसेण्डी की रामलीला शारदीय नवरात्र के पंचमी से प्रारंभ होकर दस दिन तक चलती है। जिसका समापन पूर्णिमा के दिन रावण वध के साथ होता है। शुक्रवार को रामलीला का शुभारम्भ जयंत कथा के साथ हुआ। रामलीला में शिवांश मिश्रा व सत्यम मिश्रा राम-लक्ष्मण और सत्यार्थ दीक्षित सीता का किरदार निभा रहे हैं। जबकि वसु शुक्ला नारद का पात्र निभा रहे हैं। शनिवार को रामलीला में लक्ष्मण के द्वारा सूर्पनखा के नाक.कान काटने व राम के द्वारा खर-दूषण व त्रिशरा के वध की लीला का मंचन किया गया।

## सीएमएस शिक्षकों ने निकाला अहिंसा मार्च



**लखनऊ।** सीएमएस के तत्वावधान में 'गांधी जयन्ती एवं अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' की पूर्व संध्या पर गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में भव्य रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के जरिए सीएमएस शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने का अभूतपूर्व उत्साह जगाया। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार, एडीटर, टाइम्स ऑफ इंडिया ने दीप प्रज्वलन व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रवीण कुमार ने कहा कि गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता इस बात से ही सिद्ध हो जाती है कि भारत सरकार के दो महत्वपूर्ण प्रोग्राम 'मेक इन इण्डिया' व 'स्वच्छ भारत' गांधी जी के दर्शन व विचारधारा से ही प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने जीवन में सफल होकर अपने व अपने परिवार के लिए बहुत कुछ करते हैं परन्तु गांधी जी ने हमें सिखाया कि हमें समाजहित व मानवता के विकास में भी हरसंभव योगदान करना है।

# नवयुग में हुई गांधी व शास्त्री के सपनों का भारत विषय पर संगोष्ठी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नवयुग** कन्या महाविद्यालय, लखनऊ तथा प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित आजादी के 75 वर्ष गांधी एवं शास्त्री के सपनों का भारत विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र तथा समाजशास्त्र विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. मनोज दीक्षित (विभागाध्यक्ष), लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय तथा अतिथि वक्ताओं में प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, प्राचार्य , काली चरण पीजी कॉलेज और प्रो. बीना राय, प्राचार्या- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय द्वारा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, डॉ शर्मिता नंदी ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। डॉ ज्योत्सना गौतम द्वारा प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय को स्मृति चिह्न ,अंग वस्त्र और डॉ. आभा दुबे द्वारा पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ नीतू सिंह ने स्मृति चिह्न ,अंग वस्त्र देकर तथा डा. विनीता सिंह ने पौधा देकर डॉ बीना राय का स्वागत किया। प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शारदा प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि प्रो शारदा प्रसाद तिवारी एक असाधारण व्यक्तित्व थे. उनकी स्मृति में इस ट्रस्ट की स्थापना की गयी। प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने कहा कि गांधी जी सपने नहीं देखते थे वे कर्मयोगी थे। उन्होंने ग्राम गणतंत्र की परिकल्पना की थी। गांधी ने जीवन में उन वस्तुओं को महत्व दिया जो जीवन मूल्यों से जुड़ी थीं. वैराग्य के साथ उपभोग करना ही गांधी का दर्शन है. प्रो. बीना राय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना गांधी जी ने की थी। अपनी आवश्कताओं को कम करना चाहिए उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री की सदरी का संस्मरण सुनाया।

# इंडियन स्वच्छता लीग में यूपी के तीन नगर निगम पुरस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के 'इंण्डियन स्वच्छता लीग' में प्रदेश के 10 नगरीय निकायो को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत करने पर सफाई कार्मियों, निकाय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने ने कहा कि सभी के सहयोग से प्रदेश को स्वच्छ बनाने में सफल हुए हैं। आने वाले समय में सभी के सहयोग से स्वच्छता के मामले में प्रदेश देश में नम्बर एक पर होगा। स्वच्छ भारत मिशन के सम्बन्ध में शनिवार को नगरीय निकाय निदेशालय गोमतीनगर विस्तार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन नेहा शर्मा ने पत्रकारों को सम्बोधित किया। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन. शहरी के अंतर्गत बीते दिनों एक अतंर नगरीय प्रतिर इंडियन स्वच्छता लीग का आयोजन किया गया था। इसमें, देश भर के 1800 से ज्यादा शहरों ने भाग लिया। इस इंडियन स्वच्छता लीग में उत्तर प्रदेश के शहरों ने नया कीर्तिमान स्वा है। प्रदेश के नगर निगम अलीगढ़, नगर निगम मेरठ और नगर निगम आगरा को विशेष पुरस्कार दिया गया है। इन नगर निकायों को कमरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में जनभागीदारी से अभिनव प्रयोगों के लिए यह पुरस्कार दिए गए हैं। नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान में यह पुरस्कार दिए गए हैं। अमृत अभिजात ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के नतीजे के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिए जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर रहा है। प्रदेश के 3 नगर निगमए 4 नगर पालिका परिषद और 3 नगर पंचायत को पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस सूची में नगर निगम लखनऊ नगर निगम कानपुर, नगर निगम मेरठ, नगर पालिका परिषद गंगाघाट, नगर पालिका परिषद गजरौलाए नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद बिजनौर, नगर पंचायत जैथरा, नगर पंचायत इकदिल और नगर पंचायत चिरैयाकोट शामिल है।

# पेज एक का शेष

## भारत ने...

ही वजह से आज देश में मोबाइल फोन बनाने वाले संयंत्रों की संख्या 200 से अधिक हो चुकी है, जबकि वर्ष 2014 में सिर्फ दो संयंत्र थे। उन्होंने भारत में डेटा शुल्क को दुनिया भर में सबसे कम बताते हुए कहा कि वर्ष 2014 में एक जीबी डेटा के लिए 300 रुपए खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब उसी डेटा का शुल्क 10 रुपए तक आ चुका है। प्रधानमंत्री ने भारत के तीन दूरसंचार ऑपरेटरों के प्रमुख रिलायंस जियो के मुकेश अंबानी, एयरटेल के सुनील मित्तल और वोडाफोन-आइडिया के कुमार मंगलम बिड़ला की उपस्थिति में कहा कि एक व्यक्ति औसतन 14 जीबी डेटा की मासिक खपत करता है, जिस पर उसकी लागत 125-150 रुपए तक आती है। वर्ष 2014 में इसकी कीमत 4,200 रुपये प्रति माह थी। इसका मतलब है कि गरीब और मध्यम आय वाले लोग हर महीने लगभग 4,000 रुपये की बचत कर रहे हैं, यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इस मौके पर 5जी सेवाएं देने वाले तीनों दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने भारत में इस प्रौद्योगिकी के संभावित लाभों के बारे में प्रस्तुति भी दी। रिलायंस जियो ने मुंबई के एक स्कूल टीचर का महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा के छात्रों से 5जी तकनीक की मदद से संपर्क स्थापित कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भी स्कूली बच्चों से भी बात की और उनसे पढ़ाई में प्रौद्योगिकी के सहयोग के बारे में कुछ सवाल पूछे। वोडाफोन-आइडिया ने दिल्ली मेट्रो की एक निर्माणाधीन सुरंग में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा बढ़ाने में 5जी की उपयोगिता को प्रदर्शित किया। इस दौरान सुरंग का एक डिजिटल जुड़वा बनाया गया, जिससे किसी भी खतरे की स्थिति में मजदूरों को फौरन सतर्क किया जा सकेगा। वहीं एयरटेल ने उत्तर प्रदेश की एक लड़की को वर्चुअल रियलिटी एवं ऑगमेंटेड रियलिटी की मदद से सौर प्रणाली के बारे में सीखने में 5जी प्रौद्योगिकी से मिलने वाली मदद को प्रदर्शित किया। भारत पर 5जी का संचयी आर्थिक प्रभाव 2035 तक 450 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। पीएम मोदी ने कहा कि देश अब करोड़ों रुपए मूल्य के मोबाइल फोन का निर्यात भी कर रहा है, जबकि पहले उसे आयात करना पड़ता था।

## 5जी कहां...

में उपलब्ध हो जाएंगी। भारत ने भले ही देर से शुरुआत की हो, लेकिन यह पहले पूरे देश में फैल जाएगा। यहां सबसे अच्छी गुणवत्ता और सबसे सस्ती 5जी सेवाएं होंगी। इसी प्रकार सुनील मित्तल ने कहा कि भारती एयरटेल आज से ही 5जी सेवाएं शुरू कर रहा है और मार्च 2024 तक पूरे देश को कवर कर लेगा। बिरला ने प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री को निर्भरता का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत में दूरसंचार उपकरणों के उत्पादन में वृद्धि की आवश्यकता के बारे में बताया। हालांकि अभी यह साफ नहीं हुआ कि 5जी सेवाओं के लिए कितना शुल्क लिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय दूरसंचार क्षेत्र के तीनों दिग्गजों ने भी टैरिफ से संबंधित प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया।

## 5जी से...

बीच टेलीसर्जरी और स्वचालित कारों जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं का सपना साकार करेगा। 5जी के जरिए आपदाओं की वास्तविक समय पर निगरानी संभव हो सकेगी। कृषि और खतरनाक औद्योगिक कार्यों जैसे गहरी खदानों, अपतटीय गतिविधियों आदि में मनुष्यों की भूमिका को कम करने में भी मदद करेगा। मौजूदा मोबाइल संचार नेटवर्क के विपरीत, 5जी से समान नेटवर्क पर विभिन्न प्रकार से आवश्यकतानुसार इंटरनेट उपयोग किया जा सकेगा

## खड़गे-थरूर...

वापस नहीं लेता है, तो मतदान कराया जाएगा। पार्टी की ओर से 22 सितंबर को जारी अधिसूचना के मुताबिक, चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि 24 से 30 सितंबर तक थी। यदि जरूरत पड़ी तो मतदान 17 अक्टूबर को होगा। मतों की गिनती 19 अक्टूबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के नौ हजार से अधिक प्रतिनिधि (डेलीगेट) मतदान करेंगे। इस बीच खड़गे ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया है। खड़गे (80) ने शुक्रवार रात कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस्तीफा भेजा था और ऐसा पार्टी के घोषित सिद्धांत एक व्यक्ति, एक पद के अनुरूप किया गया है।

## पाकिस्तान की...

वालों पर दबाव है। यह हमारी कूटनीति का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ भारत के रणनीतिक समझौते के कारण पूर्वोत्तर में आतंकवादी गतिविधियों में कमी आई है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के साथ उस भूमि सीमा समझौते के लिए धन्यवाद, आतंकवादियों को वहां कोई आश्रय नहीं मिला। इसने उन्हें पूर्वोत्तर में अपना अभियान चलाने से रोक दिया। सिएरा लियोन के एक छात्र के सवाल पर कि मोदी सरकार सरदार वल्लभभाई पटेल के अखंड भारत के सपने को कैसे साकार करेगी, जयशंकर ने कहा कि विभाजन एक वास्तविक त्रासदी थी और इसने आतंकवाद जैसी समस्याएं पैदा कीं। मंत्री ने कहा, सरदार पटेल के सपने को साकार करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि भारत मजबूत, सफल और आत्मविश्वासी हो, और अन्य लोग यह समझें कि उन्हें इस भारत के साथ आना होगा और उन नीतियों को रोकना होगा जो उनके हित में नहीं हैं, साथ ही जो हानिकारक हैं...। मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र करते हुए कहा, ... और मुझे लगता है कि अगर कोई एक नेता हैं जो सपनों को साकार कर रहे हैं, जिनके पास सरदार पटेल की विचार प्रक्रिया है, जो सरदार पटेल की दृष्टि को साकार कर रहे हैं, जिनके पास वह साहस, प्रतिबद्धता और आदतें हैं, आप जानते हैं कि वह कौन हैं।

## रूस के...

कहा कि इस संघर्ष की शुरुआत से ही भारत का रुख स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुत्ता एवं क्षेत्रीय अखंडता के लिए सम्मान पर टिकी हैं। उन्होंने कहा, तनाव बढ़ाना किसी के भी हित में नहीं है। यह महत्वपूर्ण है कि बातचीत की मेज पर लौटने के रास्ते तलाशे जाएं। तेजी से बदल रही स्थिति पर नजर रखते हुए भारत ने इस प्रस्ताव पर दूरी बनाने का फैसला किया है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने मतदान से पहले कहा कि रूस के बनावटी जनमत संग्रह के नतीजे पूर्व निर्धारित थे। उन्होंने कहा, हर कोई यह जानता है। रूसी बंदूक की नोंक पर यह कराया गया। बार-बार हमने यूक्रेनी लोगों को अपने देश तथा लोकतंत्र के लिए लड़ते हुए देखा है। ग्रीनफील्ड ने कहा कि अगर रूस अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश करता है तो हम मॉस्को को यह अचूक संदेश भेजने के लिए महासभा में आगे कदम उठाएंगे कि दुनिया अब भी संप्रभुत्ता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के पक्ष में खड़ी है। रूस के स्थाई प्रतिनिधि वैसिली नेबेंजिया ने मतदान से पहले कहा कि जनमत संग्रह के नतीजे अपने तथा इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए बोलते हैं कि वे यूक्रेन में लौटना नहीं चाहते।


## इंदौर लगातार...

मुर्मू ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य भी मौजूद थे। एक लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में महाराष्ट्र का पंचगनी पहले स्थान पर रहा। इसके बाद छत्तीसगढ़ का पाटन (एनपी) और महाराष्ट्र का करहड़ रहा। एक लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में हरिद्वार गंगा के किनारे बसा सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद वाराणसी और ऋषिकेश रहे। सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, गंगा के किनारे बसे व एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में बिजनौर पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमश: कन्नौज और गढ़मुक्तेश्वर का स्थान रहा। सर्वेक्षण में, महाराष्ट्र के देवलाली को देश का सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड चुना गया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र को देश के सबसे स्वच्छ छोटे शहर श्रेणी में प्रथम स्थान दिया गया, जिसकी आबादी एक लाख से तीन लाख के बीच है। नोएडा 3-10 लाख आबादी की श्रेणी में देश के सर्वश्रेष्ठ आत्मनिर्भर मध्यम शहर (बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबल मीडियम सिटी) के रूप में उभरा। तिरुपति ने सफाईमित्र सुरक्षित शहर की श्रेणी में पहला पुरस्कार हासिल किया। चंडीगढ़ ने फास्टेस्ट मूवर स्टेटा नेशनल कैपिटल या यूटी की श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि विजयवाड़ा स्वच्छतम राज्य । राष्ट्रीय राजधानी या यूटी की श्रेणी में विजेता रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण का सातवां संस्करण स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति का अध्ययन करने और विभिन्न स्वच्छता मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को रैंक देने के लिए आयोजित किया गया था। हालांकि, सर्वेक्षण 2016 में केवल 73 शहरों के मूल्यांकन के साथ शुरू हुआ था और इस साल 4354 शहरों (62 छावनी बोर्ड और 91 गंगा टाउन सहित) के मूल्यांकन को पूरा करने में कामयाब रहा है।

# कोरोना ने डिजिटल के महत्व का अहसास कराया: योगी







**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**देश** में 5जी नेटवर्क की सेवाओं की लांचिंग के साथ ही देश में एक और संचार क्रांति हो गई है। अब तेज डाटा की वजह से तमाम सेवाएं आम जनता को मिल सकेंगी। वाराणसी शहर भी इस शानदार पलों का साक्षी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस आयोजन में वाराणसी से वर्चुअल जुड़ने के लिए शनिवार की सुबह पहुंचे।रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 5 जी लांच समारोह में दिल्ली से मुख्य आयोजन लाइव किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना ने डिजिटल के महत्व का अहसास कराया। अब 5 जी से शिक्षा-स्वास्थ्य समेत समस्त सेवाएं फास्ट हो जाएंगी।पीएम के 5जी लांचिंग कार्यक्रम से वर्चुअली वह काशी से जुड़ेंगे इसके लिए पूर्व में ही सेवाओं की तैयारियों के लिए अधिकारियों की पूरी टीम लगी रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी पहुंचे और पीएम की ओर से 5जी लांचिंग के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ने के लिए कार से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर रवाना हुए। इसके पूर्व सुबह सवा नौ बजे ही वह हेलिकाप्?टर से वाराणसी पहुंच गए और तैयारियों का जायजा लेने के पूर्व सर्किट हाउस रवाना हुए।भारतीय दूरसंचार विभाग की ओर से रुद्राक्ष कन्-?वेंशन सेंटर में 5जी सेवाओं की लांचिंग के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम इंडियन मोबाइल कांग्रेस-2022 में पहुंचकर वर्चुअली लांचिंग प्रोग्राम से सीएम सुबह दस बजे से जुड़ें। साथ ही स्पेशियली क्योरेटेड 5जी यूज केस एक्जीबिशन का शुभारंभ किया।

### सीएम ने किया विश्वनाथ धाम में पूजा

**वाराणसी।** स्पेशियली क्योरेटेड 5 जी लांचिग के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुँचे जहॉ उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा विश्वनाथ धाम के विकास कार्य को भी देखा। बाहर निकलते हुए कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने योगी आदित्यनाथ को श्री काशी विश्वनाथ को मेमोटों भेंट किया। इस दौरान जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा, सीईओ सुनील कुमार वर्मा, राज्यमंत्री अनिल राजभर, सतुआ बाबा संतोष जी महराज सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### 5जी ऐक्सेस करने के लिए नहीं लेना होगा नया सिम

**वाराणसी।** भारत मे 5जी सेवाएं जल्द शुरू होने वाली हैं। ऐसे में टेलीकॉम यूज़र्स के मन मे कई सवाल हैं जिनका वे जवाब जानना चाहते हैं। इनमें से सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब फिर 4जी की तरह 5जी शुरू होने पर नया सिम लेना होगा। एयरटेल ने 5जी के लिए उस टेक्नोलॉजी को चुना है, जिसके एयरटेल के ग्राहकों को अपना सिम नहीं बदलना होगा और वे अपने वर्तमान सिम पर ही 5जी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। ज्यादातर एक साल से ज्यादा पुराने स्मार्टफोन में 5जी चिपसेट नहीं होता है। हालाँकि, भारत मे उपलब्ध नए स्मार्टफोन्स में ज्यादातर 5जी सक्षम हैं। यदि आप एक नया स्मार्टफोन खरीद रहे हैं, तो जांच लें कि यह 5जी सक्षम है या नहीं। फोन की 5जी सेटिंग चालू करें। अपने फ़ोन पर 5जी सक्षम करने के लिए, सेटिंग टैब पर जाएं और कनेक्शन या मोबाइल नेटवर्क पर जाएं।

### हेल्थ सेक्टर के लिए वरदान साबित होगी 5जी सर्विसेज

**वाराणसी।** कोविड के दौरान हम सब ने टेलीमेडिसिन के महत्व को समझा और उसके उपयोग को करीब से देखा। लेकिन टेलीमेडिसिन की अपनी सीमाएं हैं, जिसमें डॉक्टर और मरीज केवल एक दूसरे को केवल देख सकते हैं। इलाज में डॉक्टर की मरीज के सामने एक बड़ा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालती है, जो रोगी को कहीं न कहीं शीघ्र स्वस्थ होने में बड़ी भूमिका अदा करता है। यह कमी बहुत हद तक 5जी के आने से पूरी हो सकेगी। जी, सही पढा आपने, ऐसा संभव है कि डॉक्टर अपनी क्लिनिक में या अस्पताल में बैठे हुए भी मरीज के निकट होंगे।हाल-फिलहाल में 5 जी को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। हर किसी के जेहन में सिर्फयही सवाल है कि 5जी टेक्नोलॉजी तेज लगभग 100 गुना डेटा स्पीड के अलावा क्या देने जा रही है? 5जी की शुरुआत होने से जिस क्षेत्र में सबसे बड़े क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे, वो है हेल्थकेयर सेक्टर।

## कल्याण ज्वेलर्स का एमएलसी अशोक धवन ने दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा** वाराणसी



**भारत** की सबसे बड़ी आभूषण कंपनियों में से एकए कल्याण ज्वेलर्स ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। यह नया और शानदार शोरूम वाराणसी के गांधी नगरए सिगरा स्थित गुजराती धर्मशाला के ठीक सामने है। इस नए शोरूम के साथए उत्तर प्रदेश राज्य में ब्रांड के शोरूमों की संख्या 7 हो गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी अशोक धवन रहे और उत्तर प्रदेश के स्टाम्प मंत्री रविन्द्र जायसवाल भी उपस्थित रहे। इस दौरान एमएलसी अशोक धवन ने शोरूम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह शोरूम बनारस का ऐसा पहला शोरूम में जहां पर हर वर्ग के व्यक्ति को अपने स्वेच्छानुसार अच्छे दामों पर शुद्धता के आभूषण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने यह कामना कि यह शो शोरूम बनारस के साथ साथ आसपास के कई जिलों में भी जल्द ही खुलेगा। नए शोरूम लॉन्च के बारे में बताते हुएए रमेश कल्याणरमनए कार्यकारे निदेशकए कल्याण ज्वेलर्स ने कहाए ष्हम वाराणसी में अपना पहला शोरूम लॉन्च करके बेहद खुश हैं। अनूठी शैली में शोरूम लॉन्च का जश्न मनाते हुएए आभूषण ब्रांड ने कल्याण ज्वैलर्स के सभी आभूषणों की खरीद पर फ्लैट 25 प्रतिसत् छूट की घोषणा की है।

## अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय बनाये जाने पर कांग्रेस कमेटी ने जताई खुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**राष्ट्रीय** अध्यक्ष सोनिया गाँधी के संस्तुति पर पिंडरा से पांच बार विधायक व यूपी सरकार के मंत्री रहे ,वरिष्ठ नेता को प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय बनाये जाने पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त कर उनके लहुराबीर आवास जाकर बधाई प्रेषित किया व उनका माल्यार्पण कर उन्हें मिष्ठान खिलाकर अंगवस्त्रम भेंट कर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने कहा की अजय राय को पार्टी द्वारा प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना शानदार निर्णय है।अजय राय काशी ही नहीं समूचे प्रदेश के लोकप्रिय नेता है व जन जन के दिलो में बसते है।व जनता के प्रति बेहद लगाव रखते है।अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय होने से काशी के कांग्रेसजनों में खुशियों की लहर है।निश्चित रूप आगामी नगर निकाय व लोकसभा के चुनाव एक अच्छा व सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।अजय राय का व्यक्तित्व विराट व जनप्रियता से भरा है। हर एक कार्यकर्ता के पसंदीदा नेता है हमे पूर्ण आशा व विश्वास है की श्री राय अपने अनुभव, कार्यक्षमता, आत्मीयता से पार्टी को नित ऊँचाई पर ले जाएंगे। बधाई देने वालो में महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल,वीरेंद्र कपूर, अशोक सिंह,आनंद सिंह, फसाहत हुसैन बाबू,सफक्र रिजवी,राजीव राम,चंचल शर्मा,तरंग सेठ,विनोद सिंह कल्लू,परवेज खान,रंजीत तिवारी,मयंक चौबे,रोहित दुबे,अनुभव राय,आशीष गुप्ता,किशन यादव,राज जायसवाल,रमेश शर्मा,आदि लोगो ने बधाई दिया।

## सीडीओ ने रैली को हरीझंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का किया शुभारंभ



**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। रैली के माध्यम से नगर में लोगों को संचारी रोग एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग के साथ ही डेंगू मलेरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें किसी तरह की शिथिलता या लापरवाही बरती गई तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। जबकि दस्तक अभियान 21 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर लोगों को जहां संचारी रोग व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगी। वहीं दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों, क्षय रोगियों एवं बुखार से पीड़ित लोगों को चिन्हित करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, पशुपालन व कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, घरों के पास पानी न इकट्ठा होने देने,मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने हेतु जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गोष्ठियों के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रेरित किया जाएगा। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारियों की जद में आने से बचाया जा सके। रैली के शुभारंभ के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वी बी डी कंसलटेंट व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफ, जिला सर्विलांस अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, मलेरिया निरीक्षक, आशा व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मौजूद रहे।

### दो नलकूपों का नपाध्यक्ष ने किया उदघाटन

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने शनिवार की शाम पालिका के अधिकारियोंए सभासदों एवं स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में नगर के दो वार्डो रमईपट्टी के सोनकर बस्ती और कंतित के दूधनाथ तिराहा पर बड़े नलकूप का उदघाटन किया।जहा शुक्रवार को भी चेतगंज और शिवपुर वार्ड में भी बड़े नलकूप की सौगात दी गयी थी।दोनों जगहों पर पानी की समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा नपाध्यक्ष से शिकायत की थी।पानी की किल्लत को देखते हुये रहवासियों ने नलकूप लगाने की मांग की थी।दोनों जगहों पर बड़े नलकूप लगने से पानी की समस्या दूर होगी।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि दोनों जगहों पर पानी की समस्या को लेकर शिकायत की गयी थी।स्थानीय निवासियों की मांग पर बड़ा नलकूप की सौगात दी गयी है।दोनों वार्डो में बड़े नलकूप लग जाने से पानी की समस्या का निदान हुआ है।इस मौके पर सभासद राजेश सोनकरएशिव बली यादव आदि मौजूद रहे।

### सौदागर अली ने आप की ग्रहण की सदस्यता



**मऊ।** आम आदमी पार्टी के कैंप कार्यालय स्थित भटकुआं पट्टी सिंहा राय पर पीस पार्टी के नेता सौदागर अली ने पीस पार्टी से त्याग पत्र देकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इनको आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रांत सचिव और पूर्व जिला महासचिव एडवोकेट सुशील चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। इस दौरान पूर्वांचल प्रांत के सचिव एवं जनपद बलिया के प्रभारी अंकित कुमार राव ने कहा कि सौदागर अली के पार्टी में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ईमानदार राजनीति और विकास मॉडल के बल पर ही दिल्ली और पंजाब में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी है। पूर्व जिला महासचिव एडवोकेट सुशील चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी नगर निकाय का चुनाव बहुत ही मजबूती के साथ लड़ेगी जो जनता के बुनियादी मुद्दे और विकास के नाम पर चुनाव लड़ेगी।इस अवसर पर मुख्य रुप से पूर्वांचल प्रांत के सचिव एवं जनपद बलिया के प्रभारी अंकित कुमार रावए पूर्व जिला महासचिव एडण्सुशील चौधरीए मुनिराज कनौजियाए जिला सचिव नीरज कुमारए आशीष रंजनए सईदुल जफर अहमद आदि उपस्थित रहे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का तीसरा चरण शुरू

**मिर्जापुर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का तीसरा चरण जिले में 1 अक्टूबर से शुरू हो गया है। जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान की शुरुआत नगर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर की।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्ट राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमारी स्वास्थ्य टीम संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अतिसतर्क है। इसी क्रम में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का तृतीय चरण शुरू किया गया है। इसके अलावा 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान के सफल आयोजन के 10 विभागों की मदद ली जा रही है।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर गुलाब वर्मा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। अभियान का पहला चरण अप्रैल से जून 2022 व दूसरा चरण जुलाई से सितंबर 2022 तक चलाया गया था।

### सौ मरीजों का किया गया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**मऊ ।** नगर क्षेत्र के शिव मंदिर भीटी स्थित आयुष क्लीनिक आयुष दवा घर पर निरूशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। निरूशुल्क जांच शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉण् पीपी सिंह की देखरेख में सौ मरीजों का नेत्र परीक्षण करते हुए दवा वितरण किया गया। शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉण्पीपी सिंह ने मरीजों को बताया कि आंख ईश्वर का अमूल्य धरोहर है। मनुष्य के सभी अंगों में आंख की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होता हैए इसके अभाव में मनुष्य की पूरी दुनिया ही बेरंग हो जाती है। निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आयुष क्लीनिक व आयुष दवा घर पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया था। निरूशुल्क शिविर में सौ मरीजों की जांच किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉण् पीपी सिंहए अरिजीत सिंहए डॉण् एसबी भारद्वाजए डॉण् दुर्गेश सिंहए डॉण् केके गौतमए सोनू कुमारए सिस्टर श्रृंका आदि उपस्थित रहे।

## राम-भरत का मिलन देख लीला प्रेमियों की आंखें हो गईं नम



**सोनभद्र।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर आयोजित हो रही रामलीला के पांचवें दिन चित्रकूट में भरत मिलाप, श्रीराम का पंचवटी प्रवास, शूर्पनखा नासिका भंग आदि लीलाओं का सजीवता से मंचन किया गया। लीलाओं में भरतजी अयोध्यावासियों के साथ वन में जाते हैं तो इन्हें निषादराज मिलते हैं जो भरतजी के साथ इतने बड़े जनसमूह को देख कर सोचते है कि हो न हो भरतजी श्रीराम को मारने जा रहे है लेकिन भरतजी से मिलने पर उन्हें सत्यता का पता चलता है और वे भरतजी को रास्ता बताते हुए श्रीराम के पास चित्रकूट पहुंचा देते हैं। चित्रकूट में भरतजी और श्रीरामजी का मार्मिक मिलन होता है जिसे देखकर लीला प्रेमियों की आंखें भर आती हैं। भरतजी श्रीराम से अयोध्या लौट चलने की विनती करते हैं लेकिन अपने पिता को दिए वचनों का पालन करते हुए भरतजी को अपनी खड़ाऊ देते हैं जिन्हें लेकर भरतजी अयोध्या लौट जाते हैं। अगले दृश्य में एक सुन्दर नारी का रूप धर कर रावण की बहन शूर्पनखा श्रीराम से विवाह करने को कहती हैं। श्रीराम के विवाहित होने के कारण शूर्पनखा लक्ष्मणजी से विवाह करने के लिए अड़ जाती हैं और क्रोध में लक्ष्मणजी शूर्पनखा की नाक काट लेते हैं। शूर्पनखा की कटी नाक देख कर लीला प्रेमी हंसी से लोट-पोट हो जाते हैं। कटी नाक लेकर शूर्पनखा भाई रावण के दरबार में पहुंचती हैं जिसे देखकर रावण अत्यंत क्रोधित हो जाता है और सीता हरण के लिए अपने मायावी मामा मारीच के साथ प्रस्थान कर जाते है। इसी के साथ पांचवें दिन की लीलाओं का समापन होता है। इससे पूर्व बिड़ला कार्बन के यूनिट हेड आर के रघुबंशी, हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट 2 की प्रधानाचार्या ऋतु भारद्वाज हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट 3 की प्रिंसिपल तनुश्री दत्ता पॉल आदित्य बिड़ला इंटरमीडियट कॉलेज के प्रधानाचार्य दयानंद शुक्ला ने गणेश पूजन कर पांचवें दिन की लीलाओं का शुभारंभ किया।

### वृद्ध मतदाताओं को प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानति

**सकलडीहा चन्दौली ।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को तहसील सभागार में दो दर्जन वृद्ध मतदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसडीएम सीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। देश के निर्वाचन प्रक्रिया में निरंतर योगदान देने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 80 प्लस उम्र के मतदाताओं को सम्मानित करने का निर्देश जारी किया है। इस क्रम में निर्वाचन कार्यालय की ओर से दो दर्जन से अधिक वृद्ध मतदाताओं को तहसील सभागार में बुलाया गया था। जिसमें सभी वृद्ध वरिष्ठ मतदाताओं को मालाफूल पहनाकर और प्रमाण पत्र देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में जोश और समपर्ण के साथ देश के युवाओं के लिये उदाहरण स्थापित करने के लिये सम्मानित किया गया। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किया। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि देश के लोकतांत्रिक पर्व पर वृद्ध मतदाताओं के साहस और निरंतर मतदान करने को लेकर इन्हें सम्मानित किया गया है। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार रायए तहसीलदार डाण् वंदना मिश्राए नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदीए बीडीओ अरूण पांडेयए सीडीपीओ अवधेश सिंहए मीना गुप्ताएनिर्वाचन कार्यालय प्रभारी चन्द्रभूषण सहित अन्य मौजूद रहे।

## दूसरी तिमाही के अंत तक एनसीएल ने दर्ज की भारी बढ़त



**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए दूसरी तिमाही के खत्म होने तक कोयला उत्पादन, प्रेषण व अधिभार तीनों ही श्रेणियों में शानदार उपलब्धियां हांसिल की हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के सितंबर माह तक कंपनी ने 64 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में एनसीएल द्वारा किए गए 53.44 मिलियन टन कोयला उत्पादन से 19.78 प्रतिशत अधिक है। यह सितंबर माह तक निर्धारित लक्ष्य 57.84 मिलियन टन का 110.66 प्रतिशत है। कोयला प्रेषण में भी कंपनी ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। एनसीएल ने अप्रैल 2022 से सितंबर 2022 तक कोयला उपभोक्ताओं को 66.82मिलियन टन कोयला प्रेषित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 16.10 प्रतिशत अधिक है। कोविड त्रासदी के उपरांत अचानक से बढ़ी ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप एनसीएल बिजली घरों को निर्बाध व लक्ष्य से अधिक कोयला आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। सितंबर माह तक कंपनी ने बिजली घरों को 60.80 मिलियन टन कोयला भेजा है जो कुल कोयला प्रेषण का 91 प्रतिशत है। खुली खदानों में अधिभार हटाव कोयला उत्पादन की प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है और यह लंबे समय तक कोयला उत्पादन की प्रक्रिया को सुचारु ढंग से चलाने में अहम भूमिका निभाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एनसीएल ने इस श्रेणी में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 31.62 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 207.41 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार हटाया है। सीएमडी एनसीएल भोला सिंह व कार्यकारी निदेशक मण्डल ने समस्त एनसीएल कर्मियों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है और विश्वास जताया है कि कंपनी इस वर्ष भी समय से पहले व लक्ष्य से अधिक उत्पादन व प्रेषण सुनिश्चित कर देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में अहम भूमिका निभाएगी।

# सोशल मीडिया पर टिप्पणी को लेकर गेस्ट लेक्चरर पदच्युत

## विश्वविद्यालय प्रशासन ने मिथिलेश गौतम के परिसर में प्रवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया

**भाषा। वाराणसी**

**वाराणसी** जिले में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एक गेस्ट लेक्चरर (अतिथि व्याख्याता) को सोशल मीडिया पर की गई उनकी टिप्पणी के कारण पदच्युत कर दिया गया है। विद्यापीठ के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गेस्ट लेक्चरर मिथिलेश गौतम के विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। गौतम ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, "महिलाओं के लिए नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक उपवास करने के बजाय भारत के संविधान और हिंदू कोड बिल को पढ़ना बेहतर है। उनका जीवन गुलामी और भय से मुक्त हो जाएगा, जय भीम" पोस्ट का संज्ञान लेते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की रजिस्ट्रार डॉ. सुनीता पांडे ने गौतम के खिलाफ कार्वाई शुरू की। उन्होंने एक कार्यालय आदेश जारी कर कहा, 29 सितंबर को छात्रों ने एक पत्र के माध्यम से शिकायत की थी कि राजनीति विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्याता डॉ. मिथिलेश कुमार गौतम ने सोशल मीडिया पर कुछ सामग्री पोस्ट की थी, जो हिंदू धर्म के खिलाफ है। आदेश में कहा गया है, "डॉ. गौतम के कृत्य के कारण छात्रों में भारी आक्रोश है। विश्वविद्यालय का माहौल बिगड़ने और परीक्षा प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर मुझे निर्देश दिया गया है कि डॉ. मिथिलेश कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से पदच्युत किया जाए और सुरक्षा कारणों से विश्वविद्यालय परिसर में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। बार-बार प्रयास करने के बावजूद, मिथिलेश कुमार गौतम से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका, क्योंकि उनका फोन बंद है। अखिल भारतीय विदयार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक पदाधिकारी अनुज श्रीवास्तव ने कहा कि गौतम द्वारा की गई टिप्पणी गलत थी, और विश्वविद्यालय ने उचित कदम उठाया है। इस बारे में लखनऊ विश्वविद्यालय में हिंदी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रविकांत चंदन ने पीटीआई-भाषा को बताया, "मैंने सोशल मीडिया पर उस पोस्ट को देखा था, और इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं था। हमारा संविधान कहता है कि तार्किक और वैज्ञानिक भारत होना चाहिए। हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, और यह पोस्ट महिलाओं की स्वतंत्रता से संबंधित है। यह एक साधारण और सामान्य पोस्ट है। अब सवाल यह है कि क्या नए भारत में तर्क का अस्तित्व समाप्त हो गया है?" उन्होंने कहा कि दूसरे, वह (मिथिलेश कुमार गौतम) एक दलित शिक्षक हैं। पहले उन्होंने (जाहिरा तौर पर भारतीय जनता पार्टी की तरफ इशारा करते हुए) मुसलमानों पर हमला किया था और अब वे दलित कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं, और शिक्षण संस्थानों में ऐसा हो रहा है, क्योंकि वहां पढ़े-लिखे लोग हैं। कोई यह नहीं पूछेगा कि एक शिक्षक ने कितने घंटे पढ़ाया है।

## फीस वृद्धि को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। फीस वृद्धि के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे छात्र अजय यादव सम्राट ने बताया कि आंदोलन कर रहे छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन वहां छात्रों को एक कमरे में बैठा दिया गया और पुलिस बुलाकर उन्हें गिरफ्तार करा दिया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों के साथ हर कदम पर छलावा कर रहा है और अगर फीस वृद्धि वापस नहीं हुई तो अब इसका अंजाम विश्वविद्यालय प्रशासन भुगतने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि यह अंतिम चेतावनी है और अब इसकी लड़ाई आर-पार की होगी। छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन एक तरफ वार्ता करने का रास्ता खोलता है तो दूसरी तरफ प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर देता है, जब छात्र वार्ता के लिए जाते हैं तो उनको पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर फीस वृद्धि वापस नहीं हुई तो विश्वविद्यालय में जो भी घटना होगी उसकी जिम्मेदारी कुलपति, रजिस्ट्रार, डीएसडब्ल्यू, कुलानुशासक, और प्रोफेसर मनमोहन कृष्णा की होगी। यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए छात्रों में हरेंद्र यादव, राहुल पटेल, सुधीर यादव, संदीप वर्मा, चंद्रशेखर अधिकारी, विनोद पटेल, यशवंत, अजय पांडेय, अनुराग, आनंद, राहुल सरोज, मनजीत पटेल, अमित पांडेय शामिल हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र पिछले 25 दिनों से फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर की शिक्षा की फीस प्रति छात्र 975 रुपए प्रतिवर्ष थी जिसे हाल ही में 300 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 4,151 रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है।

# श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी के दरबार में लगाई हाजिरी





**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

**शारदीय** नवरात्र के छठें दिन मॉ कात्यायनी देवी के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु उमड़े। संकठा गली स्थित मॉ संकठा देवी मंदिर के पीछे आत्मविशेश्वर मंदिर में श्रद्धालु अलसुबह से ही दर्शन-पूजन करने पहुॅचे जो देर रात तक चलता रहा। पक्के मुहाल के भीतरी गली पड़ने के कारण इस मंदिर में श्रद्धालु कम पहुॅच पाते हैं। इस गली स्थित सभी देवी मंदिर सिद्धपीठ है। श्रद्धालुओं ने मॉ कात्यायनी देवी को माला-फूल, नारियल-चुनरी, प्रसाद आदि चढ़ाये। माता रानी को श्रद्धालुओं ने खूब जयकारा लगाया। देर रात में मॉ कात्यायनी देवी की महाआरती की गई। वहीं नवापुरा स्थित मनोकामना नौ दुर्गा मंदिर में नवरात्र के पहले दिन से लेकर छठवें दिन मॉ के दरबार में भारी भीड़ भी। श्रद्धालुओं ने जमकर मॉ की जयकारा की एवं माला-फूल,नारियल, प्रसाद आदि चढ़ाया। रात्रि ग्यारह बजे मातारानी की महाआरती की गई।

## शामली के जैन मंदिर से 150 वर्ष पुरानी मूर्तियां चोरी

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले के गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के भैंसवाल में एक जैन मंदिर से 150 वर्ष पुरानी दो मूर्तियों की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने बताया कि शुक्रवार की देर रात ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने जैन मंदिर से भगवान महावीर और आदिनाथ की मूर्तियों को चुरा लिया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मंदिर की प्रबंध समिति के प्रमुख राजीव जैन के अनुसार चोरी की मूर्तियां करीब 150 साल पुरानी हैं। जैन ने कहा कि चोरी का पता तब चला जब मंदिर के पुजारी शनिवार सुबह मंदिर आए।

# मुठभेड़ में एक लाख का ईनामी ढेर

**जौनपुर।** जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास शुक्रवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए बदमाश के ऊपर लूट, हत्या, डकैती समेत विभिन्न अपराधों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के मुताबिक, पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अपराधी विनोद सिंह की काफी समय से तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में सिपाही अजय सिंह भी घायल हुए हैं। साहनी के अनुसार, मारे गए बदमाश विनोद सिंह की उम्र 40 साल के आसपास थी और वह जौनपुर के सरपतहां थाना क्षेत्र के छितमपट्टी गांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि विनोद सिंह जौनपुर के अलावा पूर्वांचल के कई अन्य जिले में भी सक्रिय था और लूट, हत्या और डकैती की वारदातों को अंजाम देता था। साहनी के मुताबिक, विनोद सिंह के कब्जे से 9 एमएम की मिनी कार्बाइन और 32 बोर की पिस्तौल के साथ-साथ भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि विनोद सिंह सरपतहां थाने का वांछित हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में हत्या और डकैती के दर्जनों मुकदमे पंजीकृत थे।

### दलित युवती के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

बलिया। जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और घटना का वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को युवती के गांव के ही रहने वाले एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। बांसडीह कोतवाली के प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दलित युवती की तहरीर पर शनिवार को उसके गांव के निवासी राहुल राजभर (22) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सिंह ने बताया कि दलित युवती 20 सितंबर को अपरान्ह शौच के लिए जा रही थी, तभी राहुल राजभर ने उसे गन्ने के खेत में ले जाकर कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो भी बना लिया। सिंह के मुताबिक, युवती को चिकित्सकीय जांच के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रिटायरमेंट पर सम्मान से भावुकता में छलक पड़े आंसू



**गाजीपुर।** जनपद में शुक्रवार 30 सितम्बर को रामविलास सिंह वरिष्ठ संग्रह अमीन राजस्व विभाग पद से रिटायर हुए। रिटायरमेंट के दिन काफी भावुक दिखे रामविलास सिंह सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहाँ व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है। क्योंकि उस समय मन में मिश्रित भावनाएं उमड़ती है। उस समय दोनों खुशी के पल और दुखद क्षण व्यक्ति की आँखों के सामने छा जाते हैं। इस मौके पर सदर तहसीलदार अभिषेक राय ने कहा कि आखिरी पड़ाव में भी एक युवा व्यक्ति की तरह कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते रहें इनसे कर्मचारियों को सीख लेना चाहिए मैं बाबा विश्वनाथ से दुआ करूंगा आने वाले अपने नए कर्तव्य का बेहतरीन तरीके से निर्वहन करेंगे। हम उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना करेंगे। रिटायरमेंट के मौके पर कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर इनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तहसीलदार सदर ने छड़ी व रामचरितमानस की किताब सप्रेम भेंट किया। वही अपने स्वागत व रिटायरमेंट होने पर भावुक होकर रामविलास सिंह रोने लगे उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं जिस तरह से आप लोगों ने मेरे सेवा निवृत्त होने पर लोगों ने मेरा स्वागत किया मैं बहुत ही अभीभूत हूं और अपने सहकर्मी और कर्मचारियों से कहूंगा की आप लोग भी कर्तव्य निष्ठा और इमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। रामविलास सिंह ने सैदपुर कासिमाबाद सदर तहसील में अपनी पूरी नौकरी बिता दी सभी कर्मचारियों ने उनको याद करते हुए कहा की वह अपने काम के प्रति काफी सजग रहते थे।

## सिरदर्द या माइग्रेन का सही समय पर कराएं इलाज

**लखनऊ।** वर्तमान समय मे लोगो मे बहुत ज्यादा तनाव बढ़ रहा है। इसके अलावा लोग ख़राब लाइफस्टाइल जी रहे हैं। इस वजह से माइग्रेन और तनाव से सिरदर्द की समस्या इन दिनो ज्यादा हो रही है। हालांकि आपको सिरदर्द है या माइग्रेन, इसका पता लक्षणों और कारणों के आधार पर पता लगा करके सही इलाज का चयन करना ज़रूरी होता है। रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने टेंशन से होने वाले सिरदर्द और माइग्रेन के बीच अंतर करने और उनका इलाज कैसे किया जा सकता है इस पर सुझाव दिए हैं। तनाव से जो सिरदर्द होता है उसमे आपको सिर में लगातार दर्द या बेचैनी महसूस हो सकती है। माइग्रेन एक गंभीर सिरदर्द है। डॉ डी पी सिंह इंटरनल मेडिसिन, रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ ने कहा, चाहे आपको सालों से सिरदर्द हो या हाल ही में यह होना शुरू हुआ होए यह जानना महत्वपूर्ण है कि आप किस प्रकार के सिरदर्द से पीड़ित हैं। माइग्रेन से दुनिया भर में 1 अरब से ज्यादा लोग प्रभावित है और महिलाएं इस तरह के दर्द से ज्यादा पीड़ित होती हैं। सभी क्रोनिक माइग्रेन पीड़ितों में से लगभग 85 प्रतिशत महिलाएं हैं। अगर आपको काफी समय से तनाव से सिरदर्द हो रहा हैं और ओटीसी दवाओं से ठीक नहीं हो रहा हैं, तो अपने डॉक्टर से इस बारे में कंसल्ट करें।

## समाजवादी पार्टी 30 वर्षों में मुलायम सिंह यादव से अखिलेश यादव तक ही पहुंच पाई : भूपेंद्र सिंह

**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए कहा कि 30 वर्षों में सपा मुलायम सिंह यादव से अखिलेश यादव तक ही पहुंच पाई है और यह परिवारवाद का सबसे ज्वलंत उदाहरण है। भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम मे यहां शामिल होने आए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी सात-आठ वर्षों मे सभी चुनाव हारी है और उसके संगठन की हालत यह है कि नया प्रदेश अध्यक्ष तक नही दे पाई है। गौरतलब है कि हाल में हुए सपा के अधिवेशन में नरेश उत्तम को फिर से सपा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाए जाने और पीएफआई सदस्यो की गिरफ्तारी को उचित ठहराते हुए भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जिन जिन लोगों की गतिविधि संदिग्ध पाई जाएगी, उन सभी के खिलाफ कठोर कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास सूचना थी और देश विरोधी गतिविधियां पाए जाने पर पीएफआई के खिलाफ प्रतिबंध लगाया गया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसी भी देश विरोधी गतिविधि को बर्दाश्त नही करेगी। भूपेंद्र चौधरी ने जेब्रा पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया और पौधा रोपा। लखनऊ में भाजपा राज्य मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बाराबंकी मे और पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने उन्नाव में वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता की। भाजपा के मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती, पर पार्टी पूरे प्रदेश में महापुरूषो की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाएगी।

# हादसे में कैप्टन समेत तीन घायल

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र में शनिवार को पंजाब से दिल्ली जा रहे सेना के जवानों की एक जिप्सी के ट्रक से टकरा जाने की वजह से सेना के कैप्टन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शनिवार सुबह देवबंद थाना क्षेत्र के निहालखेड़ी गांव के समीप सेना के एक कैप्टन और जवानों को ले जा रही एक जिप्सी एक ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कैप्टन रोहन सिंह, जवान सत्एंद्र और जिप्सी चालक श्याम सुंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राय ने कहा कि ट्रक चालक फरार है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**सुल्तानपुर।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को रौंद दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई व दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के प्यारे पट्टी बाईपास की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग सराय अचल गांव जा रहे थे, लेकिन बाईपास पर पहुंचते ही तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हे टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल पर सवार सुशील कुमार (25) की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी कोतवाली देहात शिवकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्वाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना में घायल हुए चंदौली निवासी सौरभ तिवारी व बिहार के रहने वाले रवींद्र पासवान का इलाज किया जा रहा है।

## मारीच वध मेला

**कोंच**(जालौन)। ऐतहासिक 170 वां बर्ष पुरानी रामलीला महोत्सव में दिन शनिवार को प्रसिद्ध गढ़ी के मैदान में मारीच बध सीता हरण और जटायू वध लीला मेला के रूप में दिखाई गई इस मेले में चित्रकूट में बनी पंचवटी में भगवान राम अपनी भार्या सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ रहते थे उसी समय दशानन की बहिन सूपनखा राम लक्ष्मण को देखकर मोहित हो गयी तभी लक्ष्मण उसकी नाक काट देते है जब यह बात सूपनखा अपने भाई रावण को बताती है तो रावण क्रोधित हो जाता है और अपने मामा मारीच को सोने का हिरण बनाकर वहां भेजता है तभी राम लक्ष्मण उसका पीछा करते हुए तीव्र बाण चलाकर उसका वध कर देते है।

# सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों को 57 लाख के नुकसान की भरपाई का नोटिस

**बिजनौर।** लगभग तीन साल पहले सीएए (नागरिकता संशोशन कानून) और एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और आगजनी की घटनाओं में शामिल नहटौर के 60 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने नोटिस जारी कर 57 लाख रुपए के नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया है। नहटौर के थाना प्रभारी पंकज तोमर ने शनिवार को बताया कि 20 दिसंबर 2019 को नहटौर में सीएएएनआरसी के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों ने हिंसक रूप अख्तियार कर लिया था। उन्होंने कहा कि भीड़ ने सरकारी संपत्ति में तोड़-फोड़ की थी और थाने पर खड़ी पुलिस की जीप और मोटरसाइकिलों में आग लगा दी थी। तोमर के मुताबिक, इस दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव भी किया था और जवाब में पुलिस को गोली चलानी पड़ी थी। उन्होंने बताया कि हिंसक प्रदर्शन में अनस और सलमान नाम के दो युवकों की गोली लगने से मौत हो गई थी। तोमर के अनुसार, प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान 57 लाख रुपए की सरकारी संपत्ति के नुकसान का आकलन किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अब हिंसा मे शामिल 60 आरोपियों को 57 लाख रुपए की भरपाई के लिए नोटिस जारी किए हैं।

# ट्रिपल एंटीजन टीका लगाए जाने के बाद 50 छात्र हुए बीमार

**अलीगढ़,।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के दादों थाना इलाके के नाई के नगला स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में ट्रिपल एंटीजन टीका लगाए जाने के बाद करीब 50 छात्र बीमार हो गए। इस टीके का इस्तेमाल डिप्थीरिया, टिटनेस और हूपिंग कफ की रोकथाम के लिए किया जाता है। घटना शुक्रवार की बताई गई है। बच्चों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां देर शाम तक उपचार के बाद ठीक होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई। इस मामले ने विवाद तब खड़ा हुआ जब बड़ी संख्या में प्रभावित छात्रों के अभिभावकों ने स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को बताया कि माता-पिता की अनुमति के बिना बच्चों को जबरन टीके लगाए गए। कुछ छात्रों के माता-पिता ने आरोप लगाया कि जब उनके बच्चों ने टीकाकरण से बचने के लिए स्कूल से भागने की कोशिश की तो स्कूल के गेट बंद कर दिए गए। अलीगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉक्टर नीरज त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि बच्चों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने की बात बढ़ा चढ़ाकर पेश की गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि करीब साठ बच्चों को एंबुलेंस में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र लाया जाया गया था, लेकिन वे बच्चे टीकाकरण के बाद होने वाले स्वाभाविक प्रभाव से पीड़ित थे। उन्होंने कहा कि टीका लगने के बाद कुछ दिक्कतें आती हैं। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि कुछ बच्चों को उल्टी हुई थी। त्यागी ने कहा कि शनिवार की सुबह डॉक्टरों की एक टीम प्रभावित गांव में भेजी गई थी और सभी बच्चे ठीक हो गए हैं। इस बीच शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व वाली प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटना की जांच के आदेश देने और स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित सभी दोषियों को दंडित करने की मांग की है।

# गरीब मरीज हमारे लिए वीआईपी

## इलाज करते समय यह भावना होनी चाहिए : ब्रजेश पाठक



**गोरखपुर।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को गरीब मरीजों को बेहद महत्वपूर्ण करार देते हुए चिकित्सकों से उनका इलाज करते समय इसे ध्यान में रखने को कहा। स्वास्थ्य विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, गरीब मरीज हमारे लिए महत्वपूर्ण और अति विशिष्ट हैं और यह भावना सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को उपचार प्रदान करते समय होनी चाहिए। किसी भी मां और नवजात बच्चे को 48 घंटे से पहले छुट्टी नहीं दी जानी चाहिए। वउप मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर भी गए और पूजा अर्चना की। उन्होंने भटहट में स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और ओपीडी रजिस्टर, दवाओं की उपलब्धता और क्षय रोगियों के उपचार का निरीक्षण किया। गुलरिहा के एक सरकारी स्कूल में चौपाल के दौरान पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के लिए काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय कार्यालय में भी एक बैठक की और कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वजह से गोरखपुर का विकास का एक मॉडल है और मुझे इसमें अपना योगदान देने का सौभाग्य मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और वह गोरक्षपीठ के महंत भी हैं। 2017 में मुख्यमंत्री बनने से पहले योगी पांच बार गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य चुने गए थे। पाठक शुक्रवार की शाम को गोरखपुर पहुंचे थे।

# ललितपुर में युवती से छेड़छाड़ के आरोप में सिपाही लाइन हाजिर

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने एक युवती के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ करने के मामले में शुक्रवार को डायल-112 के सिपाही को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर जांच क्षेत्राधिकारी (सीओ) को सौंपी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस की गाड़ी में बैठा एक पुलिसकर्मी एक महिला और एक व्यक्ति से माफी मांग रहा हैं। वीडियो में एक बुजुर्ग महिला यह कहती दिखाई दे रही हैं कि किसी लड़की से उसका मोबाइल नंबर क्यों मांग रहे हो, इस पर पुलिसकर्मी आइंदा ऐसी हरकत न करने का आश्वासन दे रहा है। हालांकि वीडियों में पुलिसकर्मी किसी लड़की से छेड़छाड़ या मोबाइल नंबर मांगते नहीं दिखाई दे रहा है। ललितपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सौजना थाना की पीआरवी संख्या-2611 (डायल-112) में तैनात सिपाही संगम यादव को दुकान चला रही एक लड़की से सिगरेट लेने के बहाने कथित रूप से उसके साथ छेड़छाड़ करने के मामले में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है और मामले की जांच तालबेहट के सीओ को सौंप दी है। उन्होंने कहा, मामले में प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी नहीं है, हमारे पास पीड़िता या उसके परिजनों की कोई तहरीर नहीं आई। सोशल मीडिया पर इस वायरल वीडियो के जवाब में ललितपुर पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, प्रकरण को संज्ञान में लेकर आरक्षी को थाना क्षेत्र से हटाकर पुलिस लाइन में तैनात कर दिया गया है, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच की जा रही है।

# गुणवत्ता युक्त शिकायतों का किया जाए निस्तारण

● सीआरओ ने मिल्कीपुर तहसील समाधान दिवस में सुनीं जन शिकायतें

● बालिका से शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला हुआ पेश शादी से इनकार किए जाने पर पीड़ित बालिका की मां ने की शिकायत

**संवाददाता।** मिल्कीपुर अयोध्या



**मिल्कीपुर** तहसील सभागार में मुख्य राजस्व अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से 133 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें से 5 मामलों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण सीआरओ द्वारा करा दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिक बेटी से पड़ोसी गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर काफी दिनों से यौन शोषण करता रहा। लेकिन अब वह शादी करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है। नाबालिग बालिका की मां ने एसडीएम को बताया कि मैंने कार्यवाही के लिए चौकी प्रभारी चिलबिली को भी कार्यवाही के लिए तहरीर दिया था। किंतु उनके द्वारा मामले में कोई कार्यवाही न करते हुए उल्टे मुझको ही डांट डपट कर चुपचाप अपने घर बैठने की धमकी दे दी गई थी। पीड़ित महिला की शिकायतों का मामले का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी ने कुमारगंज पुलिस को प्रकरण की गहन जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दे दिए हैं। समाधान दिवस में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा ने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ख्याल रखने के निर्देश दिए और कहा शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। ताकि एक ही शिकायत बार.बार समाधान दिवस में न आए। यदि गुणवत्ता युक्त समाधान शिकायतों का किया जाएगा तो वहां से समाधान दिवस में दोबारा शिकायत नहीं आएगी। समाधान दिवस में प्रमुख रूप से एसडीएम अमित कुमार जायसवाल, तहसीलदार हेमंत गुप्ता सहित मिल्कीपर सर्किल के इनायत नगरए कुमारगंज और खंडासा थानों के उप निरीक्षक और अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष सहित उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## समय से शिकायती पत्रों को निपटाएं अधिकारीः डीएम

**अंबेडकर नगर।** जनसमस्याओं के निराकरण हेतु कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें।



तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 119 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 24 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अनुराज जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, क्षेत्राधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल 104 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष 90 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए । जिसमें से 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। तहसील भीटी के संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 58 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

## हिमांशु शुक्ला ने वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय का पदभार संभाला

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**वर्ष** 2008 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी हिमांशु शुक्ला ने प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पदभार निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय रवि प्रकाश से ग्रहण किया। जिनका स्थानान्तरण एडिशनल रजिस्ट्रार रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल प्रयागराज में हो गया है। इससे पूर्व हिमांशु शुक्ला उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय का दायित्व निभा रहे थे। हिमांशु शुक्ला ने राजनीति विज्ञान में परास्नातक की उपाधि हासिल की। हिमांशु शुक्ला ने धनबाद मण्डल से सहायक यातायात प्रबंधक बरकाकाना के रूप में अपनी रेल सेवा प्रारम्भ की। श्री शुक्ला ने मण्डल परिचालन प्रबंधक पंडित दीन दयाल उपाध्याय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक पंडित दीन दयाल उपाध्याय वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक कार्यवाहक पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन निदेशक पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है। वर्ष 2019 में हिमांशु शुक्ला को राष्ट्रीय रेल प्रशिक्षण अकादमी वड़ोदरा में महानिदेशन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल के वाणिज्य विभाग में निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय रवि प्रकाश के विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया।

## गांधी जयंती समारोह का आयोजन आज

**अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस/गांधी जयंती समारोह मनाये जाने के सम्बंध में शासन से प्राप्त निर्देश क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया है कि आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में गरिमामय ढंग से मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 02 अक्टूबर 2022 को 153वें गांधी जयंती समारोह का सम्मान पूर्वक आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रमों में प्रातः 6 बजे से 7 बजे सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय परिसर की साफसफाईध् श्रमदान करेंगे। प्रातः 7 से 7:30 बजे तक नगर एवं विभिन्न कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जायेगा तथा सभी कार्यालयोंध्विद्यालयों आदि के किसी कक्ष या हाल में वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 9 बजे महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा।

# रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम का विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

● लगभग 50 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**श्रीनिवासन** रामानुजन पब्लिक स्कूल प्रांगण में रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने रक्तसंकल्प संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग 50 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान दिया। अध्यक्ष रोटेरियन नितिन चोपड़ा ने बताया कि स्वरूपरानी अस्पताल ने रक्तदान हेतु चार यूनिट बेड की व्यवस्था की सम्पूर्ण व्यवस्था स्वरूपरानी ब्लड बैंक द्वारा विनोद तिवारी के सहयोग से व्यवस्थित की गई। रक्तसंकल्प संस्था के रवित सचदेवा और उनकी टीम ने इस शिविर को आयोजित कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया। यह संस्था बहुत समय से रक्तदान हेतु जागरूकता अभियान एवं रैली आयोजित कर रही है। सचिव रोटेरियन डॉक्टर प्रतीक पांडेय ने बताया कि कोशिश की जा रही है प्रयागराज को जागरूकता अभियान के तहत सत प्रतिशत स्वयं रक्तदान करने वाले शहर का दर्जा शीघ्र प्राप्त होगा और जरूरतमंद लोगों को रक्त की आवश्यकता के लिए परेशान नही होना पड़ेगा।विद्यालय के प्रबंधक अपूर्व श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या अभिगैल ने सभी से रक्तदान करने और कराने का आग्रह किया जिसके तहत इस रक्तदान शिविर में बहुत से लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान दिया। जिसमें रोटेरियन सदस्यों ने अभिभावकों ने टीचर्स ने एवं कई संस्थाओं के स्टाफ ने भी रक्तदान दिया। इस शिविर में रोटेरियन संजय सिंह जय कुमार संजय तलवार संदीप जैन रितेश सिंह पंकज गुप्ता अजय शर्मा संदीप कात्याल आकांछा चोपड़ा मनीष गर्ग अन्य रोटरी सदस्य एव एम एन एन आई टी की प्रोफेसर ज्योत्स्ना सिन्हा आदि भी उपस्थित रहे।

## शास्त्री, गांधी जयंती पर आज होगा समारोह

**प्रयागराज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर को कायस्थ पाठशाला मनायेगा।कायस्थ पाठशाला के प्रवक्ता एवं अतिरिक्त सचिव प्रशासन अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ पाठशाला प्रयाग द्वारा दो अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सुबह 10रू30 बजे मेडिकल चौराहे पर स्थित पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सभा का आयोजन भी किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी डॉक्टर के पी श्रीवास्तव होंगे। सभा की अध्यक्षता कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह करेंगे। इस अवसर कायस्थ पाठशाला के पूर्व अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

# तालाब के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**बीकापुर अयोध्या।** बीकापुर थाना अंतर्गत गोविंदपुर राम सागर तालाब के किनारे 26 वर्षीय युवक संदिग्ध हालत में तालाब के किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला। स्वजन की सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है।

मृतक मारुत यादव पुत्र रघुवीर यादव ग्राम पंचायत खजुरहट मजरा बभनइया का निवासी था जो शुक्रवार को दुर्गा पूजा देखने के लिए घर से निकला था शनिवार को सुबह घर से 3 किलोमीटर दूर रामसागर तालाब गोविंदपुर के पास उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। ग्रामीणों में देखा और मामले की सूचना उसके स्वजन को दी। घटना की सूचना थाना बीकापुर पुलिस को दी गई इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार



श्रीवास्तव ने बताया मामले की जांच की जा रही है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। वही मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना को लेकर गांव के आसपास तरह.तरह की चर्चा दबी जुबान से की जा रही है

## हिंदी की 20 लघुकथाओं को सिंधी में अनुवाद करके मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में भारत सरकार के नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद् के वित्त पोषण से संचालित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में सिंधी.हिंदी परस्पर अनुवाद कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें अयोध्या, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ के 20 प्रतिभागियों ने अनुवाद कार्यशाला में हिस्सा लिया। मानव संसाधन के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण (कार्यवाहक) डॉ. सुरेन्द्र मिश्र एवं अवधी भाषा की सहायक आचार्य प्रत्याशा मिश्र ने प्रतिभागियों को अनुवाद की अवधारणाओं से आत्मसात कराते हुए उनके महत्व और भविष्य को रेखांकित किया। अध्ययन केंद्र में सिंधी भाषा सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी ने बतौर रिसोर्स पर्सन हिंदी की 20 लघुकथाओं को सिंधी में अनुवाद कार्य कराते हुए सिंधी.हिंदी के मध्य अनुवाद में आने वाली समस्याओं का समाधान समझाया। अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रोण् आरण् केण् सिंह ने बताया कि केंद्र में अनुवाद की प्रथम कार्यशाला में प्रथम प्रयास में ही निर्धारित लक्ष्य का हासिल होना केंद्र के प्रति सिंधी छात्रों के बढ़ते रूझान का परिचायक है। इससे वे उत्साहित हैं और इस कार्यशाला में हुई 20 हिंदी कहानियों के सिंधी अनुवाद की पुस्तक का प्रकाशन कराए जाने का उन्होंने ऐलान किया। मौके पर प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित




**अंबेडकर नगर।** स्वच्छता पखवारा के अन्तर्गत गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर देव इंद्रावती महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवकों के द्वारा पूरे महाविद्यालय के प्रांगण में साफ सफाई की गई। स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विपिन कुमार को प्रथम एरजनी सिंह को द्वितीय ए नेहा वर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया।देव इंद्रावती महाविद्यालय में एनएसएस के चारो इकाइयों के कार्यक्रमाधिकारी डा नीता मिश्रएडा तेज भान मिश्र डा रवि सिंह राणाए डा सलीम अहमद जिला नोडल अधिकारी डा बीरबल शर्मा एनएसएस के नेतृत्व में स्वच्छता स्वाथ्य के लिए आवश्यक विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बीरबल शर्मा ने कहा हमे स्वास्थ्य रहने के लिए स्वच्छ रहना आवश्यक है। नीता मिश्रा ने कहा हमे अपने आस पास गन्दगी को हटाना होगा जिससे समाज को बीमारी से मुक्त किया जा सके।रवि सिंह ने कहा स्वच्छता समाज व देश को निरोगी रखने का एक मात्र साधन है। तेज भान मिश्र ने कहा बीमारी का माध्यम गन्दगी है हमे समय समय पर अपने हाथों को तर्कीव के बताए गए तरीके से धोना चाहिए। मुस्कान, सृष्टि पांडेय सायमा खातून, अमित चौहान संदीप प्रीति वर्मा विपिन कुमार गोष्ठी में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सलीम अहमद नेकिया।

## नाली के विवाद में मारपीट एक घायल, हालत गंभीर

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** बीते शुक्रवार को रात्रि में लगभग नौ बजे टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुहिया में नाली के विवाद की रंजिश को लेकर घर मे घुसकर आधा दर्जन लोगों ने तोड़ फोड़ के साथ एक महिला सहित तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी जिसमे एक की हालत गम्भीर है जिसे टाण्डा अस्पताल से रात्रि में ही जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। मुकदमा वादी अजय यादव पुत्र राम सूरत ने बताया कि रात्रि में लगभग 9 बजे नाली के विवाद की रंजिश को लेकर विपक्षी गण शबलु, बबलू, अरविंद पुत्रगण श्रीराम कन्नौजिया, सेवाराम, खुशीराम पुत्र गण मायाराम व मयाराम पुत्र घिसियावन निवासी ग्राम डुहिया एक राय होकर लाठी डंडा लेकर मेरे घर मे घुस कर गाली देते हुए उपद्रव व तोड़फोड़ करते परिवार के लोगों के ऊपर हमला करते हुए मेरे भाई रोहित यादव के ऊपर जान लेवा हमला कर सर पर मारा जिससे रोहित मौके पर गिर कर बेहोश हो गया। उसके बाद मुझे व मेरी माँ को जमकर मारा पीटा और घर के सामानों को तोड़ फोड़ करते हुए पथराव करते जान से मारने की धमकी देते भाग गए। घायलों में रोहित यादव की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने 147,149,323, 336,352,308,452,427,504,506 आईपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मुक्त विश्वविद्यालय में अब 15 अक्टूबर तक होगा प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के सत्र जुलाई 2022 23 के लिए प्रवेश की तिथि 15 अक्टूबर 2022 तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने आज कानपुर में क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों की कार्यशाला में लिया। कुलपति के इस निर्णय से प्रदेश के सुदूरवर्ती छात्र लाभान्वित होंगे। मुक्त विश्वविद्यालय में इस समय ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध लगभग 1300 अध्ययन केंद्रों पर संचालित की जा रही है। इस बार प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रवेश पोर्टल पर आवश्यक सुधार किए गए हैंए जिससे छात्रों को असुविधा न हो। इस तरह की व्यवस्था से प्रवेशार्थी भी सचेत रहेंगे और फॉर्म भरने में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस व्यवस्था में सुधार से छात्रों को काफी राहत मिली है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र समस्त कार्यक्रमों के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन शुल्क जमा करते हुए प्रवेश ले सकते हैं।

### मुविवि में गांधी जयंती पर समारोह आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में दो अक्टूबर को पूर्वाह्न 10रू30 बजे मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में गांधी जयंती समारोह का आयोजन यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र किया जाएगा।

# संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान रैलियों को किया गया रवाना

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**एक से** 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एदस्तक अभियान का उद्घाटन शनिवार को जनपद अम्बेडकरनगर में कलेक्ट्रेट परिसर से सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों आशा एवं एएनएम की रैली एवं गाड़ियों का फ्लैग ऑफ जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन के द्वारा रैलियों को रवाना कर दिया गया। रैली खाना करने से पूर्व जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता को कार्यक्रम के प्रति अपने उत्तरदायित्वों की शपथ दिलायी एवं सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को संचारी अभियान को सफ्लतापूर्व पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया, सभी विभाग पूर्ण मनयोग से अपने विभाग की जिम्मेदारियों का गम्भीरता पूर्वक पालन करें, आमजन को जागरुक करें तथा आवश्यकता पड़ने पर जनता की सहायता हेतु हर पल तत्पर रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि संचारी अभियान में ग्राम प्रधान एवं वार्ड सभासद अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम के नोडल है, गाँवों ए वाढों मे का साफसफाई झाडे-झाड़ियों की कटाई, लार्वीसाइडल छिड़काव और प्रचार.प्रसार आदि एएनएम, आशा के साथ मिलकर सम्पूर्ण कार्य को सम्पन्न करायेगे। इनके कार्यो की निगरानी वार्ड सभासद नगर में तथा गावों में एडीओ पंचायत द्वारा एवं एडीओ पंचायत के कार्यो की निगरानी ब्लॉक के बीडीओ द्वारा किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि 07 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान में आशा और ऑगनबाड़ी घर-घर जाकर बुखार के रोगियों एवं टीबी के रोगियों की सूचना भी एकत्रित करेंगी, जिसे वह सम्बन्धित मुख्यालय पर एएनएम के माध्यम से उपलब्ध करायेंगी। उनके उपचार की जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्यालय की होगी। 15 वर्ष से कम उम्र तक के बच्चों के घर पर स्टीकर चिपकाये जायेंगे तथा 04 घर मे से किसी एक घर में जहां बुखार के रोगी, टीबी के रोगी अथवा 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पाये जायेंगेए उनके घर भी स्टीकर चिपकायें जायेंगेए अभियान के दौरान आशाएं मच्छर के प्रजनन स्थल का स्रोत विनष्टीकरण कराते हुये मच्छर जनित रोगो से बचने के उपाय साफसफाई और क्लोरीनेशन डेमो का कार्य करेगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डा0 मंसूर हसन सिद्दिकी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी विभाग अपने विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण स्वयं करेंगे, जिससे कि गतिविधियों की गुणवत्ता बढ़े और कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्ण हो सके। पिछले वर्षो मे मष्तिस्क ज्वर एवं डेंगू के रोगियों में जनपद स्तर पर काफी कमी आयी है, और भविष्य में हम इसे सभी विभागों के सहयोग से और कम करने के लिए तत्पर है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. नवनिधि मिश्रा ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशाएं और आँगनबाड़ी बहनें 05 सूचियां तैयार करेंगी, जिसमें बुखार से सम्बन्धित रोगी की सूची कोविड.19 युक्त लक्षण पाये गये रोगी की सूची छय रोग के लक्षण पाये गये रोगी की सूची अति कुपोषित बच्चों की सूची जिन घरों में मच्छर के लार्वा पाये गये घरों की सूची तैयार कर के अपने कार्यालय को उपलब्ध करायेंगी। फ्लैग ऑफ के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हसीन अहमद डॉ आशुतोष श्रीवास्तव अधीक्षक, सामु. स्वा. केन्द्र अकबरपुर, डॉ0

## सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत किया गया पौधरोपण

**अंबेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत पूरे जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। सेवा पखवाड़ा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से शुरू हो कर 2अक्तूबर गांधी जयंती तक चलने वाले कार्यक्रमों के क्रम में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने अकबरपुर नगर मण्डल के बूथ संख्या 39 के प्राथमिक विद्यालय अफ्जलपुर में भाजपा जिला मंत्री शिव पूजन राजभर, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष दुर्गेश साहू, उमा शंकर सिंह के साथ वृक्षारोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने वृक्षारोपण के बाद कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण संरक्षण है जिसके लिए भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय ने सया महाविद्यालय में विद्यालय स्टाफ के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने वृक्ष की मानव जीवन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले अनुकूल प्रभार की चर्चा





किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने वृक्षारोपण के उपरांत कहा कि जिस प्रकार से जल ही जीवन है उसी तरह से वृक्ष हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। विनय त्रिपाठी जिला सूचना अधिकारी, डीएमसी आरती यादव, डा. आशु सिंह एसएमओ डब्ल्यूएचओ, वीरेन्द्र वर्मा स्वच्छ भारत मिशन, सीडीपीओ अकबरपुर के अलावा, नगरपालिका अकबरपुर, महिला बाल विकास, आदि सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं कटेहरी विधानसभा के खजुरी मण्डल के बूथ संख्या 400 चन्दापुर में अम्बेडकरनगर लोकसभा प्रभारी जिला सहकारी बैंक अयोध्या अम्बेडकरनगर के चेयरमैन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ने वृक्षारोपण किया, वृक्षारोपण कार्यक्रम में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ने फ्लदार आम के पेड़ को लगाया, वृक्षारोपण कार्यक्रम में खजुरी मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी, मण्डल महामंत्री रानेश पाण्डेय, डा0 अयोध्या प्रसाद, विधानसभा आईटी संयोजक कुलदीप अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बजरंग वर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी संदीप शक्ति केंद्र संयोजक अनिल सिंह हिड़ीपकड़ीया तिवारी शक्ति केंद्र संयोजक तारकेश्वर पाण्डेय बूथ अध्यक्ष मंजुमणि मिश्रा पूर्व प्रधान संतोष गौड़, त्रिलोकी नाथ तिवारी, चिंतामणि पाण्डेय, राजमणि पाण्डेय रामलगन जायसवाल अम्बुज मिश्रा विनय मिश्रा डा0 राकेश पाण्डेय एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

रेउसा का नवदुर्गा महोत्सव हुआ सफल

# सांसद राजेश वर्मा और सेवता विधायक ज्ञान एक मंच पर पहुंचे

● अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने गुदगुदाया

संवाददाता। सीतापुर



**रेउसा के** नवदुर्गा महोत्सव में आयोजित हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में उस समय चार चांद लग गए जब वर्षों वर्ष बाद सीतापुर सांसद राजेश वर्मा और सेवता के विधायक ज्ञान तिवारी एक साथ एक मंच पर पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के हैं, मगर एक साथ रेउसा में काफी साल से दिखाई नहीं दिए होंगे। विधानसभा के पूरे चुनाव में विधायक ज्ञान तिवारी के मंच पर ही नहीं बैनर से भी सांसद राजेश वर्मा का नाम गायब रहता था, हालांकि इसका खामियाजा कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ता था, फायदा चाटुकार उठाते थे। सीतापुर की सत्ताधारी राजनीति की दो शक्तियों का एक होना उनके लिए नुकसान दायक सौदा साबित होने वाला है, जो दोनों के अलग राह चलने का अभी तक फायदा उठाते आ रहे थे। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राजेश वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञान तिवारी ने शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन में आए कवियों ने विभिन्न विधाओं की कविताओं को प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में कविता पाठ का प्रारंभ कवित्री प्रीति पांडेय की सरस्वती वंदना से हुई। कवि सम्मेलन के समापन पर कविता पाठय सुनाने आए कवि बिहारीलाल अंबर ने सभी को खूब हंसाया। कार्यक्रम का संयोजन संदीप मिश्रा दीप ने किया और मंच का संचालन डा. संदीप बाजपेई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवमां दुर्गा महोत्सव समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामेन्द्र तिवारी, उदित बाजपेई, महेन्द्र पांडेय, सचिदानंद अवस्थी, रमेश अवस्थी, रामेन्द्र शुक्ला, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, पवन कुमार रस्तोगी, रहसबिहारी त्रिवेदी, रिजवान अहमद, धमेन्द्र शुक्ला, मन्नू जैन, दिनेश पांडेय, कंचन बाजपेई, संजय कुशवाहा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिश्रिख नगर की तीन हजार की आबादी तरस रही है पानी के लिए

● 15 दिनों से मोहल्ला थोक में लगे जलपम्प खराब होने से बनी समस्या

● अधिकारियों से षिकायत के बावजूद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**नगर मिश्रिख** की 3 हजार से अधिक आबादी बीते एक पखवाड़े से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है, दरअसल मोहल्ला थोक एक में स्थित जलपम्प खराब होने से जलापूर्ति संभव नहीं हो पा रही। यही नहीं मोहल्ले के अधिकतर इंडिया मार्क हैंडपम्प नल भी खराब है जिससे पेयजल का संकट गहराता जा रहा है।

मोहल्लेवासी दूसरे घर में लगे समर से पानी पाइप द्वारा भरने के लिए मजबूर हैं। पानी किल्लत को लेकर विवाद भी उत्पन्न हो जा रहा है। मोहल्ले में लगे जलपंप की मरम्मत कई बार हो चुकी है जिससे एक-दो माह चलने के बाद जलपंप का मोटर पुन: खराब हो जाता है और लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है।

इस समस्या को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा नगर कमेटी के मंडल अध्यक्ष शिव शंकर राजवंशी मंडल महामंत्री संदीप गौतम, उपाध्यक्ष अमित कुमार, शिवपूजन, राहुल, विमल, अनुज कुमार आदि ने भी एसडीएम को ज्ञापन दिया लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## क्विक न्यूज

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव, लहरपुर थाना क्षेत्र का मामला

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली इलाके लहरपुर के ग्राम महमूदपुर के निकट तालाब मे ग्रामीणों को एक अज्ञात शव उतराता दिखा। शव दिखने से क्षेत्र में मची सनसनी। बताते चलें लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम महमूदपुर के निकट स्थित सेमरहिया तालाब मे अज्ञात शव मिलने से हड़कम्म मच गया। प्रातः काल करीब 6रू00 बजे ग्रामीणो ने देखा तो चारो तरफ अफरा तफरी मच गई। वही मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद हो गए। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला काफी देर बाद ग्रामीणों के अनुसार मृतक की शिनाख्त ग्राम गेरूही निवासी भोला पुत्र शरीफ उम्र 28 के रूप में की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। उक्त घटना में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आ रहा है मृतक की शिनाख्त करने के लिए पड़ोसी गांव जामिननगर निवासी मो0 हुसैन पुत्र जहांगीर ने भी मृतक युवक को अपना पुत्र छोटकन होने का दावा किया है जो कि विगत 3 दिनों से लापता था। पुलिस ने दोनों परिवारों को कोतवाली बुलाया है वही शव के पोस्टमार्टम के बाद उसकी पहचान की जा सकती है।

### महर्षि दधीचि की स्मृति में महोत्सव 6 से 9 अक्टूबर तक

**सीतापुर।** महर्षि की तपोभूमि मिश्रिख में महर्शि दधीचि स्मृति महोत्सव 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन भजन संध्या, 7 व 8 अक्टूबर को रामलीला और 9 अक्टूबर को पंचकोसीय परिक्रम शोभायात्रा निकाली जाएगी। आश्रम के महंत व्यवस्थापक महंत देवानंद गिरी ने बताया कि 9 अक्टूबर की षाम 6 बजे तीर्थराज मिश्रिख की आरती पूजन और रात 8 बजे दीपदान का भव्य कार्यक्रम होगा। उन्होंने आमजनमानस से महोत्सव में शामिल होने की अपील की। महंत देवानंद ने बताया कि शरद पूर्णिमा को अक्षय पुण्य प्राप्त करने के लिए दधीचि कुंड को दीपों से जगमग किया जाता है। इससे मानव का जीवन प्रकाशमय होता है। 78वें वार्षिक महोत्सव की जानकारी देते हुए पुजारी पं. देवदत्त मिश्रा ने भी जानकारी दी।

### रोट्रेक्ट क्लब गोला काशी ने रक्तदान से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम का किया भव्य आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रोट्रेक्ट क्लब गोला काशी द्वारा रक्तदान से सम्बंधित एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेड आर आर त्रिनयन राजपूत ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि ब्लड यानी खून एक ऐसी चीज है जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करकेए अनगिनत जरूरतमंदों की जिंदगी बचाई जा सकती है। सचिव रविसुत ने कहा कि एक बार रक्तदान से आप तीन लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। भारत में सिर्फसात प्रतिशत लोगों का ब्लड ग्रुप १ओ नेगेटिवश् है।श् ओ नेगेटिवश् ब्लड ग्रुप यूनिवर्सल डोनर कहलाता हैए इसे किसी भी ब्लड ग्रुप के व्यक्ति को दिया जा सकता है। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। नियमित रक्तदान से हम कैंसर हार्ट अटैक व अन्य बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष पवन गुप्ता सुभाष भसीन रवि प्रकाश आदर्श तिवारी शुभम कनौजिया पुष्कर व तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## जर्जर मकान गिराने के दौरान ढह स्लैब दो मजदूर घायल

**हरगांव सीतापुर।** नगर पंचायत हरगांव के वार्ड जहांगीराबाद में आज अचानक उस समय हड़कंप मच गया जब एक जर्जर मकान को गिरा रहे मजदूरों के ऊपर अचानक स्लैब गिर गई जिससे 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार वार्ड जहांगीराबाद के रहने वाले दीपू पुत्र बाबूराम का कई लोगों का सामूहिक परिवार है जिनका मकान काफी पुराना हो गया था जिसको गिरा कर नया मकान बनाना चाहते थे इसी को लेकर पुराना मकान गिराया जा रहा था कि अचानक स्लैप व दीवाल एक साथ गिर गई जिससे काम कर रहे समोद पुत्र चंद्रिका प्रसाद 25 वर्ष निवासी जहांगीराबाद व नीरज पुत्र बालक उम्र 23 वर्ष निवासी जहांगीराबाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको आनन-फानन में हरगांव सीएससी ले जाया गया।

# समाधान दिवस में जिलाधिकारी के तेवर हुए सख्त

● प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाईः एमपी सिंह

संवाददाता। संडीला (हरदोई)



फरियादियों की फरियाद सुनते हुए जिलाधिकारी व अन्य

**जिलाधिकारी एम** पी सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यदि प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में गंभीरतापूर्वक कार्रवाई न की गयी तो ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध निश्चित रुप से कड़ी कार्रवाई होगी।

तहसील सभागार में आयोजित अपने पहले तहसील दिवस में जिलाधिकारी एम पी सिंह के समक्ष बड़ी संख्या में क्षेत्र के तालाबों के आवंटन एवं कब्जे, पट्टे की भूमि पर कब्जा न मिलने तथा कोटेदारों द्वारा खाद्यान्न वितरण सही रुप में न किये जाने की शिकायतें आयीं इन शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए विशेष रुप से तहसील के लेखपालों, कानूनगो एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें इस बात का सुबूत हैं कि सम्बन्धित कर्मचारी अधिकारी समस्याओं के निस्तारण के बजाये मात्र खानापूर्ति करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक लेखपाल सप्ताह में तीन मामले ही निस्तारित कर देता तो एक मास में कम से कम पन्द्रह मामले निस्तारित होतें। दूसरी ओर कानून गो जिनकी जिम्मेदारी परवेक्षण करना है लगता है कि उन्होंने भी अपना दायित्व सही ढंग से नहीं निभाया। उन्होंने कहा कि शिकायतों की संख्या इसलिए कम नहीं होती क्योंकि उनका गंभीरतापूर्वक निस्तारण नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग के शिकायती पत्र अपने साथ लेकर जायें और इनका निस्तारण गंभीरता पूर्वक तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल प्राप्त शिकायतों का निस्तारण राजस्व अभिलेखों के आधार पर ही करें। उन्होंने कहा कि किसी डर या अनुचित दबाव में कोई गलत कार्य कदापि न होने पाये और यदि दबाव में कोई गलत कार्य किया गया तो ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तय है। जबकि ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मचारियों को पूर्ण संरक्षण दिया जायेगा। इस समाधान दिवस में सभासद सरताज अली ने यह शिकायत की कि वर्ष 2020 से उनके वार्ड में टूटी सड़कों कर मरम्मत नहीं करायी जा रही है। प्रार्थना पत्र देने पर अधिशासी अधिकारी चेयरमैन के पास, चेयरमैन अधिशासी अधिकारी के पास, कभी अधिशासी अधिकारी अवसर अभियंता के पास जाने के लिए कहते हैं इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को बुलाकर सारे मामले की जानकारी करने के साथ कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके अलावा कई लोगों ने कोटेदारों द्वारा खाद्यान्न कम देने, कई बार अंगूठा मैच न होने का बहाना करके वापस करने तथा दुर्व्यहार करने की शिकायतें की। इस पर उन्होंने पूर्ति अधिकारी को बुलाकर सारे मामले की जांच करने और कार्रवाई के आदेश दिये। ग्राम रैंसों निवासी अजय की शिकायत जिसमें उनको 14 जून 2022 को तालाब का पट्टा किये जाने के बाद अभी तक इस पर कब्जा न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीएम और तहसीलदार को सारा मामला खुद देखने के निर्देश दिये।

# अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम को लेकर गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

● इंटरनेशनल डे ऑफ ओल्ड पर्सन के रूप में मनाया गया वृद्धजन दिवस, वृद्धजनों को प्यार और स्नेह की जरूरतः डॉ. अनिल गुप्ता

**लखीमपुर खीरी।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा दी गई थीम दि.रेसिलियंस एंड कंट्रीब्यूशन ऑफओल्ड वूमेन के तहत शनिवार को राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम एनपीएचसीई आयोजित किया गया। इंटरनेशनल डे. ऑफओल्ड पर्सन के रूप में मनाए गए दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर बुजुर्गों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम को लेकर 15 दिन का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। मोतीपुर स्थित जिला अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने की। इस मौके पर नोडल अधिकारी ने कहा कि वृद्धजनों को प्यार और स्नेह की जरूरत होती है। सभी लोग अपने घर परिवार के बुजुर्गों का अच्छी तरह ख्याल रखें। उनके खाने.पीने और इलाज की उचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों में शुगरए सांस फूलने की बीमारीए खून की कमीए घुटनों और जोड़ों का दर्द जैसी कई बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैंए लेकिन अस्पताल में इनका इलाज उपलब्ध है। बुजुर्गों के इलाज के लिए खासतौर से चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहती है।

जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉण् शिखर बाजपेई ने कहा वृद्धजनों को देखभाल की आवश्यकता अधिक रहती है। कमजोरी के कारण वह स्वयं अपने आप को स्वस्थ नहीं रख सकतेए इसलिए परिवार और समाज के लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने वृद्धजनों का ख्याल रखें। उनके खानपान पर विशेष ध्यान दें। समय.समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच भी कराते रहना चाहिएए ताकि वृद्धजनों में होने वाली बीमारियों की जानकारी हो सके। उनके स्वास्थ्य को लेकर समय से उचित इलाज की जा सके। नोडल अधिकारी ने कहा कि समाज में वृद्धजनों का विशेष महत्व है। वह हमारे संरक्षक के रूप में होते हैं। इसलिए समाज की जिम्मेदारी बनती हैए कि वृद्धजनों की देखभाल अच्छे से करें। इस मौके पर जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई डॉ राकेश गुप्ता आई स्पेशलिस्ट डॉ पूनम वर्मा विजय वर्मा काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव स्टाफ नर्स नीरज फिजियोथैरेपिस्ट मोहम्मद सईद आदि स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# वृद्ध मतदाताओं के लिये अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर भव्य आयोजन

● डीएम एसपी ने 80 पार बुजुर्ग मतदाताओं का किया अभिनंदन, दिया आयोग का व्यक्तिगत पत्र, अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**भारत निर्वाचन** आयोग के निर्देश पर शनिवार को खीरी की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वृद्ध मतदाताओं के लिये अन्तर्राष्ट्रीय दिवस का भव्य आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी संजीव सुमन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डीएम.एसपी ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के साथ मौजूद वृद्ध ;80़द्ध महिला एवं पुरुष मतदाताओं को पुष्प व भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का व्यक्तिगत पत्र प्रदान किया। डीएम ने मतदाताओं को न केवल व्यक्तिगत पत्र प्रदान किया बल्कि उसे उन्हें पढ़कर भी सुनाया। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने वरिष्ठ मतदाताओं को प्रेषित व्यक्तिगत पत्र के जरिए देश की निर्वाचन प्रक्रिया में आपके निरंतर योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर और इस तरह भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के अपने जोश एवं समर्पण से आपने देश के युवाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। आपके जैसे उत्तरदायी ज्येष्ठ मतदाताओं के कारण ही हम एक लोकतंत्र के रूप में दुनिया में फल.फूल रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं।

डीएम ने कहा कि वरिष्ठ मतदाता बदलते समयए सामाजिक राजनीतिक आर्थिक समीकरण और देश में प्रौद्योगिकी के क्रमविकास के साक्षी हैं। आप निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ करने और निर्वाचनों का सही मायनों मे स्वतंत्र निष्पक्ष समावेशी सुगम और सहभागी बनाने के लिए हमारे निरंतर प्रगतिशील तंत्र के भी साक्षी हैं। आपनेए बीते समय मेंए विभिन्न चुनावों के दौरान अपना वोट डालकरए अपनी सरकार का विकल्प तय करने में अपने एक वोट के मूल्य का वास्ताविक अर्थ सिद्ध किया है। डीएम ने बताया कि आयोग राष्ट्र के प्रति लोकतांत्रिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए आपमें से प्रत्येक शक्तिए सामर्थ्य और दृढ़ निश्चय का अभिनंदन करता है। वरिष्ठ नागरिकों ;80़ आयु वर्गद्ध और दिव्यांग मतदाताओं ; 40: और अधिक नि:शक्तताद्ध की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आप लोगों के लिए व्हीलचेयरए रैंपए स्वंयसेवकोंए श्आने.जानेश् की नि:शुल्क परिवहन सुविधाओंए कतार.रहित मतदान जैसी कई नई सुविधाओं की व्यवस्था की है। इतना ही नहीं इसके अतिरिक्तए आप फॉर्म 12घ भरकर अपने घर में बैठे.बैठे मतदान कर सकते हैं। आयोग आपसे अनुरोध करता है कि आप आवश्यक सुविधाओं का लाभ उठाकर अपना मत डालें और युवा मतदाताओं को अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते रहें।

## यूडी की प्रधानाचार्या को आया फिनलैंड सरकार से निमंत्रण

**मोहम्मदी खीरी।** नगर के प्रतिष्ठित स्कूल उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी की प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता को शिक्षा व्यवस्था में दुनिया के नंबर 1 माने जाने वाले देश में फ़िनलैंड सरकार के शिक्षा विभाग से फ़िनलैंड आकर वहां की शिक्षा प्रणाली को समझने के लिए आने का आमंत्रण आया है। फ़िनलैंड सरकार ने यह आमंत्रण देश के चुनिंदा 25 स्कूलों को ही भेजा है । श्रीमती गुप्ता अन्य 25 प्रधानाचार्यों के साथ 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक फ़िनलैंडए स्वीडन तथा डेनमार्क के 10 स्कूलों की शिक्षा प्रणाली के गहन अध्ययन करेंगी । श्रीमती गुप्ता ने कहा कि वह वहाँ की शिक्षा व्यवस्था का हर वह तरीका जो हमारे बच्चों को शैक्षिक और व्यक्तिगत रूप से अधिक उत्कृष्ट बना सके को अपनाने का पूरा प्रयास करेंगी। श्रीमती गुप्ता ने आगे बताया कि वह वापस आने के बाद शिक्षकों तथा अभिभावकों की गोष्ठियाँ करेंगी ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचाया जा सके।

# दो दिन में निकाल ली 36 लाख की रकम, हड़कंप

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**विकास खण्ड** के एक गांव में कागजों पर कार्य दर्शाकर दो दिवस के भीतर 36 लाख की रकम निकाले जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सजगता पर पहुंचे जांच अधिकारियों ने कार्य का सत्यापन कर लोगों के बयान दर्ज किए। क्षेत्र के गांव दिलावरपुर में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बिना कार्य कराए हैंडपंप मरम्मतए नई बोरिंगए इंटरलॉकिंगए विकलांग शौचालय और होम पाइप डालने का कार्य दर्शा कर 28 और 29 सितंबर को 23 लाख 15 वां वित्त आयोग के खाते से और 13 लाख राज्य वित्त आयोग से निकालकर खर्च कर देने की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही उन्होंने मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर अविलंब कार्रवाई करने कीए घटना मे संज्ञान लेने पर पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शनिवार को बी डी ओ धर्मेश चंद पांडे ने घटना का संज्ञान लेते हुए दो सदस्यी टीम बनाकर जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।

आदेश मिलते ही टीम के लोगों ने ग्रामीणों से लंबी पूछताछ कर कराए गए कार्यों को सत्यापन किया जिससे उनके होश उड़ गएए उन्होंने बिल वाउचर लगाने वाले एसके ट्रेडर्सए अनन्या ट्रेडर्सए बीके ट्रेडर्स और राठौर ट्रेडर्स की फर्म पर पहुंचकर जांच करने पर अनियमितताओं की परत दर परत खुलती चली गई बीडीओ धर्मेश चंद्र पांडे ने बताया जांच टीम द्वारा रिपोर्ट मिलते ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वही डीपीआरओ ने भी पहुच कर जाच की उन्होंने बताया कि सचिव और प्रधान दोनो की मिलीभगत सामने आ रही है। जरूरत पडी तो रिपोर्ट दर्ज कराई जाऐगी और सरकारी घन दोनो से वसूला जाऐगा।

## सदर विधायक ने संचारी रोग जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखीमपुर खीरी।** संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक जन जागरूकता रैली सीएमओ ऑफिस से रवाना की गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर सदर विधायक योगेश वर्मा ने रवाना किया। इस दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार एसीएमओ डॉ. बीसी पंत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलाया जाएगाए वहीं 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। समाज में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक रैली सीएमओ कार्यालय से निकाली गई। इसे हरी झंडी दिखाकर सदर विधायक योगेश वर्मा और सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने रवाना किया। यह रैली सीएमओ ऑफिस से शहर के प्रमुख सभी मार्गों से होती हुई विलोबी मैदान में संपन्न हुई। इस दौरान सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि संचारी रोगों को जड़ से मिटाने के लिए लोगों में जागरूकता को बढ़ाना होगा। इसके लिए एक शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया है। सभी ने जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया है। हर रविवार मच्छर पर वार सहित संचारी रोगों से बचने के लिए खाने से पहले हाथ धुलनाए शौच के बाद हाथ धुलेना और साफ सफाई रखनाए साफ पानी का प्रयोग करनाए जहां पर मच्छर के पनपने का खतरा हो वहां पर मिट्टी के तेल या मोबिल का इस्तेमाल करना आवश्यक है। जिससे मच्छर न पनप सके और लोगों को होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। वहीं दस्तक अभियान के अंतर्गत घर.घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार एसीएमओ डॉ. बीसी पंत अवधेश वर्मा अनुज प्रताप सिंह और विधायक प्रतिनिधि शांतनु तिवारी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक गैंगस्टर सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**निघासन-खीरी।** मुखबिर की पक्की सूचना पर पुलिस ने स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दो कुख्यात अभियुक्तों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर संचालित वारंटीए वांछित तथा संदिग्ध किस्म के अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन इंस्पेक्टर चंद्रभान यादव के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामचन्द्र उर्फ भग्गा पुत्र रामविलास तथा बेचेलाल उर्फ बचनलाल निवासी ग्राम त्रिकौलिया को रात्रि गश्त के दौरान त्रिकौलिया मोड़ के पास गिरफ्तार किया । हालांकि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर ज्यादा मुकदमें तो दर्ज नहीं हैं लेकिन जितने भी हैंए काफी संगीन मामले हैं। अभियुक्त रामचन्द्र उर्फ भग्गा पर आबकारी तथा गैंगस्टर अधिनियम सहित कुल तीन जबकि दूसरे अभियुक्त बेचेलाल उर्फ बचनलाल पर आबकारी तथा गैंगस्टर अधिनियम सहित कुल दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार उक्त अभियुक्त उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत वांछित चल रहे थे। प्रभारी निरीक्षक के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सरोज कांस्टेबल अमित कुमार तथा मयंक कुमार ने समाज के लिए नासूर बन चुके उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत झण्डी मे किया वृक्षारोपण

**निघासन खीरी।** प्रधानमंत्री मोदी के 71 वें जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा श्सेवा पखवाड़ाश् विगत 17 सितम्बर से मनाया जा रहा है व इसी कड़ी में आज खीरी जनपद में कई जगह वृक्षारोपण किया गया है। भाजपा प्रदेश संयोजक व जनपद के वरिष्ठ नेता राजा राजेश्वर सिंह ने अपने बूथ झण्डी राज स्थिति राज बहादुर पार्क में आम के वृक्ष लगवाये। उनके साथ में भाजपा के सिंगाही मंडल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह ए पूर्व मंडल अध्यक्ष पैकरमा गुप्ता मंडल महामंत्री ओमप्रकाश मौर्या रवि गुप्ता वीरेन्द्र मिश्रा रामू चक्रवर्ती व चौकीदार खूबीलाल सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने रोपे पौधे

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा आज वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के तहत नीम जामुन आदि के पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रिंकू शुक्ला नगर अध्यक्ष सत्रोहन मिश्रा नगर उपाध्यक्ष मिथिलेश गुप्ताए महामंत्री राजेश राठौर उदित प्रताप सिंहए प्रफुल्ल बाजपेई हिमांशु तोमर डॉ डीके वर्मा डॉ अश्विनी द्विवेदी एवं उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 44 शिकायतें

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** तहसील गोला में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। विदेश में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मात्र 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व की 22ए पुलिस की 5 खाद्य एवं रसद विभाग की दो ग्राम्य विकास विभाग की 5ए चकबंदी की एक विद्युत विभाग की एक नगर विकास विभाग की 3ए सहकारिता विभाग की एक समाज कल्याण विभाग की एक नगर विकास एवं ग्राम्य विकास की एकए राजस्व एवं पुलिस विभाग की दो शिकायतें प्राप्त हुई। वहीं मोहम्मदी के तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस मे 39 शिकायती पत्र आए। 08 का मौके पर निस्तारण हुआ। कुल में 25 राजस्वए 4 विकास व 4 पुलिस सहित अन्य विभाग के एक एक शिकायती पत्र आए। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्माए तहसीलदार सतोष कुमार शुकलाए कोतवाल अबर सिहए बरबर अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह एसीडीपीओ माजदा बेगम सहित सभी विभागों के अधिकारी औजूद रहे ।

# चार अक्टूबर को होगा भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन

संवाददाता। ढखेरवा खीरी

**गत वर्षो** की भांति क्षेत्र के कस्बा रमिया बेहड़ में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 19वां मां भगवती श्री दुर्गा जी का भव्य दरबार सजा हुआ है। यहां नव दुर्गा पूजा समिति के द्वारा 26 सितंबर दिन सोमवार नवरात्रि के प्रथम दिन मां भगवती दुर्गा जी का दरबार सजाया गया था। यहां प्रतिदिन सुबह शाम आरती पूजन के साथ मां का भोग लगाने के पश्चात प्रसाद वितरण होता है। और रात्रि के समय स्थानीय एवं आमंत्रित जागरण कलाकारों के द्वारा रात्रि जगराता का कार्यक्रम होता है। कार्यक्रम में नव दुर्गा पूजा समिति सदस्यों के अलावा पूरे गांव के भक्तों ने काफी उत्साह के साथ बढ़.चढ़कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## ध्वनि प्रदूषण की वजह से छात्रों की पढ़ाई बाधित

**निघासन खीरी।** बक्सा निर्माण की वजह से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण बच्चों को पढ़ाई में खलनायक साबित हो रहा है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई अमल में नहीं है। ग्राम झंडीराज निवासी राजकिशोर पुत्र बालमुकुंद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित शिकायतीपत्र के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की झंडी चौकी के पास में सरदार पटेल मांटेसरी स्कूल संचालित हैए पड़ोस में ही झंडी चौराहा है जहां तौसीफ अहमद की बक्से की दुकान है। बक्सा निर्माण के समय उत्पन्न होने वाली तेज आवाज की वजह से बच्चों की पढ़ाई में बाधा पहुंचती है। इस आशय के संबंध में झंडी पुलिस चौकी में भी शिकायत की गई लेकिन इस समाचार के लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

पश्चिम बंगाल

# भाजपा अगले साल से दुर्गा पूजा का आयोजन नहीं करेगी

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में दो साल पहले दुर्गा पूजा आयोजित करने वाली पहली राजनीति पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अगले साल से यह आयोजन नहीं करेगी। भाजपा ने 2021 में हुए विधानसभा चुनाव से एक साल पहले से यह आयोजन शुरू किया था।

भाजपा ने आधिकारिक रूप से कहा कि वित्तीय संकट पूजा को जारी नहीं रखने का कारण है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने बताया कि आतंरिक तौर पर बहस चल रही है कि क्या राजनीतिक दल को दुर्गा पूजा का आयोजन करना चाहिए और साथ ही इस पर भी चर्चा चल रही है कि पार्टी को क्या अब खुद को राज्य में बंगाली संस्कृति के प्रति सम्मान करने वाली पार्टी के रूप में साबित करने की जरूरत है, जिसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी बाहरी करार देती थी।

भाजपा द्वारा आखिरी दुर्गा पूजा आयोजन को यादगार बनाने के लिए 28 वर्षीय गैर ब्राह्मण सुजाता मंडल को दुर्गा पूजा करने के लिए चुना गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार शनिवार को इस पंडाल का उद्घाटन करेंगे। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने वर्ष 2021 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले वर्ष 2020 में कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) में दुर्गा पूजा का आयोजन किया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया था। पिछले साल दूसरी बार पार्टी की ओर से दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था। मजूमदार ने कहा, अनुष्ठान के मुताबिक दुर्गा पूजा का आयोजन कम से कम तीन साल लगातार करना होता है। इसलिए यह हमारी आखिरी दुर्गा पूजा है और वित्तीय संकट की वजह से अगले साल से हम इसका आयोजन नहीं करेंगे। भाजपा की महासचिव अग्निमित्र पॉल ने कहा कि पूजा शुरू होने के बाद से पार्टी के भीतर पूजा आयोजित की जानी है, इसको लेकर दो विचार है। उन्होंने कहा, संभवत: यह विचार है कि राजनीतिक पार्टी का काम दुर्गा पूजा का आयोजन करना नहीं है बल्कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए जन आंदोलन और राजनीतिक कार्यक्रम करना है। भाजपा द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा की योजना और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भाजपा की महिला मोर्चा और संस्कृति प्रकोष्ठ के पास है। इस साल की पूजा कराने की जिम्मेदारी महिला पुजारी को दिए जाने पर पॉल ने कहा, भाजपा महिला सशक्तिकरण पर विश्वास करती है। अगर महिला घर में पूजा कर सकती है, तो पंडाल में क्यों नहीं ? हिंदू धर्म ग्रंथों में भी कहीं नहीं लिखा है कि महिला पूजा नहीं कर सकती। साथ ही लिखा है कि ब्राह्मण कर्म से होता है जन्म से नहीं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राज्य इकाई को अपनी बंगाली विश्वसनीयता साबित करने के लिए दुर्गा पूजा आयोजित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मजूमदार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को 300 से अधिक विभिन्न पूजा समितियों से उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि यह साबित करता है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति लाभ लेने के लिए दुर्गा पूजा का इस्तेमाल करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, वे अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में असफल रहे और इसलिए उन्होंने आयोजन को बंद करने का फैसला किया। यह साबित करता है कि भाजपा बंगालियों की मनोस्थिति को समझने में असफल रही।



थाणे में दुर्गा पूजा के अवसर पर सजा हुआ दुर्गा पंडाल

# सपनों के सौदागर केजरीवाल गुजरात चुनाव से पहले झूठ बोल रहे हैं : स्मृति ईरानी

**भाषा।** अहमदाबाद

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को नए सपने दिखा रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि गुजरात और गुजराती लोगों को नर्मदा बांध के पानी से वंचित करने की साजिश रचने वालों का समर्थन करने के लिए इस राज्य की महिलाएं कभी भी केजरीवाल को वोट नहीं देंगी। उन्होंने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला इकाई की सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक ने उन लोगों को सम्मानित किया था, जिन्होंने लोगों को नर्मदा के पानी से वंचित करने का षडयंत्र किया था। उन्होंने आप पर भाजपा कार्यकर्ताओं को पैसों के दम पर खरीदने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। ईरानी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल गुजरात के लोगों के बारे में झूठ फैलाकर आगामी चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन वह उसी तरह हार का स्वाद चखेंगे, जैसे वह 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हार गए थे।उन्होंने कहा, "अब वह नए सपने दिखाने और झूठ फैलाने के लिए गुजरात में हैं... मैं यहां चुनाव लड़ने वालों से कहना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात और गुजराती लोगों को वंदे भारत और अहमदाबाद मेट्रो ट्रेन का उपहार दिया है, लेकिन आपकी (आप की) सच्चाई यह है कि आप दिल्ली में डीटीसी बस की खरीद में हुए घोटाले में शामिल हैं" ईरानी ने केजरीवाल को "दिल्ली का सपनों का सौदागर" बताते हुए कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष किया था कि महिलाओं को नर्मदा नदी से स्वच्छ पेयजल मिले और हर परिवार को जल सुरक्षा मिले। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, केजरीवाल ने गुजरात और यहां के लोगों को नर्मदा के पानी से वंचित करने की कोशिश करने वालों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि गुजरात में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ईरानी ने कहा, "वह (केजरीवाल) गुजरात का दौरा अंधकार के साथ कर रहे हैं। लेकिन उन्हें ध्यान से सुनना चाहिए कि गुजरात में विकास की इतनी तेज रोशनी है कि वह अंधा हो जाएंगे। ए महिलाएं उनके झांसे में नहीं आने वाली हैं। वे कमल के निशान पर वोट करेंगी और एक बार फिर भाजपा को सत्ता में लाएंगी" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू केंद्र के जल जीवन मिशन के तहत 10 करोड़ घरों को नल से साफ पानी मिला है। उन्होंने कहा, "दूसरी ओर, केजरीवाल के आठ साल से शासन में रहने के बावजूद, दिल्ली में 690 झुग्गी बस्तियां अब भी पीने के पानी से वंचित हैं" केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शनिवार को अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे की शुरुआत की। ईरानी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी हर जगह जा रहे हैं, लेकिन अपनी पार्टी के सदस्यों की इस सलाह पर गुजरात नहीं आ रहे हैं कि उनकी उपस्थिति कांग्रेस की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा, "जब भी वह (राहुल गांधी) यहां आएं, तो उनसे सवाल करें कि क्या उन्होंने उस व्यक्ति की पीठ थपथपाई थी, जिसने एक गाय का वध किया था और क्या वह उस सभा में शामिल हुए थे, जहां उनकी (भारत जोड़ो) यात्रा के दौरान भारत माता का अपमान किया गया था"



ईरानी ने कहा, "मुझे लगता है कि वह (गुजरात) नहीं आएंगे। उनकी पार्टी के लोगों ने भी उनसे यह कहते हुए यहां नहीं आने का अनुरोध किया है कि वह जहां भी जाते हैं, तो पार्टी के वोट घट जाते हैं" उन्होंने महिला मोर्चा के इस कार्यक्रम में भाजपा की "हैलो कमल शक्ति" की शुरुआत की। यह एक विशेष फोन नंबर है जिसके जरिए 20 लाख महिलाओं का जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में, भाजपा की पूर्व मंत्री माया कोडनानी और अन्य वरिष्ठ महिला नेताओं को सम्मानित किया गया। कोडनानी को 2018 में गुजरात उच्च न्यायालय ने 2002 के दंगों के मामले में बरी कर दिया गया था।

# कांग्रेस सरकार पांच साल पूरे करेगी, अगला बजट युवाओं को समर्पित होगा : गहलोत

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य की मौजूदा सरकार अपने पांच साल पूरे करेगी और अगला बजट छात्रों और युवाओं को समर्पित होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस (सरकार गिराने के) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। गहलोत ने बीकानेर में संवाददाताओं से कहा, "आपने देखा पहले भी सरकार बच गई और अब भी मजबूत है। हम पांच साल पूरे करेंगे और मैंने कहा है कि आगामी बजट छात्रों और युवाओं को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा" गहलोत ने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार प्रयास करती है कि उनकी सरकार पांच साल पूरे नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, पहले भी भाजपा ने खरीद-फरोख्त की कोशिश की थी, लेकिन हमारे विधायक एकजुट थे और वे नहीं झुके। आपने देखा कि पिछली बार सरकार बच गई और यह अब भी मजबूत स्थिति में है। गहलोत ग्रामीण युवा ओलंपिक खेलों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को बीकानेर संभाग के दौरे पर हैं। उन्होंने राजस्थान के युवाओं, छात्रों और लोगों से उन्हें सीधे अपने सुझाव भेजने की अपील की, ताकि सरकार उनकी इच्छाओं के अनुरूप योजनाएं पेश कर सके। क्या कांग्रेस देश में एक मजबूत विपक्ष देने में विफल रही है ? इस सवाल पर गहलोत ने कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार हिल गई है। शुरुआत में तो भाजपा ने भारत जोड़ो यात्रा की आलोचना की, लेकिन अब उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है।






नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक कार्यक्रम के दौरान चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे व अन्य

# आरएसएस के पांच नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पांच नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। यह फैसला उन पर हमले के संभावित खतरे के मद्देनजर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ हाल ही में की गई छापेमारी की कार्वाई के दौरान जो दस्तावेज बरामद हुए हैं, उनसे संकेत मिले हैं कि ए नेता पीएफआई के निशाने पर हैं। केंद्र सरकार ने पीएफआई को आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों और खुफिया एजेंसियों द्वारा गृह मंत्रालय को दी गई जानकारी के अधार पर आरएसएस के पांच नेताओं को वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्ति) सुरक्षा इकाई को आरएसएस के इन पांच नेताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, वाई श्रेणी के तहत प्रत्एक नेता को दो से तीन सशस्त्र कमांडो सुरक्षा के लिए दिए जाएंगे। गौरतलब है कि इसी तरह की सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष एवं पश्चिमी चंपारण से लोकसभा सदस्य संजय जायसवाल को मुहैया कराई गई है। जायसवाल को सशस्त्र बलों में भर्ती से जुड़ी अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद उनके और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ हुए विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यह सुरक्षा दी गई है।हालांकि, बाद में जायसवाल से यह सुरक्षा वापस ले ली गई थी, लेकिन एक बार फिर उनकी सुरक्षा बहाल कर दी गई है। आरएसएस के पांच नेताओं और जायसवाल के शामिल होने से सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा घेरे के तहत कम से कम 125 लोग आ गए हैं।

## राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस मानहानि मामले में सुनवाई तीन दिसंबर तक टली

**ठाणे ( महाराष्ट्र )।** जिले के भिवंडी की एक अदालत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई शनिवार को तीन दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत अगली तारीख को मामले में पेश होने से स्थाई छूट के आग्रह से संबंधित गांधी की याचिका पर भी सुनवाई करेगी। संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) एल सी वाडीकर आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे द्वारा गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई कर रहे हैं। कुंटे ने 2014 में भिवंडी में गांधी के भाषण के बाद मामला दायर किया था, जिसमें कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे आरएसएस का हाथ था। कुंटे ने दावा किया है कि इस बयान से संघ की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। मामले में 2018 में ठाणे की एक अदालत ने गांधी के खिलाफ आरोप तय किए थे, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को स्वीकार नहीं किया था। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने कहा कि उपस्थिति से स्थाई छूट के लिए गांधी की ओर से याचिका दो तारीख पहले दायर की गई थी, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई है।

# कलेक्टर के साथ अभद्र व्यवहार करने पर बसपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** दमोह

**मध्यप्रदेश** के दमोह जिले के कलेक्टर ने बसपा विधायक रामबाई परिहार के खिलाफ गाली-गलौज करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिव कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि दमोह जिले के पथरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामबाई परिहार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (लोक सेवक को कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 186 (सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में लोक सेवक को बाधित करना), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 294 (अश्लील शब्द) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शिकायत के अनुसार घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब विधायक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की कुछ महिलाओं के साथ कुछ स्थानीय मुद्दों पर शिकायतों लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। इसमें कहा गया है कि इस दौरान रामबाई ने कलेक्टर के साथ बदसलूकी की और उनके खिलाफ अभद्र और अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके बाद घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस बीच, सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के कुछ संगठनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर घटना का विरोध किया और चेतावनी दी कि यदि बसपा विधायक को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे यहां एक व्यापक विरोध आंदोलन शुरु करेंगे। एक पुलिस अधिकारी ने संपर्क करने पर कहा कि रामबाई के खिलाफ कार्वाई करने से पहले उन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा से अनुमति लेनी होगी।



गुरुग्राम में दशहरा त्यौहार के तैयारियों के मद्देनजर ऑटोरिक्शा पर लादकर रावण का पुतला ले जाते हुए

# जेपी की जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव सिताब दियारा आएंगे अमित शाह

**भाषा।** पटना

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह महान समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की जयंती के मौके पर बिहार स्थित उनके पैतृक गांव आएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। जायसवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि शाह 11 अक्टूबर को केंद्रीय कला और संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में हिस्सा लेने के लिए सारण जिले के सिताब दियारा पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, वह वाराणसी के रास्ते सिताब दियारा पहुंचेंगे और उसी दिन लौट जाएंगे।

अगस्त महीने में बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान राज्य में भाजपा के सत्ता से बाहर होने के बाद शाह की यह दूसरी बिहार यात्रा होगी। शाह को पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में जाना जाता है। गृह मंत्री ने पिछले सप्ताह सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया और किशनगंज जिलों में दो दिन बिताए थे। उनके यात्रा कार्यक्रम में एक सार्वजनिक सभा और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत शामिल थी जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के जनादेश के साथ विश्वासघात के खिलाफ आवाज बुलंद किया गया था। जायसवाल ने अपने फेसबुक पोस्ट में कुमार और उनके प्रतिद्वंद्वी राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा, लोक नायक जयप्रकाश नारायण के कई शिष्य, जो संपूर्ण क्रांति आंदोलन (1974 का कुल क्रांति आंदोलन) में शामिल रहे थे, अब कांग्रेस की गोद में बैठे हैं। उनके लिए सोनिया के दरबार में हजारी लगाना सबसे बड़ी उपलब्धि है। भाजपा नेता ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 1975 में जेपी की उस प्रसिद्ध रैली की एक तस्वीर भी साझा किया, जिसके बाद समाजवादी नेता को गिरफ्तार किया गया था।

# पुतिन ने दोहरे मानक के लिए पश्चिम व अमेरिका की निंदा की

● भारत-अफ्रीका में लूट का दिया हवाला



भाषा। मॉस्को

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने दुनिया को पश्चिम की औपनिवेशिक नीति, भारत और अफ्रीका में लूटपाट, दास व्यापार और अमेरिका द्वारा परमाणु एवं रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के बारे में याद दिलाया। उन्होंने इसके साथ ही पश्चिमी देशों की नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था पर जोर को अव्वल दर्जे का धोखा करार दिया और उनके दोहरे मानक की निंदा की है। पुतिन ने यह टिप्पणी क्रेमिलन के नजदीक सेंट जॉर्ज हॉल में शुक्रवार को दिए गए औपचारिक भाषण में की। उन्होंने यह भाषण यूक्रेन के बागी चार क्षेत्रों लुहांस्क, दोनेत्स्क, खोरसोन और जापोरिज्ज्या में कथित जनमत संग्रह के कई दिनों बाद दिया है जिसे यूक्रेन और पश्चिमी देश खारिज कर चुके हैं। पुतिन ने कहा, हम सब सुन रहे हैं कि पश्चिम नियम आधारित व्यवस्था पर जोर दे रहा है। हालांकि, यह कहां से आता है? किसी ने इन नियमों को कभी देखा है? किसने इनपर सहमति जताई है या मंजूरी दी है? सुनो, यह पूरी तरह से बकवास, धोखेबाजी और दोहरा मानक है, यहां तक कि तिहरा मानक है। वे समझते हैं कि हम बेवकूफ हैं। क्रेमलिन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध भाषण के अंग्रेजी संस्करण के मुताबिक पुतिन ने कहा रूस और उसकी सभ्यता हजार साल से महान शक्ति है और यह अस्थाई, झूठे नियमों से नहीं बदलेगी। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी कुलीन यहां तक सभी के प्रति अपने ऐतिहासिक अपराध के प्रति ग्लानि को लेकर रुख बदल रहे हैं और उन देशों और अन्य लोगों से मांग कर रहे हैं कि वे गलती स्वीकार करें जिससे उनका कोई लेना देना ही नहीं है, उदाहरण के लिए औपनिवेशिक काल में किए गए हमले। उन्होंने कहा, पश्चिम को याद दिलाना सार्थक है कि उसने मध्यकाल में औपनिवेशिक नीति की शुरुआत की, जिसके बाद दास कारोबार किया, अमेरिका के मूल निवासियों (रेड इंडियन) का जनसंहार किया, भारत और अफ्रीका में लूट-पाट की...यह मानवीय प्रकृति, सच्चाई, स्वतंत्रता और न्याय के विपरित है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय परिषद ने सोमवार को बयान जारी कर लुहांस्क, दोनेत्स्क, खोरसोन और जापोरिज्ज्या के रूस में गैर कानूनी विलय निंदा करते हुए उसे खारिज कर दिया था। पुतिन ने कहा कि यह पश्चिम है जिसने सीमा की पवित्रता के सिद्धांत को कुचला और अब अपने लाभ के लिए तय कर रहा है कि किसे स्वयं का निर्णय लेने का अधिकार है और किसे नहीं है, कौन इसके योग्य नहीं है। पुतिन ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि उनका फैसला किस पर आधारित है या किसने उन्हें सबसे पहले यह तय करने का अधिकार दिया है। वे बस मानकर चलते हैं।

## रूस पर यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्रमुख को अगवा करने का आरोप

**कीव।** यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा प्रदाता विभाग ने रूस पर यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के प्रमुख का अपहरण करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन की परमाणु कंपनी एनर्गोटम ने शनिवार को कहा कि रूसी सेना ने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के महानिदेशक इहोर मुराशोव को शुक्रवार अपराह्न करीब चार बजे अगवा कर लिया। जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रूस के सैनिकों का कब्जा है। एनर्गोटम ने कहा कि रूसी सैनिकों ने मुराशोव की कार को रोका, उनकी आंखों पर पट्टी बांधी और फिर उन्हें एक अज्ञात स्थान पर ले गए। एनर्गोटम के अध्यक्ष पेट्रो कोटिन ने कहा, रूस द्वारा उनको हिरासत में लेने की घटना यूक्रेन और यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा को खतरे में डालती है। पेट्रो कोटिन ने मांग की कि रूस तुरंत मुराशोव को रिहा करे।

## यूक्रेन अधिकारी: रूस ने नागरिकों के काफिले पर गोलाबारी की, 20 की मौत

**कीव।** यूक्रेन में एक क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा है कि रूसी बलों ने देश के पूर्वोत्तर में नागरिकों के काफिले पर गोलाबारी की, जिसमें 20 लोग मारे गए। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया कि शनिवार को उन लोगों पर हमले किए गए, जिन्हें गोलाबारी से बचाने के लिए वहां से हटाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह ऐसी निर्मम कार्वाई है जिसके न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि काफिले पर हमला कुपिआंस्की जिले में किया गया। पिछले महीने यूक्रेन के एक सफल जवाबी हमले के बाद रूसी सेना खारकीव क्षेत्र के अधिकांश हिस्से से पीछे हट गई है, लेकिन इस क्षेत्र में गोलाबारी जारी रखी है। इस सप्ताह बमबारी काफी तेज हो गई, क्योंकि रूस ने अपने पूर्ण या आंशिक नियंत्रण के तहत पूर्व और दक्षिण में चार यूक्रेनी इलाकों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संगठन में चीन, रूस को लेकर पश्चिमी देशों की कड़ी परीक्षा

**जिनेवा।** पश्चिमी देश संयुक्त राष्ट्र के मुख्य मानवाधिकार निकाय मे दो बड़ी विश्व शक्तियो-चीन और रूस के मानवाधिकार रिकॉर्ड की पड़ताल को लेकर दोहरी चुनौतियो से गुजर रहे है। चीन पर जहां चरमपंथ विरोधी अभियान के दौरान पश्चिमी झिंजियांग मे मानवाधिकार उल्लंघन करने के आरोप है, वही यूक्रेन मे युद्ध का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियो पर रूस सरकार की कार्वाई भी पड़ताल के दायरे मे है। राजनयिको और मानवाधिकारो के पैरोकारो का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र के ऐसे दो प्रभावशाली सदस्यो के खिलाफ जाना कोई छोटा राजनीतिक लक्ष्य नही होगा, जो सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्यो मे शामिल है। यह लोकतांत्रिक और अधिक निरंकुश देशो के बीच बढ़ती खाई की गवाही देता है और भू-राजनीतिक दबदबे के एक दांव के रूप मे आकार ले रहा है, जिसका परिणाम जिनेवा सम्मेलन कक्ष से परे प्रतिध्वनित होगा। जिनेवा मे मानवाधिकार परिषद की बैठक होनी है। ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका और पांच नॉर्डिक देश झिंजियांग मे उइगर और अन्य मुस्लिम जातीय समूहो के मानवाधिकारो के उल्लंघन को लेकर मार्च मे अपने अगले सत्र मे चर्चा पर सहमत होने के लिए परिषद के सदस्यो का आह्वान कर रहे है। उनका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख की 31 अगस्त की उस रिपोर्ट को गति देना है, जिसमे इस क्षेत्र मे चरमपंथ विरोधी अभियान के दौरान मानवता के खिलाफ चीन के कथित अपराधो को लेकर चिंता जताई गई थी। गत मंगलवार को, हंगरी को छोड़कर यूरोपीय संघ के ज्यादातर देशो ने यूक्रेन मे युद्ध के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करने वालो की व्यापक गिरफ्तारी और नजरबंदी, पत्रकारो, विपक्षी नेताओ, सामाजिक कार्यकर्ताओ और मानवाधिकारो के रक्षको के उत्पीड़न को लेकर विशेष दूत नियुक्त करने का प्रस्ताव तैयार किया। दोनो मुद्दे सात अक्टूबर को परिषद के मौजूदा सत्र के अंत मे मतदान के लिए रखे जाएंगे। बंद कमरे मे गहन कूटनीति पहले से ही चल रही है। परिषद के वर्तमान 47 सदस्यो मे एशिया, लातिन अमेरिका, अफ्रीका और मध्य पूर्व के विकासशील देशो की बहुतायत है। कुछ यूरोपीय राजनयिको ने चिंता व्यक्त की है कि रूस और चीन दोनो के साथ कई विकासशील देशो के सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंध है, साथ ही उनकी चीन पर निर्भरता पश्चिमी देशो के प्रयासो पर पानी फेर सकती है। ह्यूमन राइट्स वॉच के जॉन फिशर ने हाल ही मे कहा कि चीन और रूस पर कार्वाई इसकी शीर्ष दो प्राथमिकताएं है, और ए कोई छोटी चुनौतियां नही है।

## बुर्किना फासो में नौ महीने में दूसरी बार तख्तापलट, राष्ट्रपति डामिबा सत्ता से बाहर

**औगाडोउगोउ।** बुर्किना फासो मे सैनिको ने शुक्रवार देर रात सरकारी प्रसारणकर्ता को अपने नियंत्रण में ले लिया और सैन्य तख्तापलट कर राष्ट्रपति बने लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी सैंडाओगो डामिबा को महज नौ महीने बाद ही सत्ता से बेदखल करने की घोषणा की।
सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि कैप्टन इब्राहिम त्राओरे इस्लामिक चरमपंथ से जूझ रहे पश्चिमी अफ्रीकी देश के नए राष्ट्राध्यक्ष हैं। डामिबा और उनके सहयोगियों ने महज नौ महीने पहले ही लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को सत्ता से बाहर कर दिया था और वह देश को अधिक सुरक्षित बनाने का वादा करके सत्ता में आए थे। हालांकि, हिंसा का दौर जारी रहा तथा हाल के महीनों में उनके नेतृत्व को लेकर असंतोष की आवाज बुलंद होने लगी थी। प्रवक्ता कैप्टन किस्वेंदसिदा फारूक अजारिया सोरघो द्वारा शुक्रवार शाम को पढ़े गए बयान मे कहा गया है, बिगड़ते सुरक्षा हालात के मद्देनजर हमने सुरक्षा मुद्दो पर बदलाव पर ध्यान केंद्रित करने का बार-बार प्रयास किया है। सैनिको ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वादा किया कि वे अपनी प्रतिबद्धताओ का सम्मान करेंगे। उन्होंने देशवासियो से शांति से अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया। डामिबा बुर्किना फासो के राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर न्यूयॉर्क मे संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर हाल मे लौटे थे। हालांकि, तनाव महीनों से बढ़ रहा है। डामिबा ने अपने भाषण में जनवरी में हुए तख्तापलट का बचाव करते हुए इसे देश को बचाए रखने का मुद्दा बताया था।

## संरा महासचिव ने यमन के युद्धरत पक्षों से युद्धविराम समझौते को नवीनीकृत करने का आग्रह किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यमन के युद्धरत पक्षो से न केवल युद्धविराम समझौते को नए सिरे से लागू करने का बल्कि उसका विस्तार करने का भी आग्रह किया है। गुतारेस ने शुक्रवार को कहा कि 2014 मे यमन मे शुरू हुए गृह युद्ध के बाद देश मे शांति बनाए रखने मे इस समझौते ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यमन के विभिन्न पक्षो के बीच हुआ युद्धविराम समझौता रविवार को समाप्त हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यमन की मान्यता प्राप्त सरकार और हूती विद्रोहियो को देश के लोगो के राष्ट्रीय हितो को प्राथमिकता देनी चाहिए और बेहतर कल के लिए शांति बनाए रखने का विकल्प चुनना चाहिए। गुतारेस का यह बयान ऐसे समय मे आया है जब यमन मे संयुक्त राष्ट्र के राजदूत हैन्स ग्रुंडबर्ग ने मंगलवार को कहा था कि देश मे हिंसक गतिविधियो के दोबारा होने की आशंका काफी बढ़ गई है।

## ईरान में अलगाववादियों के हमले में 19 की मौत

भाषा। दुबई। अक्टूबर

**ईरान के** एक दक्षिण-पूर्वी शहर में एक पुलिस थाने पर सशस्त्र अलगाववादियों द्वारा किए गए हमले में देश के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के तीन सदस्यों सहित 19 लोग मारे गए। देश की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने शनिवार को कहा कि हमला शुक्रवार को हुआ। इसने कहा कि हमलावर ज़ाहेदान शहर में एक मस्जिद के पास नमाजियों के बीच छिप गए और पास के थाने पर हमला कर दिया। इरना ने प्रांतीय गवर्नर हुसैन मोदरेसी के हवाले से कहा कि हमले में 19 लोग मारे गए। इसने कहा कि इस दौरान स्वयंसेवक बासीजी बल के कर्मियों सहित 32 गार्ड सदस्य घायल हो गए। यह तत्काल स्पष्ट नहीं है कि हमला एक युवा ईरानी महिला की पुलिस हिरासत में मौत के बाद ईरान में हो रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों से संबंधित है या नहीं। ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा से लगते हैं जहां जातीय बलूच अलगाववादी सुरक्षाबलों पर हमले करते रहे हैं।

## उ.कोरिया ने एक सप्ताह में चौथी बार मिसाइल परीक्षण किया


भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने शनिवार को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। उसके पड़ोसी देशों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह यह चौथी बार है जब उत्तर कोरिया ने हथियारों का परीक्षण किया है, जिसकी उसके विरोधियों ने कड़ी निंदा की है। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने उत्तर कोरिया के हथियार कार्यक्रम की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु हथियारों की सनक उसके अपने लोगों की पीड़ा को बढ़ा रही है तथा उन्होंने ऐसे हथियारों के इस्तेमाल पर दक्षिण कोरिया तथा अमेरिकी सेनाओं की ओर से अत्यधिक कड़ी प्रतिक्रिया मिलने को लेकर आगाह किया। यून ने सशस्त्र सेना दिवस समारोह में कहा, उत्तर कोरिया ने पिछले 30 वर्ष में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की निरंतर आपत्ति के बावजूद परमाणु तथा मिसाइल हथियारों के लिए अपना फितूर नहीं छोड़ा है। परमाणु हथियारों का विकास उत्तर कोरियाई लोगों को और पीड़ा में डाल देगा। उन्होंने कहा, अगर उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करता है तो उसे दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन तथा हमारी सेना की कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा। यून की टिप्पिणियां उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को नाराज कर सकती हैं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि यून की सरकार का नेतृत्व सनकी और गुंडे करते हैं। किम ने परमाणु निरस्त्रीकरण के बदले में मदद की यून की पेशकश पहले ही ठुकरा दी है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की दक्षिण कोरिया की यात्रा तथा अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के बीच पांच साल में पहला पनडुब्बी रोधी प्रशिक्षण होने के बाद मिसाइल परीक्षण तेज कर दिए हैं। दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिकी सेनाओं ने शनिवार को कहा कि उन्होंने उत्तर कोरिया के दो मिसाइल परीक्षणों का पता लगाया है। दक्षिण कोरिया तथा जापान की सेनाओं के अनुसार, मिसाइलों ने कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले करीब 350-400 किलोमीटर की दूरी तय की।

## दक्षिण कैरोलिना में इयान का कहर, फ्लोरिडा में मृतक संख्या बढ़ कर 27 हुई

भाषा। चार्ल्सटन

**फ्लोरिडा** के बाद दक्षिण कैरोलिना में एक बार फिर प्रचंड होने के बाद तूफान इयान ने कहर बरपाया जिससे सड़कों पर पानी भर गया। इससे पहले इयान ने फ्लोरिडा में जमकर तबाही मचाई और हजारों लोग अपने घरों में कैद हो गए तथा कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में 22 साल की एक युवती शामिल है जो सड़क पर पानी में बह जाने की वजह से शुक्रवार को गहरे गड्ढे में गिर गई थी। इसके अलावा 71 वर्षीय व्यक्ति के सिर पर छत का एक हिस्सा गिर जाने की वजह से उनकी मौत हो गई और ऑक्सीजन मशीन पर निर्भर 94 वर्षीय व्यक्ति की भी बिजली कटौती के कारण मौत हो गई। पानी के तेज बहाव में बह जाने से 68 साल की एक महिला की मौत हो गई। इससे पहले, तूफान की वजह से क्यूबा में तीन लोगों की जान चली गई।



बिजींग में चीन के गणतंत्र दिवस क अवसर पर परेड करते सैनिक

# दिसंबर 2023 तक पूरे देश में शुरू हो जाएगी जियो की 5जी सेवा : अंबानी



भाषा। नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शनिवार को ऐलान किया कि उनकी दूरसंचार इकाई रिलायंस जियो अगले साल दिसंबर तक पूरे देश में 5जी दूरसंचार सेवाओं की शुरुआत कर देगी। अंबानी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मैं दिसंबर 2023 तक देश के हर शहर, हर तालुका और हर तहसील में 5जी पहुंचाने की जियो की प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। इसके पहले अंबानी ने आरआईएल के शेयरधारकों की अगस्त में हुई सालाना बैठक में कहा था कि दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में दीपावली तक 5जी सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी। अंबानी ने कहा कि जियो की अधिकांश 5जी प्रौद्योगिकी भारत में ही विकसित की गई है, इसलिए इस पर आत्मनिर्भर भारत की मुहर लगी हुई है। उन्होंने कहा कि 5जी और 5जी-आधारित डिजिटल समाधान आम भारतीयों तक सस्ती एवं उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और कौशल विकास को पहुंचा सकते हैं। अंबानी के मुताबिक, 5जी प्रौद्योगिकी बिना किसी अतिरिक्त निवेश के मौजूदा अस्पतालों को स्मार्ट अस्पतालों में बदलकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकती है। इससे उपचार की गति और सटीकता में नाटकीय सुधार होगा और वास्तविक समय में निर्णय लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 5जी सेवा कृषि, सेवा क्षेत्र, व्यापार, उद्योग, परिवहन और ऊर्जा अवसंचना के डिजिटलीकरण और उनके डेटा प्रबंधन में तेजी लाकर शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई को पाटने में सक्षम है। अंबानी ने कहा कि जनसांख्यिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी की मिली-जुली ताकत के दम पर भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल सोसाइटी बन सकता है और भारत को 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से वर्ष 2047 तक 40,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाकर और प्रति व्यक्ति आय को मौजूदा 2,000 डॉलर से बढ़ाकर 20,000 डॉलर तक ले जाकर वृद्धि को गति दी जा सकती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख ने कहा, यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि 5जी एक डिजिटल कामधेनु की तरह है, यह हमें जो कुछ भी चाहिए वह दे सकती है। उन्होंने कहा, भारत ने भले ही थोड़ी देर से शुरुआत की हो, लेकिन हम दुनिया की तुलना में उच्च गुणवत्ता वाली और अधिक किफायती 5जी सेवाएं शुरू करेंगे।

## 5जी सेवाओं की शुरुआत के लिए ग्रामीण भारत में मजबूत मौजूदगी का लाभ उठाएंगे : बिड़ला

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने शनिवार को कहा कि 5जी नेटवर्क और सेवाओ की शुरुआत करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए वोडाफोन आइडिया ग्रामीण भारत मे अपनी मजबूत मौजूदगी का लाभ उठाएगा। बिड़ला ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस मे 5जी सेवाओं की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम मे कहा कि सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र मे जो अहम नीतिगत हस्तक्षेप किए है उनकी वजह से निवेशको का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दूरसंचार क्षेत्र को नीतिगत समर्थन मिलता रहेगा। बिड़ला ने कहा, हम 5जी शुरू करने की यात्रा मे जल्द बढ़ेंगे और ग्रामीण भारत मे अपनी मजबूत मौजूदगी, उद्यम ग्राहको, प्रौद्योगिकी साझेदारो तथा वोडाफोन समूह के वैश्विक विशेषज्ञो का लाभ उठाते हुए 5जी सेवाएं शुरू करेंगे।

## सितंबर में जीएसटी कर संग्रह 26 प्रतिशत बढ़कर 1.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक: वित्त मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** ने शनिवार को कहा कि सितंबर, 2022 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत बढ़कर 1.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह लगातार सातवां महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है जो कर संग्रह में तेजी और जीएसटी पोर्टल में स्थिरता का सूचक है।

विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारों को देखते हुए आगामी महीनों में कर संग्रह और बढ़ने का अनुमान है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सितंबर 2022 में सकल जीएसटी राजस्व 1,47,686 करोड़ रुपए रहा है जिसमें केंद्रीय जीएसटी 25,271 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 31,813 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 80,464 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 41,215 करोड़ रुपए सहित) और उपकर 10,137 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर एकत्र किए गए 856 करोड़ रुपए सहित) है। जीएसटी संग्रह अप्रैल में रिकॉर्ड 1.67 लाख करोड़ रुपए रहा था। सितंबर 2022 तक जीएसटी राजस्व में वृद्धि पिछले साल की समान अवधि से 27 फीसदी अधिक रही है। वहीं 20 सितंबर दूसरा सर्वाधिक संग्रह वाला दिवस बन गया है। इस दिन 49,453 करोड़ रुपए का संग्रह प्राप्त हुआ है। इससे पहले 20 जुलाई को 57,846 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। मंत्रालय ने कहा, यह स्पष्ट तौर पर दिखाता है कि जीएसटीएन की देखरेख वाला जीएसटी पोर्टल पूरी तरह से स्थिर और व्यवधान-रहित है।

## रिलायंस ज्वेल्स ने महालया कलेक्शन को लॉन्च किया

**मुंबई।** इस बार त्योहारों के अवसर पर रिलायंस ज्वेल्स ने सोने और हीरे के आभूषणों के एक शानदार कलेक्शन महालया को लॉन्च किया है। यह कलेक्शन महाराष्ट्र के वैभव और यहाँ की शोभा से प्रेरित हैए जिसे आने वाले पावन व पुनीत त्योहारों के उपलक्ष्य में बाजार में उतारा गया है। इस कलेक्शन को सिर्फ आमंत्रण पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम के आयोजन के साथ लॉन्च किया गया जिसमें रिलायंस ज्वेल्स ने शोस्टॉपर जेनेलिया देशमुख के साथ एक एक्सक्लूसिव ज्वेलरी शो की मेजबानी की। रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा भारतीय परंपरा काफी विशाल एवं प्रतिष्ठित रही है साथ ही यहाँ की संस्कृति भी बेहद खूबसूरत एवं विविधतापूर्ण है जो हमारे देश की जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है।

## नवायरो सेबी में करेगी आवेदन

मुंबई। एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड जल और अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों और जल आपूर्ति योजना परियोजनाओं के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के व्यवसाय में है। डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी में सीवेज नेटवर्क योजनाओं के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपीद्ध और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट सीईटीपी और डब्ल्यूएसएसपी में पंपिंग स्टेशनों के साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट डब्ल्यूटीपी और पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने शामिल हैं। एनविरो इंफ्रा ने 27 सितंबर 2022 को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी दायर किया है। एनविरो इंफ्रा द्वारा प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश में 95,000,00 तक के फ्रेश इश्यू शामिल है। इक्विटी शेयर हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड प्रस्तावित इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कीमतों की घोषणा की

**बरेली।** इस महीने के शुरू में अर्बन क्रूजर हायरायडर के शीर्ष चार ग्रेड की कीमतों की घोषणा करने के बादए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हायरायडर के बाकी बचे सात ग्रेड की कीमतों की घोषणा की। जीएटी 2 डब्ल्यूडी नियो ड्राइव रु15,54,000ए एसएटी 2डब्ल्यूडी नियो ड्राइव रु 13,48,000 और वी एमटी एडब्ल्यूडी नियो ड्राइव रु 17,19ए000 कीमत पर उपलब्ध है कीमत की घोषणा करते हुए अतुल सूद एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सेल्स और स्ट्रेटेजिक मार्केटिंगए टीकेएम ने कहा कि टोयोटा अर्बन क्रूजर हायरायडर ने अपने अनुकरणीय प्रदर्शन, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता, कनेक्टेड कार सुविधाओं के साथ भारत में गतिशीलता अनुभव के एक नए अध्याय की शुरुआत की है।

## आयकर विभाग ने कर ऑडिट रिपोर्ट की समयसीमा सात अक्टूबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार रात को कहा गया, आकलन वर्ष 2022-23 के लिए ऑडिट की विभिन्न रिपोर्ट दाखिल करने में करदाताओं और अन्य हितधारकों को आ रही परेशानियों को देखते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आकलन वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर 2022 करने का निर्णय लिया है। आयकर कानून के तहत जिन करदाताओं को अपने खाते चार्टर्ड अकाउंटेंट से ऑडिट करवाने होते है उन्हे आयकर विभाग मे कर ऑडिट रिपोर्ट 30 सितंबर तक दाखिल करनी होती है।

## एयरॉक्स ने सेबी में दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** निजी अस्पताल पीएस मेडिकल ऑक्सीजन बाजार में एक मार्केट लीडर एयरॉक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022 तक 50-55 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में शेयरधारकों के 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 7.50 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। इसमें संजय भारतकुमार जायसवाल द्वारा 525 करोड़ रुपये और आशिमा संजय जायसवाल सामूहिक रूप से, प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 225 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर शामिल हैं। यह कंपनी 31 मार्च2022 तक लगभग 872 स्थापित और परिचालन पीएसए ऑक्सीजन जनरेटर के साथ भारतीय अस्पतालों में ऑन प्रिमाइसेस पीएसए ऑक्सीजन जनरेटर सुविधा देने के लिए अग्रणी है।

## पीएम ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूरसंचार क्षेत्र से संबंधित इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2022 प्रदर्शनी का शनिवार को उद्घाटन किया। राजधानी के प्रगति मैदान मे आयोजित इस प्रदर्शनी मे विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओ और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने अपने पैवेलियन लगाए हुए है। इसमे खास जोर 5जी प्रौद्योगिकी और उससे जुड़ी सेवाओ पर दिया गया है।

## काई का प्रिटी फेस रेज़र

**मुंबई।** क्या आपकी त्वचा पर अक्सर लालगी और रैशेज़ हो जाते हैं, तो हो सकता है कि आपकी त्वचा बेहद सेंसिटिव हो। ऐसी त्वचा की देखभाल करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में आपको चेहरे के अनचाहे बाल निकालने के लिए सुरक्षित और माइल्ड तरीका अपनाना चाहिए। आपकी इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए जापान के प्रमुख रेज़र एवं ब्यूटी टूल्स के ब्राण्ड काई लेकर आएं हैंए प्रिटी फेस रेज़र जिन्हें खासतौर पर लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इस अवसर पर राजेश यू पंड्या मैनेजिंग डायरेक्टरए काई इंडिया ने कहा कि लड़कियों की सेंसिटिव त्वचा को ध्यान में रखते हुए ये रेज़र डिज़ाइन किए गए हैं, जो हर तरह की त्वचा पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

## पुराटोज इंडिया ने पांच नए उत्पाद लॉन्च किये

**मुंबई।** पुराटोज इंटरनेशनल ग्रुप की सब्सिडिएरी पुराटोज इंडिया ने अपनी पेस्ट्री की श्रृंखला में 5 नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। यह सभी उत्पाद पेस्ट्री उद्योग के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। इन उत्पादों में टेग्रल प्राइम स्पॉन्ज ऐग फ्री टेग्रल अल्ट्रा वनीला स्पॉन्ज ऐग फ्री, टेग्रल प्राइम कोका स्पॉन्ज एग फ्री, टेग्रल अल्ट्रा चॉकलेट स्पॉन्ज ऐग फ्री और टेग्रल चोको लावा मिक्स एग फ्री पेस्ट्रीज शामिल हैं।

# बिना मिश्रण वाले पेट्रोल, डीजल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू करने का फैसला टला

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने मिश्रण के बगैर बिकने वाले पेट्रोल एवं डीजल पर दो रुपए प्रति लीटर की दर से अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू करने का फैसला क्रमशः एक महीने और छह महीने के लिए टाल दिया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार की रात को जारी एक गजट अधिसूचना में कहा कि इथेनॉल की मिलावट के बगैर बिकने वाले पेट्रोल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क अब एक नवंबर, 2022 से लागू होगा। वहीं बायो-डीजल के मिश्रण के बगैर बिकने वाले डीजल पर यह शुल्क अब एक अप्रैल, 2023 से लागू होगा। सरकार पेट्रोलियम आयात में कटौती के लिए बिना मिश्रण वाले पेट्रोल एवं डीजल पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की तैयारी में है। लेकिन इस फैसले को लागू करने के लिए उद्योग समुदाय को अधिक समय देने की कवायद के तौर पर समयसीमा को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के अपने बजट भाषण में क्रमशः इथेनॉल और बायो-डीजल के मिश्रण के बगैर बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर दो रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने की घोषणा की थी। बिना मिश्रण वाले ईंधन पर यह अतिरिक्त उत्पाद शुल्क एक अक्टूबर 2022 से लागू होना था, लेकिन अब इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। बिना मिश्रण वाले पेट्रोल पर यह शुल्क अब एक नवंबर से लागू होगा जबकि डीजल पर यह शुल्क एक अप्रैल, 2023 से लगाया जाएगा। फिलहाल गन्ने या खाद्यान्न से निकाले गए इथेनॉल को पेट्रोल में 10 प्रतिशत के अनुपात में मिलाए जाने की मंजूरी मिली हुई है।

## जेट ईंधन की कीमत में 4.5 प्रतिशत, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में 25.5 रुपए की कमी

**नई दिल्ली।** जेट ईंधन (एटीएफ) के मूल्य में शनिवार को 4.5 फीसदी तक की गिरावट आई और होटलो तथा रेस्तरां मे इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत मे 19 किलोग्राम प्रति सिलेंडर 25.5 रुपए की कमी आई। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओ द्वारा मूल्य के संबंध मे जारी एक अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी मे 19 किग्रा. के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,885 रुपए से कम होकर 1,859.50 रुपए हो गई है। जून के बाद से वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत मे छठी बार कटौती की गई है। बहरहाल, घरेलू रसोई गैस की दरो मे कोई बदलाव नही हुआ और घरेलू एलपीजी के 14.2 किग्रा. प्रति सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपए है। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि इसका कारण यह है कि घरेलू रसोई गैस की कीमत लागत से पहले ही बहुत कम है। इसके साथ ही विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 4.5 प्रतिशत की मामूली कमी दर्ज की गई है।

## ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता की चमक फीकी न पड़े: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि कर्ज के बोझ तले दबी कंपनियों के लिए लाए गए ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) की चमक फीकी नहीं पड़नी चाहिए। कर्ज समाधान प्रक्रिया के नियामक संस्थान भारतीय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) के छठें वार्षिक दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में सीतारमण ने आईबीसी कानून के बीते छह वर्ष और आगे की राह के बारे में बात की। यह कानून वर्ष 2016 में लागू किया गया था। हम इस राह में उभरने वाले तनाव के संकेतों को नजरंदाज नहीं कर सकते हैं। आईबीसी कानून के ही तहत आईबीबीआई का गठन किया गया था। इस मौके पर वित्त मंत्री ने मौजूदा आर्थिक हालात का जिक्र करते हुए कहा कि देश आर्थिक गतिविधियों में मजबूती के दौर में हैं। उन्होंने मुद्रास्फीति के उच्च स्तर पर बने रहने के मुद्दे पर कहा कि अब भी यह स्तर संभाले जाने लायक है।

# गुण्डे, माफियाओं को पार्टी में स्थान नहीं

● प्रेस कांफ्रेंस में डिप्टी सीएम ने 13 नगर निकायों व 3 नवसृजित नगर निकायों पर भाजपा की जीत का दिलाया भरोसा

संवाददाता। कानपुर देहात

**भाजपा** में गुण्डों व माफ्यिाओं का कोई स्थान नहीं है, पार्टी ज्वाइन करने वाले बाहरी लोगों की गहन स्क्रीनिंग कर ही पार्टी में स्थान दिया जायेगा, यह जानकारी प्रेस कॉफ्रेंस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने देते हुये आगे बताया कि आसन्न नगर निकाय चुनाव में भाजपा पुरानी 13 नगर निकायों के साथ नवसृजित 3 नगर निकायों में भी अपना परचम फ्हरायेगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने बताया कि भाजपा सॅस्कारित पार्टी है, इस पार्टी को खडा करने में दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान व श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई, नानाजी देशमुख व लालकृष्ण आडवाणी सहित कई लोगों के त्याग, समर्पण व निष्ठा का योगदान है। आज पार्टी को इस स्थिति में पहुॅचाने में महान नेताओं के योगदान, परिश्रम को कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है, सत्ता के चलते गुण्डागर्दी व माफ्यिावाद पृष्ठभूमि के लोग पार्टी में पिछले दरवाजे से आकर पार्टी को बदनाम करना चाहते है, इसलिये ऐसे लोगों के लिये पार्टी में कोई भी स्थान नहीं है, पार्टी ज्वाइन करने वाले नये लोग पार्टी की संस्कृति को आत्मसात करें तभी उनको पार्टी में लिया जा सकता है, डिप्टी सीएम ने अगामी नगर निकाय चुनावों में भाजपा को परम्परागत 13 नगर निकायों व 3 नवसृजित नगर पॅचायत चुनावों में देश की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते परचम फ्हराये जाने का भरोसा जताया। प्रेस कॉफ्रेंस में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री अजीत पाल, विधायक पूनम सॅखवार, एमएलसी अरूण पाठक, जिलाध्यक्ष व एमएलसी अविनाश चौहान, भाजपा महामंत्री रामजी गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल देव अग्निहोत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर डिप्टी सीएम ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर सरकार की कार्यप्रणाली के प्रभावों पर चर्चा करते हुये उनकी समस्या से रूबरू हुये, उन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुये भविष्य में आसन्न निकाय चुनावों में पूरी तन्मयता से पार्टी प्रत्याशियों को भारी अन्तर से विजयी बनाने के लिये सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजनमानस तक पहुॅचाने की अपील की। प्रेस कॉफ्रेंस के बाद डिप्टी सीएम ने डीएम, एसपी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के विषय में ठोस रणनीति बनाये जाने के निर्देश दिये।



# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया उपमुख्यमंत्री ने

संवाददाता। उरई (जालौन)

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा एवं राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत कन्वर्जेंस से निर्मित सौन्दर्यीकरण ग्राम राहिया में अमृत सरोवर का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित 05 लाभार्थियों को चाबी देकर सुपुर्द किया। उपमुख्यमंत्री द्वारा हरीशंकरी का अमृत सरोवर तालाब पर रोपित किया। उपमुख्यमंत्री जी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया। प्रधानमंत्री के सपनों को साकार कर रही हैं। अमृत सरोवर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। उन्होने गर्भवती महिलाओं को गोदभराई तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया, साथ ही बच्चों को खेलने हेतु खिलौने भी दिये। उपमुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर मिलने वाले ड्राई राशन के साथ-साथ गर्भवती/धात्री महिलायें, किशोरी बालिकायें एवं लाभार्थी बच्चे अपने खान-पान में अधिक से अधिक पोषण तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों के अलावा फ्लों एवं दूध आदि का सेवन करें। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद रमा निरंजन, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा रामेन्द्र सिंह बनाजी, जल शक्तिमंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उरई अनिल बहुगुणा, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा, नगर मिजस्ट्रेट कुं0 वीरेन्द्र कुमार मौर्य, जनप्रतिनिधि सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## क्विक न्यूज

### 62 महिला-पुरूष कैदियों में चश्मा व दवा वितरित

**संतकबीरनगर।** जिला कारागार में जेलर जी0आर0 वर्मा द्वारा अयोजित निः शुल्क नेत्र परीक्षण में समाजसेवी प्रदीप सिसोदिया ने ध्रुव नेत्रालय एवम चिकित्सालय के अनुभवी डाक्टरों द्वारा बंदियों का निः शुल्क नेत्र परीक्षण एवं दवा तथा चश्मा वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप सिसोदिया, विशिष्ठ अतिथि अमर नाथ, श्रीमती ममता सिंह तथा कारागार में उप कारापाल श्रीमती गीता रानी, डॉ0 वरुणेश दुबे, देवेंद्र प्रताप सिंह फार्मासिस्ट, महिला बनदी रक्षक मंजू देवी, अलका वर्मा, सविता मौर्या रही। महिला वैरेक में कुल 20 महिलाओं को चश्मा और दवा वितरित किया गया। पुरुष बैरक में लगभग 42 लोगों को दवा और चश्मा दिया गया। जेलर श्री वर्मा ने कहा कि इस आयोजन से नेत्र रोग के बंदियों को काफी सुविधा प्राप्त हुई है, प्रदीप सिसोदिया ने कहा कि जरूरतमंदों को तमाम सुविधाएं मिली जिन्हें बाहर जाने की तत्काल सुविधाएं नहीं मिल पातीं।

### रोटरी क्लब रक्तदान शिविर में 25 लोगो ने किया रक्तदान

**संतकबीरनगर।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में शनिवार को हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर रोटरी क्लब, व राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदानियों ने आम जनमानस के विषम परिस्थितियों में जीवन को बचाने के लिए 25 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानियों को रोटरी क्लब ने प्रमाण पत्र देकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर रो0 डॉ0 आलोक सिन्हा, रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ0 सोनी सिंह, सचिव वन्दना गुप्ता, डॉ0 शशिकान्त, डॉ0 विनय कुमार सिंह, डॉ0 मनोज कुमार मिश्र, डॉ0 मुबारक अली सहित उपस्थित रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पालिका परिषद कर्वी से हरीझंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण के रोकथाम एवं बचाव के लिए बच्चों, अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शनिवार को रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। रैली नगर पालिका परिषद कर्वी से शुभारंभ होकर पुरानी बाजार कर्वी में समापन किया गया। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान बुखार, टीबी लक्षण वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूंछताछ की जाएगी। लक्षण मिलने पर चिन्हित कर उन्हें अस्पताल भेजा जाएगा। लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम-पता और मोबाइल नंबर समेत पूरा विवरण एएनएम द्वारा सीएचसी भेजा जाएगा। स्कूल-कालेज में प्रार्थना के समय प्रधानाचार्य, शिक्षकों विद्यार्थियों को रोगों से बचाव की जानकारी देंगे। सात से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा।

### एलआईसी एमएफ मल्टीकैप लांच

**कानपुर।** एलआईसी म्यूचुअल फंड ने आज एलआईसीएमएफमल्टीकैप फंड एलआईसीएमएफ मल्टीकैप लॉन्च करने की घोषणा की, जो एक ओपन.एंडेड इक्विटी योजना है और यह बाजार पूँजीकरण की सभी श्रेणियों में निवेश करेगी। एलआईसीएमएफमल्टीकैपफंड लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में से हर एक में न्यूनतम 25 प्रतिशत का निवेश करेगा और शेष 25 प्रतिशत फंड मैनेजर को अनुशासित दृष्टिकोण का पालन करते हुए अपने विवेक के आधार पर हर तरह के बाजार पूँजीकरण में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा। इस अवसर पर एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी टी एस रामाकृष्णन ने कहा कि अनुशासित विविधीकरण और केंद्रित आवंटनए दो ऐसे पहलू हैं जिन्हें निवेशक पसंद करते हैं।

### शिविर में ज्वर, खांसी-जुकाम व श्वास के मरीजों की संख्या अधिक रही

**कोंच**(जालौन)। तहसील प्राँगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिबस में निदेशक आयुर्वेदिक सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी जालौन स्थान उरई चांदनी सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सत्येंद्र पटेल के मार्ग दर्शन में राजकीय आर्यवेदिक चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष आपके द्वार योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में सर्व प्रथम राजकीय आयुर्वेदिक के चिकित्साधिकारी डॉ जितेंद वर्मा ने आयुर्वेद की जनक भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर निशुल्क रोगी परीक्षण राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ जितेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। 120 रोगियों ने चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चित्रकूट।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाये जा रहे सेवा पखवाडा कार्यक्रम के तहत शनिवार को कोठी तालाब के स्थिति नवनिर्मित पार्क मे वृक्षारोपड का कार्य एवं बृद्धजनो का सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर चलाये जा रहे पखवाडा के अवसर पर आयोजित बृक्षारोपड एवं बृद्धजनो के सम्मान के कार्यक्रम में सांसद आर के सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन मे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के तहत ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। आज पेडो का तेजी से कटान हो रहा हैं, किन्तु कोई लगाता नही है। इससे पार्टी द्वारा पेड लागाने का कार्यक्रम रखा गया है। इसमे हम सबकी जिम्मेदारी है की ज्यादा से ज्यादा पेड लगाये। इसके साथ इनकी देखभाल भी करे ताकि वह तैयार हो सके। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा की वृक्षारोपण और बृद्धजनो की सेवा का कार्यक्रम आज चलाया गया। जिससे सभी बूथो पर वृक्षारोपण किया गया और बृद्धा आश्रमो मे जाकर बृद्धजनो को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा की प्रकृति के साथ इतनी छेडखान हुई है। जिससे आये दिन प्राकृतिक आपदाये आ रही है। सूखा एवं बाढ की स्थिति बन रही है। इसलिये पेड लगाना बहुत जरुरी है। कार्यक्रम संयोजक मुन्ना करवरिया ने बताया कि सभी बूथो मे पेड लगाये गये है और एक वर्ष बाद इन्ही पेडो का जन्मदिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चेयरमैन कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, अश्वनी अवस्थी, पंकज अग्रवाल, दिव्या त्रिपाठी, बृजेन्द्र शुक्ला, जवाहर सोनी, जगदीश गौतम, राजेन्द्र अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

# कालपी की खस्ताहाल सड़क को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

● भाजपा नगर अध्यक्ष ने मुख्य बाजार की सड़क बनाने के लिए उठाई मांग

संवाददाता। कालपी(जालौन)

**कालपी** नगर के अमलतास तिराहे से लेकर फुल पावर चौराहे तक बुरी तरह क्षतिग्रस्त सड़क को बनवाने के लिए मांग करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को मांग पत्र सौपकर नगर की मुख्य बाजार की लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाने की मांग उठाई है। भाजपा के नगर अध्यक्ष कालपी अमित पांडेय ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को उनके जनपद आगमन पर मांग पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि नगर के मुख्य बाजार की सड़क फुल पावर चौराहे से लेकर अमलतास तक जर्जर अवस्था में है, जिससे कालपी एवं क्षेत्र के निवासियों आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं कालपी बाजार के व्यापारियों को भी दिनभर धूल मिट्टी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क के कारण विगत दिनों उपमुख्यमंत्री के पुत्र का भी अमलतास चौराहे पर एक्सीडेंट हो गया था। उन्होंने कहा कि कालपी नगर पौराणिक एवं धार्मिक नगरी है तथा उक्त सड़क को शीघ्र ही डिवाइडर सहित बनवाया जाए, जिससे कालपी नगर एवं क्षेत्र की जनता को आवागमन में समस्याओं का सामना ना करना पड़े।



# सवारियां लेकर जसपुरा जा रही जीप पलटी पांच घायल

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर कस्बे से सवारियां लादकर जसपुरा जा रही बोलेरो मैक्स पारा मोड के आगे असंतुलित होकर पलट गईण् इस घटना में बोलेरो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गएण् सभी घायलों को एंबुलेंसकर्मी सनोज कुमार यादवए कुलदीप सिंह यादव संदीप यादव व राजेन्द्र सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर सभी को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गयाण् दोपहर बाद सुमेरपुर कस्बे से एक बोलेरो मैक्स सवारियां लेकर जसपुरा जा रही थी यह पारा मोड़ के आगे जाकर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई इस घटना में बोलेरो में सवार राजकुमारी पाल निवासी पडोहरा बांदाए नीलम निवासी पडोहरा बांदा वसीरुनिशा नवरीन फातिमा इसराइल निवासीगण सिकहुला बांदा गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# विधायक ने 'अन्तर्राष्ट्रीय दिवस' पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

● वृद्धजनों को वस्त्र फल, मिष्ठान दिये

संवाददाता। संतकबीरनगर

**'अन्तर्राष्ट्रीय** वृद्धजन दिवस' के अवसर पर शनिवार को वृद्धाश्रम गोरखल में समाज कल्याण विभाग तथा हनुमंत ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में विधायक सदर अंकुर राज तिवारी ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर पहुॅचकर वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजन जिसमें से 24 पुरूष एवं 12 महिला वृद्धजन कुल 36 वृद्धजनों को अंगवस्त्र, फ्ल, मिठाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ''अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस'' के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एवं हनुमंत ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनो की देखभाल एवं सुविधाओं आदि की प्रशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि यह एक बहुत पुनीत कार्य है, जो समाज कल्याण विभाग एवं संस्था द्वारा किया जा रहा है। विधायक ने अपने सम्बोधन में सभी उपस्थित वृद्धजनों से आशिर्वाद प्राप्त करने के पश्चात कहा कि जो वृद्धजन अपने बच्चों के पालन पोषण में कोई कोर कसर नही छोड़ते है वही बच्चें आगे चल कर अपने माॅ बाप को वृद्धाश्रम में भेज देते है। जब कि उनको यह नही पता है कि हमें भी एक दिन वृद्ध होना है। आज वृद्धजन दिवस के अवसर पर विधायक द्वारा भावपूर्वक उपस्थित होकर भविष्य में वृद्धजनों की सेवा हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम संचालन समिति अध्यक्षा हनुमंत ग्रामोद्योग सेवा समिति की खुशबू मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी/सचिव महेन्द्र कुमार, सदस्य अखिलेश चौधरी, उर्मिला त्रिपाठी, समाजसेवी कमला देवी, डा0 कुमार सिद्धार्थ, डा0 बलवन्त कुमार त्रिपाठी, डा0 ए0पी0 गुप्ता, डा0 तनवन्गी मणि शुक्ला, अमरेन्द्र कुमार पीएसडब्लू, रत्नाकर मिश्र, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहें।



बुजुर्गो की सेवा करते सदर विधायक — पायनियर

# दशहरा मेले में पहली बार लेजर शो के माध्यम से होगा रामायण का प्रदर्शन

**जालौन।** दशहरा मेला इस बार फौजी पड़ाव पर न होकर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित होगा। दशहरा मेला में पहली बार लेजर शो के माध्यम रामायण का संक्षिप्त प्रदर्शन किया जाएगा। जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह बात दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष रामराजा निरंजन ने दशहरा मेला समिति की बैठक में कही। नगर में दशहरा के पर्व पर प्रतिवर्ष कोतवाली के पीछे फौजी पड़ाव की जमीन पर दशहरा मेला का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें भव्य तरीके से दशहरा मेला एवं रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। लेकिन इस बार बारिश के चलते फौजी पड़ाव की भूमि पर पानी भरा हुआ है। इसकी वजह से दशहरा मेला का आयोजन उक्त मैदान पर कराया जाना संभव नहीं है। ऐसे में उक्त दशहरा मेला के लिए दूसरे स्थान का चयन किया गया है। श्रीरामलीला भवन पर आयोजित दशहरा मेला समिति की बैठक में दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने बताया कि इस बार 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा मेला का आयोजन फौजी पड़ाव की भूमि पर न होकर उरई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज परिसर में किया जाएगा। दशहरा मेला को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें परंपरागत रूप से होने वाली रावण वध की लीला और रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा। लेकिन इस बार रावण दहन में ईको फ्रेंडली व इलैक्ट्रिक आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा। वहीं बुंदेलखंड में पहली बार दशहरा मेला में लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। एक घंटे के लेजर शो में संक्षिप्त में संपूर्ण रामायण से लोगों का परिचय कराया जाएगा। रात्रि में लेजर शो की किरणों से जब मैदान जगमगाएगा वह क्षण देखने लायक होगा।

# संचारी रोग नियन्त्रण जागरूकता वाहनों को विधायक ने किया रवाना

● घर-घर दस्तक देकर स्वास्थ्य कर्मी देंगे जानकारी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**विशेष** संचारी रोग नियन्त्रण अभियान माह कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार से सीएमओ कार्यालय परिसर से किया गया। यह अभियान जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो से भी शुरू हुआ। खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने सीएमओ कार्यालय से दर्जनों जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है। समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम कर जानकारी दी जाती है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अन्दर जेई/एईएस घातक बीमारी को नियन्त्रण करते हुए समाप्ति की तरफ पहुॅचा दिया है। बीमारी से बचने के लिए स्वच्छता अपनाये और यदि किसी प्रकार की बीमारी हो तो निकटतम सरकारी अस्पताल में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराये जहाॅ निशुल्क दवा भी मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रो में विशेष रूप से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का भी आयोजन किया जाता है। गांव के लोग वही उपचार करा सकते है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0पी0 पाण्डेय, डॉ0 एस0डी0 ओझा, रो0/सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 आलोक सिन्हा, डीपीएम विनीत श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



हरी झण्डी दिखाते सदर विधायक — पायनियर

# डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सुधारें कार्यशैली

● नवागत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मेंहदावल तहसील सभागार में सुनीं जनसमस्याएं

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 119 मामले आये 12 का हुआ निस्तारण

संवाददाता। संतकबीरनगर

**माह** के प्रथम शनिवार को जनपद के तीनों तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। नवागत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह रोस्टर के अनुसार जनपद के उत्तर क्षेत्र मेंहदावल तहसील में पहुॅचकर पहली बार सम्पूर्ण समाधान दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को सुना। उनके आगमन पर उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव ने बुक्के देकर स्वागत किया। नवागत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय कार्यो में ढिलाई न बरती जाय। सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुॅचाने में तत्परता व पारदर्शिता रहे। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजना से वंचित न रहने पाये। अधिकारी देर रात तक भी रूक कर अपने कार्यो को सम्पादित करें। आज कई वंचित के पेंशन हेतु आधार फीडिग उन्होने मौके पर तत्काल करवाया। विद्युत समाधान दिवस का शासनादेश के अनुसार कैम्प लगाने का निर्देश दिये। मेंहदावल तहसील सभागार में कुल 43 मामले आये जिसमें 2 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सीओ मेंहदावल राजीव यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने आवेदक वीर बहादुर सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी-जमुनी कला, तहसील धनघटा के निवासी की भूमि ग्राम गोरखर तहसील खलीलाबाद में थी। आवेदक द्वारा चन्द्रभान सिंह मृतक की वरासत खतौनी न आने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर एडीएम मनोज कुमार सिंह ने त्वरित कार्यवाही कर वरासत खतौनी में दर्ज कराते हुए आवेदक को खतौनी उपलब्ध कराया। खलीलाबाद तहसील में 64 मामले आये मौके पर 8 का निस्तारण किया गया। एसडीएम अजय त्रिपाठी, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, सीओ अंशुमान मिश्र उपस्थित रहे। इसी क्रम में धनघटा तहसील में एसडीएम डॉ0 रविन्द्र सिंह व सीओ राम प्रकाश ने जनता की समस्याओं को सुना तहसील दिवस में कुल 12 मामलो आये जिसमें 2 मामलो का मौके पर निस्तारण किया गया।



प्रथम बार मेंहदावल पहुंचने पर जिलाधिकारी को बुक्के देकर स्वागत करते पुलिस अधीक्षक — पायनियर

# बढ़त लेने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

## ● दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय टीम

**भाषा ।** गुवाहाटी


अभ्यास करते खिलाड़ी


सिराज

**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम का संतुलन गड़बड़ा गया है लेकिन इसके बावजूद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। बुमराह की ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप में भूमिका अहम होती लेकिन इस तेज गेंदबाज का पीठ की परेशानी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की इस प्रतियोगिता में खेलना संदिग्ध है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला का आयोजन विश्वकप से पहले टीम की तैयारियों को मूर्तरूप देने के लिए किया गया था लेकिन बुमराह की अनुपस्थिति ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मोहम्मद सिराज और उमेश यादव को टीम में शामिल किया गया है लेकिन अभी यह दोनों विश्व कप की टीम में नहीं हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या टीम प्रबंधन को बुमराह की जगह लिए गए गेंदबाज को आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा। विश्वकप के लिए स्टैंडबाई में शामिल अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कोविड-19 से उबर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम में शामिल किया जा सकता है क्योंकि उन्हें वहां की परिस्थितियों में खेलने का अनुभव है। यदि ऐसा होता है तो उन्हें 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले मैच अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिलेगा। दक्षिण अफ्रीकी श्रृंखला के लिए भारत के पास दीपक चाहर हैं जो विश्व कप के लिए स्टैंडबाई हैं। तिरुअनंतपुरम में पहले मैच में चाहर और बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम झकझोर दिया था जिससे भारत ने इस मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 से बढ़त बनाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में गेंद अधिक स्विंग नहीं करेगी और चाहर भी भुवनेश्वर कुमार जैसे ही गेंदबाज हैं। भुवनेश्वर को अर्शदीप के साथ विश्वकप टीम में जगह मिली हुई है। जहां तक सिराज का सवाल है वह पिछले कुछ समय से जूझ रहे हैं।भुवनेश्वर और हर्षल पटेल पिछले कुछ समय से काफी रन लुटा रहे हैं और देखना होगा की टीम प्रबंधन विश्वकप से पहले इस पहेली को कैसे सुलझाता है। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि स्पिन विभाग में फिलहाल ऐसी कोई दिक्कत नजर नहीं आ रही है। रविंद्र जडेजा के घुटने के ऑपरेशन कराने के बाद उनकी जगह टीम में लिए गए अक्षर पटेल ने मौके का पूरा फायदा उठाया है और अब तक शानदार प्रदर्शन किया है।बल्लेबाजी विभाग में विश्वकप से पहले विराट कोहली सहित भारत के चोटी के चार बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में दिख रहे हैं। केएल राहुल ने भी अब रन बनाना शुरू कर दिया है और पहले मैच में अर्धशतक जड़ने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

## बारिश बन सकती है भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टी20 में विलेन

**गुवाहाटी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 मुकाबले से पहले आसमान पर छाए बादलों ने आयोजकों और प्रशंसकों को चिंतित कर दिया है क्योंकि इससे इसी स्टेडियम में भारी बारिश के कारण रद्द हुए पिछले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की याद ताजा हो आई है। कोविड-19 महामारी के बाद यह पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच है जिसकी सारी टिकटें बिक चुकी है। बारसापारा स्टेडियम में पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच पांच जनवरी 2020 को भारत और श्रीलंका के बीच टी20 मैच था जिसे लगातार बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था। मैच से पहले मीडिया से मुखातिब हुए भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि स्टेडियम में दर्शकों को फिर से देखना शानदार है। द्रविड़ ने कहा, जून के बाद से जब से सारी पाबंदियां हटी हैं, जब भी हम भारत में खेलते हैं तो सारे स्टेडियम खचाखच भरे होते हैं। यह देखना शानदार है। क्षेत्रीय मौसम विभाग ने रविवार को गुवाहाटी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की है जिसमें गरज के साथ एक या दो बार बारिश भी हो सकती है। आयोजकों ने हालांकि कहा कि उन्होंने बारिश के कारण समय बरबादी को कम करने के लिए सभी इंतजाम किए है।

# आधिकारिक पुष्टि का इंतजार करूंगा, द्रविड़ ने बुमराह के बारे में कहा

**भाषा ।** गुवाहाटी



**तेज गेंदबाज** जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध लग रहा है लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शनिवार को कहा कि वह इस क्रिकेटर की मेडिकल रिपोर्ट की गहराई में नहीं जाएंगे बल्कि आस्ट्रेलिया में होने वाले इस टूर्नामेंट में उनकी उपलब्धता के संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार करेंगे। पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर (एक हिस्से पर ज्यादा जोर पड़ने के कारण होने वाला फ्रेक्चर) के कारण बुमराह टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम तैयारी श्रृंखला से बाहर हो गए। द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, हम अगले कदम पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक वह आधिकारिक रूप से केवल इस (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) श्रृंखला से बाहर हुए हैं। अगले कुछ दिनों में क्या होगा, हम देखेंगे। आमतौर पर पीठ के स्ट्रेस फ्रेक्चर के पूरी तरह ठीक होने में छह महीने के करीब समय लगता है लेकिन द्रविड़ ने कहा कि उन्हें अब भी उम्मीद है। द्रविड़ ने कहा, सच कहूं तो मैंने उनकी मेडिकल रिपोर्ट की गहराई में नहीं गया हूं, मैं विशेषज्ञों पर निर्भर करता हूं कि वे मुझे बताएं कि यह क्या है। उन्होंने उसे इस श्रृंखला से बाहर किया है। लेकिन भविष्य में क्या होता है, हम आगे जानेंगे। निश्चित रूप से जब तक उन्हें पूरी तरह से बाहर नहीं किया जाता और जब तक हमें उनके बाहर होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं मिल जाती, तब तक हमें उम्मीद बनी रहेगी। बतौर टीम और जसप्रीत के लिए हम हमेशा सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करेंगे। बुमराह जुलाई से क्रिकेट से बाहर हैं और उन्होंने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान वापसी की। लेकिन उन्हें फिर से रिहैब के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाना पड़ा। थिंक टैंक उनके कार्यभार का प्रबंधन बहुत अच्छी तरह कर रहा है लेकिन इसके बावजूद उनका चोटिल होना बहस का विषय बन गया है। बुमराह ने अपनी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सभी 14 मैच खेले लेकिन इसके बाद से वह चार महीनों में केवल छह अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेले।

## सूर्यकुमार के हमलावर तेवरों के सामने बचाव करना मुश्किल : पार्नेल

**गुवाहाटी।** सूर्यकुमार यादव की अविश्वसनीय रूप से आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हे इस समय टी20 का सबसे खतरनाक बल्लेबाज बना दिया है और दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वेन पार्नेल का मानना है कि इस भारतीय का सामना करने के लिए गेंदबाजो को भी मजबूत बनना होगा। सूर्या ने श्रृंखला के पहले मैच में 33 गेंदो पर 50 रन बनाए जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से पराजित किया। पार्नेल ने दूसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, निजी तौर पर पिछले दो महीनो मे मैने जो देखा उससे मुझे लगता है कि संभवतः अभी वह टी20 में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। वह मैदान के हर क्षेत्र में शॉट खेलता है जिससे गेदबाजो के लिए बचाव करना मुश्किल हो जाता है। गेदबाजों को मजबूत बनना होगा और अपनी प्रत्एक गेंद पर अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित करना होगा। उसने अच्छे शॉट खेले लेकिन भाग्य अभी उसके साथ था। निश्चित तौर पर पिछले दो महीनो मे वह ऐसा बल्लेबाज था जिसे खेलते हुए देखने का मैने लुत्फ उठाया।

## गदा जोड़ी, मुग्दर चैम्पियनशिप आज

**लखनऊ।** उप्र नान ओलम्पिक एसोसिएशन एवं उप्र गदा जोड़ी मुग्दर एसोसिएशन के तत्वाधान में 2 अक्टूबर रविवार को लालजी टण्डन बहुउदेशीय हाल स्टेडियम लखनऊ में भारत में पहली बार राज्य गदा जोड़ी मुग्दर चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ भानुप्रताप सिंह पूर्व महानिदेशक सर्तकता एवं सदस्य रेरा करेंगे। इस चैम्पियनशिप का पुरस्कार अपर मुख्य सचिव खेल उप्र शासन नवनीत सहगल द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अजय दीप सिंह द्वारा की जायेगी। इस चैम्पियनशिप में बनारस, चन्दौली, भदोही, जौनपुर,मिर्जापुर, आगरा, मथुरा,अलीगढ, हाथरस, लखनऊ, फिरोजाबाद तथा लखीमपुर खीरी के लगभग 40-45 नामी पहलवान हिस्सा ले रहे है।

## वियतनाम ओपन में भारतीय अभियान खत्म

**हो ची मिन्ह सिटी।** एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को शनिवार को यहां वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। गैर वरीय भारतीय जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशारजांतो और लिसा आयु कुसुमावती की शीर्ष वरीय जोड़ी से 16-21 14-21 से हार मिली। उनकी इस पराजय से टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। पिछले हफ्ते सिक्की और कपूर की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब जीता था।

## उन्मुक्त की आंख चोटिल

**दिल्ली।** पूर्व भारतीय अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका मे माइनर लीग क्रिकेट मे सिलिकॉन वैली स्ट्राइकर्स की ओर से खेलते हुए आंख मे चोट लग गई। अमेरिका मे खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले उन्मुक्त ने अपनी आंख की फोटो सोशल मीडिया पर साझा की जिसमे काफी सूजन थी। उन्होने ट्विटर पर लिखा, एक खिलाड़ी के लिए सफर इतना आसान नही होता। कुछ दिन आप जीत हासिल करते हो, कुछ दिन आप निराश होते हो और कुछ ऐसे भी दिन होते है जब आप चोटों के साथ घर पहुंचते हो।

## चेन्नई के लिए चेपक में खेलने को बेताब हैं रुतुराज

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगले सत्र से घरेलू और विरोधी टीम के मैदान में मैच खेलने के पुराने प्रारूप में वापसी करेगा और ऐसे में भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से चेपक में खेलने के लिए उत्साहित है जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। कोविड-19 के कारण आईपीएल को पिछले दो वर्षो में कुछ स्थानों तक ही सीमित रखा गया था लेकिन अगले सत्र में यह लीग अपने पुराने प्रारूप में वापसी करेगी। गायकवाड न्यूजीलैंड ए के खिलाफ एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारत ए की टीम में शामिल थे जिसने यहां पिछले दिनों मैच खेले थे।

## सॉल्ट की आकर्षक पारी से इंग्लैंड की पाक पर बड़ी जीत

**लाहौर।** सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने 88 रन की आकर्षक पारी खेलकर बाबर आजम की 87 रन की पारी पर पानी फेरा जिससे इंग्लैड ने छठे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान पर आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-3 से बराबर कराई। सॉल्ट ने 41 गेंदों पर नाबाद 88 रन बनाए जिससे इंग्लैड ने केवल 14.3 ओवर में दो विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

# जेमिमा की पारी से जीता भारत

## ● करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी, श्रीलंका को 41 रन से हराया

**भाषा ।** सिलहट



**जेमिमा रॉड्रिग्स** की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 76 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने शनिवार के यहां महिला एशिया कप के शुरूआती मैच में श्रीलंका के खिलाफ 41 रन से जीत दर्ज की। जेमिमा ने 53 गेंद की अपनी पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जिससे भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 150 रन का स्कोर बनाया। विकेट पर कम उछाल के कारण बल्लेबाजों को रन बनाने में दिक्कत हो रही थी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटककर श्रीलंका को 18.2 ओवर में 109 रन के अंदर समेट दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने सभी तीनों विभागों में श्रीलंकाई टीम से काफी बेहतर प्रदर्शन दिखाया, हालांकि बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद उनकी शुरूआत अच्छी नहीं रही। उप कप्तान स्मृति मंधाना (10 रन) आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं जबकि उनकी साथी सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (06 रन) की समस्या कायम रही और वह स्पिनर ओशादी राणासिंघे (32 रन देकर तीन विकेट) का पहला शिकार बनी। कलाई की चोट से वापसी कर रहीं जेमिमा शुरू से ही नियंत्रण बनाए थीं और उन्होंने खूबसूरती से बेहतरीन टाइमिंग से रन जुटाए।

### वनडे और टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर बरकरार

**दुबई।** भारतीय महिला टीम शनिवार को जारी वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की महिलाओं की वनडे और टी20 रैंकिंग मे चौथे स्थान पर बनी हुई है। भारत ने वनडे रैंकिंग मे एक अंक हासिल किया और उसके अब कुल 104 अंक हो गए है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को टी20 में चार अंक का फायदा हुआ और उसके अब कुल 266 अंक है। सालाना अपडेट के बाद 2018-19 के परिणामो को हटा दिया गया है जबकि 2019-20 और 2020-21 के परिणामो का महत्व 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह से 2021-22 के मैचों को आकलन करते समय शत प्रतिशत महत्व दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड अंतर के साथ वनडे मे शीर्ष पर बना हुआ है जबकि टी20 टीम रैंकिंग में भी उसने अपनी बढ़त बढाई है। राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप चैपियन ऑस्ट्रेलिया ने वनडे रैंकिंग मे दक्षिण अफ्रीका पर अपनी बढ़त 48 से 51 रेटिंग अंक कर दी है, जो कि खेल के किसी भी प्रारूप मे अंतरराष्ट्रीय पुरुष या महिला टीम की सबसे बड़ी बढ़त है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** शेफाली का शेहानी बो राणासिंघे 10,मंधाना का डिसिल्वा बो कुमारी 06,रोड्रिग्स बो अटापट्टू 76,हरमनप्रीत स्ट संजीवनी बो राणासिंघे 33, हेमलता नाबाद 13,रिचा पगबाधा बो राणासिंघे 09,पूजा रन आउट 01, दीप्ति शर्मा नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 01 ,**कुल** : 20 ओवर मे छह विकेट पर 150 रन,**विकेट पतन** :1-13, 2-23, 3-115, 4-134, 5-145, 6-149,**गेंदबाजी** : सुगंधिका कुमारी 4-0-26-1,राणासिंघे 4-0-32-3,कुलासूर्या 3-0-17-0, शेहानी 2-0-18-0,राणावीरा 4-0-34-0, दिलहारी 2-0-14-0, अटापट्टू1-0-8-1

**श्रीलंका पारी :** हर्षिता रन आउट 26,अटापट्टू का रेणुका सिंह बो शर्मा 05,शेहानी रन आउट 09,परेरा का यादव बो शर्मा 30,डिसिल्वा पगबाधा बो वस्त्राकर 03, दिलहारी का रेणुक सिंह बो वस्त्राकर 01,संजीवनी पगबाधा बो यादव 05,राणासिंघे का राणा बो हेमलता 11, कुमारी का मंधाना बो हेमलता 04,राणावीरा नाबाद 01,कुलासूर्या स्ट घोष बो हेमलता 01,**अतिरिक्त** : 13,**कुल** : 18.2 ओवर मे सभी आउट : 109 रन,**विकेट पतन** :1-25, 2-39, 3-48, 4-56, 5-61, 6-81, 7-102, 8-106, 9-108,**गेंदबाजी** : रेणुका 2-0-20-0,दीप्ति 4-0-15-2, राणा 4-0-28-0, यादव 3-0-15-1,वस्त्राकर 3-0-12-2, हेमलता 2.2-0-15-3

# मुकेश की स्विंग और सरफराज की शानदार फॉर्म से शेष भारत मजबूत

## ● ईरानी ट्रॉफी : सौराष्ट्र को पहली पारी में 98 रन पर समेट


**भाषा ।** राजकोट



**मुकेश कुमार की** शानदार स्विंग गेंदबाजी से सौराष्ट्र को पहली पारी में 98 रन पर समेटने के बाद शेष भारत ने सरफराज खान के शतक की बदौलत शनिवार को यहां ईरानी ट्राफी मैच के पहले दिन मजबूत शुरूआत की। स्टंप तक सरफराज 126 गेंद में 125 रन बनाकर खेल रहे थे जिससे शेष भारत का स्कोर तीन विकेट पर 205 रन था। इससे पहले मुकेश (23 रन देकर चार विकेट) की स्विंग के साथ टीम ने युवा कुलदीप सेन (41 रन देकर तीन विकेट) और उमरान मलिक (25 रन देकर तीन विकेट) की मदद से 2019–20 रणजी ट्राफी चैम्पियन सौराष्ट्र को 24.5 ओवर में महज 98 रन पर समेट दिया। मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा और उनके साथी सुनील जोशी की उपस्थिति में सरफराज ने आकर्षक स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने अभी तक अपनी पारी में 19 चौके और तीन छक्के जड़ दिए थे। शेष भारत का स्कोर तीन विकेट पर 18 रन हो गया था, तब सरफराज ने पारी को संभाला और सौराष्ट्र के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की। सरफराज ने हनुमा विहारी (145 गेंद में नाबाद 62 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए नाबाद 185 रन की साझेदारी निभा ली है। सरफराज ने जयदेव उनादकट की गेंदों पर आकर्षक शॉट लगाए। उनादकट ने दो बाउंसर लगाए जिसमें सरफराज ने एक छक्का और एक चौका जमाया। इस गेंदबाज को फिर बाउंड्री रोकने के लिए क्षेत्ररक्षकों को फैलाना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर धमेंद्र जडेजा पर उन्होंने लेट कट से अपना शतक पूरा किया। फिर जडेजा के एक ओवर में उन्होंने तीन चौके जमा दिए। पिच पर अच्छा उछाल था और शुरू में विकेट की नमी का फायदा उठाकर मुकेश ने अपने पहले स्पैल में सौराष्ट्र के खिलाड़ियों को परेशान किया। सौराष्ट्र के दोनों सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई और स्नेल पटेल के विकेट मुकेश के नाम रहे। हालांकि चेतेश्वर पुजारा (01 रन) का अहम विकेट कुलदीप ने झटका।

# एल्ड्रिन ने श्रीशंकर को पछाड़कर लंबी कूद का स्वर्ण जीता

## ● राष्ट्रीय खेल : अमलान और ज्योति 100 मीटर के चैम्पियन




**भाषा ।** गांधीनगर



**तमिलनाडु** के जेसविन एल्ड्रिन ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में लंबी कूद स्पर्धा में केरल के राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुरली श्रीशंकर को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और 2023 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। तमिलनाडु की पोल वॉल्टर रॉसी मीना पॉलराज हालांकि एथलेटिक्स स्पर्धा की स्टार रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए 4.20 मीटर से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस तरह 2014 में बनाए गए वीएस सुरेखा के 4.15 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। तमिलनाडु की उनकी दो साथी पविता वेंगटेश (चार मीटर) और बारानिका इलांगोवान (3.90 मीटर) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। पुरूषों की लंबी कूद एल्ड्रिन ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 8.26 मीटर की कूद लगाई और विश्व चैम्पियनशिप के 8.25 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को पार किया। उन्होंने दो अन्य प्रयासों में भी आठ मीटर से ज्यादा (8.07 मीटर और 8.21 मीटर) की कूद लगाई। अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों का रजत पदक जीतने वाले श्रीशंकर की सर्वश्रेष्ठ कूद 7.93 मीटर की रही जो उनके पहले प्रयास में आई थी। उन्होंने 7.55 मीटर की एक और कूद लगाने के बाद बाकी चार प्रयास नहीं करने का फैसला किया। एक अन्य लंबी कूद के शीर्ष एथलीट केरल के मोहम्मद अनीस याहिया 7.92 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर की स्पर्धा में असम के अमलान बोरगोहेन ने पुरूषों के वर्गमें जबकि आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने महिलाओं के वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज्योति के नाम 100 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है लेकिन उन्होंने दुती चंद (ओडिशा) और हिमा दास (असम) को पछाड़ते हुए 11.51 सेकेंड से महिलाओं की 100 मीटर स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया जबकि तमिलनाडु की अर्चना सुसींद्रन (11.55 सेकेंड) और महाराष्ट्र की डायंड्रा वालाडारेस (11.62 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी दुती 11.69 सेकेंड के समय से छठे और हिमा 11.74 सेकेंड के समय से सातवें स्थान पर रहीं। ज्योति ने कहा, उन्होंने (दुती और हिमा) ने हमेशा मुझे प्रोत्साहित किया जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं। मैं खुश हूं कि मैं जीत गई लेकिन ऐसा मत समझिए कि मैंने उन्हें पछाड़ दिया। पुरूषों की 100 मीटर स्पर्धा में बोरगोहेन ने 10.38 सेकेंड से पहला स्थान प्राप्त किया। तमिलनाडु के इलाकि यादासान वीके (10.44 सेकेंड) और सिवा कुमार बी (10.48 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## उत्तर प्रदेश का पदक बटोरो अभियान जारी







### ● अभिषेक पाल और पारुल चौधरी को दौड़ में सोना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में शनिवार को भी अपना पदक बटोरो अभियान जारी रखा। आज उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक पाल और पारुल चौधरी ने क्रमश पुरुष व व महिला की 5000 मी दौड़ में स्वर्णिम सफ लता हासिल की। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के लिए ट्रैक साइकिलंग में सैयद बुरहान अली ने इलीट ग्रुप की 15 किमीण्स्ट्रेच रेस में रजत पदक जीता। इन खेलों में जिम्नास्टिक कंप्टीशन के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ वर्मा ने व्यक्तिगत आल अराउंड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। सिद्धार्थ वर्मा का यह पहला राष्ट्रीय खेल है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शनिवार को समाचार लिखे जाने तक दो स्वर्णए एक रजत व दो कांस्य पदक जीते। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को चार स्वर्णए दो रजत व एक कांस्य जीते थे। उत्तर प्रदेश इन खेलों में अब तक 6 स्वर्ण पदकए तीन रजत पदक व तीन कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीत चुका है और खेलों की पदक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है।

# आडवाणी और लक्ष्मण नॉकआउट चरण में

## ● विश्व पुरुष 6-रेड स्नूकर चैम्पियनशिप

**भाषा ।** कुआलालंपुर



**स्टार क्यू** खिलाड़ी पंकज आडवाणी और गत चैम्पियन लक्ष्मण रावत सहित छह भारतीयों ने विश्व 6–रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। आडवाणी और लक्ष्मण के अलावा ध्वज हरिया, कमल चावला और एस श्रीकृष्णा ने अंतिम 32 में जगह बनाई। आडवाणी ने यहां सभी ग्रुप मैच 4–0, 4–1, 4–1, 4–2 के स्कोर से जीते जिससे उन्होंने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। हालांकि नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में पहुंचे। पुणे के 37 साल के आडवाणी ने गुरूवार को प्रतियोगिता के शुरूआती दिन सुबह के सत्र में लीबिया के मोहम्मद इमीश को 4–0 से पराजित करने के बाद शाम के सत्र में मंगोलिया के एंखतुवशिन बात ओचिर को 4–1 से शिकस्त दी।

## हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए 33 संभावित खिलाडियों की घोषणा की

**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग सत्र के शुरूआती मैचों के लिए शनिवार को 33 सदस्ईय पुरूष कोर संभावित खिलाड़ियो के नाम की घोषणा की जिसमे कप्तान मनप्रीत सिंह और अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश शामिल है। भुवनेश्वर मे कलिंग स्टेडियम में न्यूजीलैंड (28 अक्टूबर और चार नवंबर) और स्पेन (30 अक्टूबर और छह नवंबर) के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ी सोमवार को बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र पहुंचेगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने शिविर के बारे में कहा, भुवनेश्वर-राउरकेला में एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरूष विश्व कप 2023 से पहले हमें किन क्षेत्रों मे काम करने की जरूरत है, इसके बारे में हमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 मे खेलने के बाद पता चलेगा।

# मनिका का निराशाजनक प्रदर्शन जर्मनी से हारी भारतीय महिला टीम

## ● विश्व टीम चैंपियनशिप

**भाषा ।** चेंगदू



**श्रीजा** अकुला और दीया चितले ने शानदार जीत दर्ज की, लेकिन स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा अपने दोनों मैच हार गई जिससे भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां आईटीटीएफ विश्व टीम चैंपियनशिप के पहले मैच में जर्मनी से 2–3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय पुरुष टीम ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और ग्रुप दो के शुरुआती मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 3–0 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और विश्व में 44वें नंबर की बत्रा दुनिया की आठवें नंबर की यिंग हान के सामने नहीं टिक पाई। जर्मन खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को 3–0 (11–3 11–1 11–2) से हराकर अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिलाई। विश्व की 77वें नंबर की श्रीजा ने इसके बाद अपने से अधिक रैंकिंग की नीना मित्तलहम को 3–0 (11–9 12–10 11–7) से हराकर भारत को वापसी दिलाई। इसके बाद विश्व में 122वें स्थान की दीया ने सबाइन विंटर पर कड़े मुकाबले में 3–1 (11–9 8–11 11–6 13–11) से जीत दर्ज करके भारत को बढ़त दिला दी। एशियाई खेलों की पदक विजेता बत्रा ने अपने दूसरे मैच में दमदार शुरुआत की।

# अखिलेश के घर की है समाजवादी पार्टी: केशव

● तीसरी बार सपा सुप्रीमो चुने जाने पर डिप्टी सीएम का तंज

● अगले कई वर्षों तक अखिलेश ही बनते रहेंगे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

रविकान्त दुबे। कानपुर देहात



सिकन्दरा के रमऊ में आयोजित सभा को सम्बोधित करते डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्या



डिप्टी सीएम द्वारा शुभारम्भ किये गये विकास कार्यों के शिलालेख

**सिकन्दरा के** रमऊ गॉव पधारे डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर गहरा तॅज कसते हुये कहा कि सपा पूर्व सीएम की घर की पार्टी है जब तक वह अपनी पार्टी को रसातल में पहुँचाने के बाद भी सारे अजीवन इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें रहेंगे। डिप्टी सीएम ने रमऊ गॉव में कई विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ करते हुये प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को मिलने वाले लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या शनिवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर पधारे थे, दौरे की शुरूआत सिकन्दरा तहसील के रमऊ गॉव से हुयी यहॉ डिप्टी सीएम ने अमृत सरोवर, देहाती मार्ट, ओपन जिम सेंटर और योगा पार्क का शुभारम्भ किया। डिप्टी सीएम ने जिम सेंटर में शारीरिक व्यायाम किया, वहीं देहाती मार्ट की महिलाओं से उनके चने और बुकनू खरीदकर उनका स्वाद भी चखा। डिप्टी सीएम के जनपद आगमन पर डीएम नेहा जैन व एसपी सुनीति ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में डिप्टी सीएम ने सपा सुप्रीमों व पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर तॅज कसते हुये कहा कि हाल में उनकी पार्टी के चुनाव में उनको फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है, समाजवादी पार्टी उनकी घरेलू पार्टी है, जब तक अखिलेश उसको अपने गॉव सैफई की पार्टी नहीं बना देते है तब तक वह उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष ही बने रहेंगे। उन्होंने विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा देश के अॅतिम पायदान के व्यक्ति को लाभ पहुॅचाने के लिये सॅचालित की जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं से उनके जीवन स्तर पर हुये अभूतपूर्व परिर्वतन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही देश व देश की जनता की भलाई के लिये काम कर रही है बाकी दलों ने सिर्फ अपना व अपने परिवार के विकास के लिये काम किया है, इसीलिये देश व प्रदेश की जनता विपक्षी दलों को बार-बार नकार कर भाजपा के सुशासन के स्वीकार कर सेवा करने का अवसर प्रदान कर रही है। कार्यक्रम को राज्यमंत्री अजीत पाल, एमएलसी व जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान ने भी सम्बोधित किया, इस दौरान पूर्व विधायक विनोद कटियार, डीएम नेहा जैन, एसपी सुनीति, सीडीओ सौम्या पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्थाओं के पद हो सकते हैं बड़े लेकिन व्यक्ति नहीं: डॉ. सर्वेश सिंह

संवाददाता। पुखरायां कानपुर देहात



कार्यक्रम में शिक्षकों को संबोधित करते नरेंद्र पाल सिंह

**विकासखंड अमरौधा** के पटेल इंटर कॉलेज शेखपुर में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर सर्वेश सिंह कुशवाहा का सम्मान किया गया। आयोजकों ने उनके द्वारा कराये गए विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद समाजवादी पार्टी कानपुर देहात के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र पाल सिंह मनु ने इस अवसर पर कहा की कोई भी संस्था सभी के सहयोग से प्रगति करती है। खासकर लगभग सभी शिक्षण संस्थाएं वहां के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रबंध तंत्र के सहयोग से ही उच्च कोटि शिक्षा प्रदान करती हैं और प्रधानाचार्य की समाज हितैषी योजना सफल होती है। वहीं संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सर्वेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पद बड़ा हो सकता है लेकिन व्यक्ति बड़ा नहीं होता है। व्यक्ति के तजुर्बे ही किसी कार्य की सफलता का कारण बनते हैं। क्योंकि संस्थाएं चलाने में अनुभव बहुत महत्वपूर्ण होता है। एक कर्मचारी की सलाह भी संस्था का हित हो सकता है। पद में बड़े एक प्रधानाचार्य के फैसले से संस्था का अहित भी हो सकता है। इसलिए अपने पद का घमंड नहीं होना चाहिए। खासकर शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक विचार विमर्श के बाद सभी कार्य सभी के सहयोग से निपटाए जाने चाहिए। श्री नेहरू इंटर कॉलेज शाहजहांपुर के प्रधानाचार्य राम आसरे कटियार, श्री बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा के प्रधानाचार्य राम नाथ वर्मा, प्रवक्ता रघुनाथ सिंह यादव, पूर्व प्रवक्ता राम स्वरूप सिंह यादव, सोबरन सिंह यादव ने विचार रखे। शिक्षक प्रताप सिंह, सूरज सिंह, चरण सिंह, रणधीर सिंह, नीलेश तिवारी, ओमेंद्र कुमार, बलजीत सिंह, यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे। प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिदास सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संस्..त के विद्वान प्रवक्ता रमेश सिंह यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## डीएम और एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर भोगनीपुर तहसील में सुनीं समस्याएं

**कानपुर देहात।** डीएम नेहा जैन व एसपी सुनीति ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर भोगनीपुर तहसील में फरियादियों की समस्याओं को सुना, भोगनीपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता भोगनीपुर एसडीएम अजय द्वारा द्वारा की गयी। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस मैथा के स्थान पर भोगनीपुर में आयोजित किया गया। तहसील दिवस की अध्यक्षता करते हुये एसडीएम भोगनीपुर अजय राज ने डीएम नेहा जैन व एसपी सुनीति की मौजूदगी में फरियादियों की सुतस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश सॅबन्धित अधिकारियों को दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग, सप्लाई, चकबंदी विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा, विद्युत, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बन्धित थी जिसको सम्बन्धित अधिकारियों को तुरन्त सौंपा गया और जल्द से जल्द गुणवत्तपूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी लेखपालों और कानूनगो को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर अधिकतर शिकायें भूमि विवाद से सम्बन्धिता होती है इसलिये पुलिस एवॅ राजस्व विभाग समस्वय स्थापित करते हुये शिकायतों का त्वरित एवॅ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये।

## ग्लोबल सेलर्स समिट का आयोजन

**लखनऊ।** ईकॉमर्स मार्केटप्लेस के ज़रिए भारतीय कंपनियों को अमेरिका और कनाडा में विस्तार करने में सहयोग के लिये यहां एकदिवसीय ग्लोबल सेलर्स समिट का आयोजन किया गया। इस 500 से अधिक भारतीय मैन्युफैक्चर्रर्सए ब्रांड्स और सेलर्स ने इस समिट में हिस्सा लिया और वॉलमार्ट के लोकल व ग्लोबल विशेषज्ञों, लॉजिस्टिक्स एवं फिनटेक सर्विस प्रदाताओं और उन भारतीय कंपनियों को सुना जो वॉलमार्ट के मार्केटप्लेस के ज़रिए आगे बढ़ रही हैं। मिशेल मी वीपी इमरजिंग मार्केट्स ऐंड बिज़नेस डेवलपमेंट ग्लोबल सोर्सिंग वॉलमार्ट ने कहा वॉलमार्ट भारतीय सेलर्स के साथ अपने रिश्ते को मज़बूत करने और विदेश में कारोबार करने में उनकी मदद के लिए टूल्स व सर्विसेज़ में निवेश कर रही है हमारा ध्यान अधिक भारतीय कंपनियों के साथ लंबे समय तक चलने वाले रिश्ते विकसित करने पर है। दीपाली गोयनका सीईओ एवं ज्वाइंट एमडीए वेलस्पन इंडिया ने कहा वेलस्पन एक ग्राहक केंद्रित कंपनी है और पिछले दो दशकों के दौरान वॉलमार्ट के साथ विकसित हुई हमारी मज़बूत साझेदारी पर हमें गर्व है।

# सीओ व डाक्टर के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर संगीन धाराओं में मुकदमा

● वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान की प्रभावी पैरवी से पीड़ित को मिला न्याय



वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह चौहान

**कानपुर देहात।** वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान की प्रभावी पैरवी से बीते दिनों रसूलाबाद में दलित युवक के साथ तत्कालीन थाना प्रभारी व चिकित्सक द्वारा जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के मामले में स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। लोकसेवा की गरिमा व मर्यादा भूले लोकसेवकों के खिलाफ दर्ज हुये मुकदमें से पीडित सहित अन्य लोगों ने प्रभावी पैरवी के चलते दर्ज हुये एससी/एसटी एक्ट के मुकदमें के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान का आभार जताया है।

आपको बतातें चले कि विशाल सिंह गौतम पुत्र विजय कुमार निवासी मनावा रसूलाबाद ने डा0 स्वप्निल सिंह एसएसजी हेल्थकेयर रसूलाबाद व तत्कालीन थाना प्रभारी शिव ठाकुर ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार कर न्याय की अवेहलना कर उत्पीडन की घटनाओं को अॅजाम दिया जिससे मुझे मजबूरी में उनके खिलाफ माननीय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कानपुर देहात में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, मोबाइल, रूपये छीनने, मारपीट करने के मामले में न्याय न प्राप्त होने शिकायत की थी, उल्टा मेरे ही खिलाफतत्कालीन एसओ व डाक्टर ने सॉठगॉठ कर झूठा व फर्जी मुकदमा दर्ज करवा कर उत्पीडन करना शुरू कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता, एकीकृत बार एसोसिएशन के सॅस्थापक महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान की प्रभावी पैरवी से सीओ शिव ठाकुर, डाक्टर स्वपनिल सिंह के खिलाफ स्पेशल जज एससी,एसटी एक्ट श्री अमित मालवीय के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश प्रदान किया गया। पीडित सहित अन्य प्रतिष्ठित व सम्भ्रान्त वर्ग के लोगों ने वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह चौहान द्वारा इस सॅवेदनशील व गॅभीर मामले में साहसिक प्रभावी पैरवी को मील का पत्थर बताया है। बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री मुलायम सिंह यादव ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश से बेलगाम व भ्रष्ट नौकरशाहों को भी अपने आपको कूनन से ऊपर समझने की आदत पर विराम के साथ जनपद में वास्तव में कानून के राज (रामराज) की स्थापना जमीनी धरातल में यर्थाथ रूप से चरितार्थ हुयी है।

## संचारी रोग नियंन्त्रण अभियान के शुभारम्भ पर डीएम ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झण्डी

**कानपुर देहात।** जनपद में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष सॅचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारॅभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकबरपुर परिसर से डीएम नेहा जैन ने किया इस दौरान डीएम ने अॅतरविभागीय जन जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सभी गॉवों, मोहल्लों तथा वार्डो। में नियमित साफ-सफाई, छिडकाव व सेनिटाइजेशन का कार्य कराया जाएगा व दस्तक अभियान के अर्न्तगत आशाओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर दिमागी बुखार की रोकथाम तथा उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जाएगा। सीएमओ डा0 एके सिंह ने बताया कि कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है। रोग के उपरान्त शररीरिक और मानसिक विकलॉगता भी ला सकता है। दिमागी बुखार से इस लडाई में हर सम्भव सभी प्रयास करें।

## क्विक न्यूज

### पुखरायां के बाल मंदिर आज सम्मानित होंगे मेधावी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर दिन रविवार को सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज पुखरायां में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रबंधक ..ष्ण कुमार शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया की गांधी जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज पुखरायां के मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका पुखरायां के चेयरमैन सत्य प्रकाश संखवार करेंगे।

### ट्रक चालक ने रची लूट की साजिश

**घाटमपुर।** फतेहरपुर के थाना गाजीपुर निवासी ट्रक चालक ने शुक्रवार सुबह पुलिस कंट्रोल रूम को मुगल रोड पर नशीला पदार्थ सुंघाकर सरिया लदा ट्रक लूटने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जब पूरे मामले की जांच की तो वह फर्जी निकली। शिकायतकर्ता ट्रक चालक ने ही कर्ज चुकाने के लिए सरिया बेचकर ट्रक लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने बेची गई सरिया की रकमए खरीदने वाले दुकानदार समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल दिया। एसपी आउटर तेज स्वरूप सिंह के बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे फतेहरपुर के थाना गाजीपुर मजरा कंचनपुर निवासी चालक नीलू उर्फ अरविंद ने कंट्रोल रूम में दो लोगों द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर सरिया लदा ट्रक लूटने की सूचना दी थी। सूचना पर जांच में जुटी आउटर पुलिस को ट्रक की लोकेशन घाटमपुर में मिली। जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने जहानाबाद रोड़ स्थित रेलवे क्रासिंग के पास से ट्रक को बरामद कर लिया। मामला संदिग्ध लगने पर चालक नीलू व गाजीपुर निवासी खलासी शबाब पुत्र समीम को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो लूट की कहानी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि चालक नीलू पर काफी कर्ज था। उसने खलासी शबाब के साथ योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देने के लिए मनगढंत कहानी रची। शुक्रवार को दोनों फतेहपुर के चौडगरा से रायबरेली के लिए 10 टन सरिया लोड ट्रक लेकर निकले थे। इसके बाद दोनों अपने साथी गाजीपुर के ही कल्लू खां पुत्र मुस्तफा के माध्यम से फतेहरपुर में बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले ओम शिवहरे के यहां तीन टन सरिया बेचकर आगे बढ़ गए पुलिस ने आरोपियों की निशान देही पर बेची गई तीन टन सरिया की रकम व ट्रक समेत बरामद कर चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को गलत सूचना देने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज जेल भेज दिया।

### नौ देवियों के रूप में दुर्गा के नौ रूपों की हुई आराधना




**फर्रुखाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय सेनापति में वन्दना सभा में नौ देवियों के रूप में दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना व आरती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार शुक्ल जी द्वारा कराया गया। विद्यालय के अध्यक्ष श्री शिव विलास त्रिवेदीए मुख्य अतिथि श्री बृज किशोर मिश्र ;सेवा निवृत्त अध्यापकद्ध विशिष्ट अतिथि श्री सतीश चन्द्र अग्निहोत्री ;सेवा निवृत्त ।क् पंचायतद्धए मुख्य वक्ता श्री राम सागर दुवे सं.नि. अध्यापक और आये हुए अभिभावक व आचार्य बन्धुओं के द्वारा देवियों की आरती की गई। श्री प्रदीप शर्मा आचार्य जी द्वारा नौ देवियों का पूजन किया गया। आये हुए आगन्तुकों के द्वारा देवियों को दक्षिणा भी प्रदान की गई। विद्यालय के अध्यक्ष श्री शिव विलास त्रिवेदी जी द्वारा देवियों को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीरामानंद पाण्डेय जी द्वारा किया गया। आये हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार श्री नेम सिंह जी द्वारा ज्ञापित किया गया। आये हुए अतिथियों द्वारा इस कार्यक्रम को खूब सराहा गया।

### लुटेरे ने ऑटो पार्ट्स व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर झोका, 4.25 लाख नगदी वाला बैग लेकर हुए फरार

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में सशस्त्र बाइक सवार लुटेरे बदमाशों नेए ऑटो पार्ट्स व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर झोक कर करीब 4.25 लाख रुपए की नगदी वाला बैग लूटपाट कर फरार हो गए। पुलिस ने आज शनिवार को बताया कि शहर के मोहल्ला बालाजीपुरम निवासी गगन कटियार उम्र करीब 38 वर्ष कल शुक्रवार रात्रि करीब 9.15 बजे, बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के सामने स्थित अपनी ऑटो पार्ट्स एक दुकान बंद करके, अपने पड़ोसी युवक लक्की के साथ एक मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। जब ऑटो पार्ट्स व्यापारी की मोटरसाइकिल लाल गेट ,पांचाल घाट मार्ग पर, कादरी गेट से आ गए,ओपीलान के समीप पहुंची तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन सशस्त्र लुटेरे बदमाशों नेए तमंचा दिखाकर उन्हें रोका। विरोध करने पर एक लुटेरे बदमाश ने तमंचे से फायर किया तथा दूसरे लुटेरे बदमाश में मिर्ची पाउडर आंखों में झोककरए करीब4025 लाख रुपए की नगदी से भरा बैग ऑटो व्यापारी के हाथ से लूटपाट करके पांचाल घाट की ओर फरार हो गए। इस दौरान की पुकार सुनकर आसए पास के लोगो जब आगे बढ़े तो सशस्त्र लुटेरे बदमाशों ने तमंचे से फायर किए। ऑटो पार्ट्स व्यापारी गगन कटियार ने बताया कि उन्हें एक कंपनी के सवा दो लाख का भुगतान करना था उस कंपनी का अधिकारी नहीं आया और दोलाख रुपए की दुकान बिक्री सहित करीब 4.25 लाख रुपए मेरे बैग में थे। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घटना का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस की चार टीमों का गठन किया और शीघ्र ही पर्दाफाश करने के निर्देश दिए।

### भाजपाइयों ने बूथों पर किया वृक्षारोपण



**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज पार्टी के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण वृक्षपालकों द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा द्वारा शहर के महिला महाविद्यालय में वहीं केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा छिवलहा मंडल में वृक्षारोपण कर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया गया। विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता ने गाजीपुर मंडल में तो वहीं जहानाबाद विधायक द्वारा अमौली मंडल में कार्यकर्ताओं संग वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला महामंत्री उदय लोधी द्वारा रानी अवन्तिबाई हायर सेकेण्डरी स्कूल चौफेरवा में वृक्षारोपण किया गया। वहीं जिला मीडिया प्रभारी व वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक प्रवीण सिंह द्वारा असोथर पब्लिक स्कूल में विद्यालय परिवार के साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में समस्त जिला पदाधिकारियों, मंडल की टीम व बूथ प्रमुखों द्वारा अपने अपने सम्बन्धित बूथों पर पौधारोपण कर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

# विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जनपद में** शनिवार से विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान शुरू हुआ। अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी संजय सिंह ने जिला मुख्यालय से रैली को हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर संचारी रोगों से निपटने के लिए शपथ भी ली गई। रैली का समापन डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करते हुए किया गया। इस दौरान डीएम ने कहा कि सभी विभाग एक जुट होकर इस अभियान को सफल बनाएं साथ ही संचारी रोगों से कैसे निपटा जाए इस बारे में जनमानस को जागरूक भी करें ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण माह आज से शुरू हुआ है जो 31 अक्टूबर तक चलेगा । 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान के पहले दिन जिले में विभिन्न स्थलों पर संचारी रोगों से निपटने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं कोरोना से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक कर सकें।

वेक्टर बार्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ यू सी वर्मा ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायए लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं को दिमागी बुखार के लक्षणों एवं उपचार के विषय में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। आशा हर घर में जाकर मच्छरों के पैदा होने वाली परिस्थितियों का निरीक्षण करेंगी। मलेरिया जांच में भी आशा कार्यकर्ता सहयोग करेंगी। साथ ही कोविड.19 रोग के प्रसार की स्थिति के चलते कई बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। ऐसे वंचित बच्चों की सूची भी आशा गृह भ्रमण के दौरान तैयार करेंगी। जिला मलेरिया अधिकारी ;डीएमओ डॉ राजेश माथुर ने बताया कि इस चरण में आशा बुखार के अतिरिक्त खांसी तथा सांस लेने में दिक्कत या परेशानी की शिकायत वाले रोगियों को भी चिन्हित करेंगी और जांच के लिए संदर्भित करेंगी। साथ ही इस दौरान टीबी रोगियों की खोज और कुपोषित बच्चों की सूची भी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता द्वारा बनाई जाएगी । इस कार्य को सफल बनाने हेतु विकास खंड अधिकारी, शिक्षा विभागएबाल विकास परियोजना विभाग ,ग्राम पंचायत- ग्राम प्रधान, नगर निगमध्पंचायत आदि का विशेष सहयोग रहेगा। डीएमओ ने कहा कि संचारी अभियान में अगर जनमानस का सहयोग मिल जाए तो यह अभियान सफल हो सकता है । इसके लिए हमें अपने आस पास साफ सफाई रखनी होगी स बरसात का मौसम अब जाने वाला है । इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, डीपीएम कंचन बाला, सहायक मलेरिया अधिकारी नरजीत कटियार, यूनिसेफ से डीएमसी अनुराग दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

# घाटमपुर पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग का किया पर्दाफाश

● नकली नोटों के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता। घाटमपुर



**क्षेत्र में** लम्बे समय से सक्रिया नकली नोट छपाई कर बाजार में खपत करने वाले गैंग का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफास किया है, एसपी आउटर तेज स्वरुप सिंह ने बताया कि ये गैंग बीते तीन माह से क्षेत्र में सक्रिय था तथा दशहरा और दीपावली के त्योहारों पर क्षेत्र के अलावा पड़ोसी जिलों में भी नकली नोटों की खपत की योजना बना रहे थे, इस संवंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पकड़े गये लोगों के सहारे पूरे गैंग का पर्दाफास करने में जुटी है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया कि बीते काफी दिनों क्षेत्र में नकली नोटों के छापने का काम करने वाले गैंग के सक्रिय होने सूचना पुलिस को मिल रही, इसी आधर पर पतारा चौकी पुलिस ने अपना नेट वर्क फैलाया और बड़ी संख्या में नकली नोट व अध छापे नोटों के साथ दो लोगों को पकड़ा, बाद में पकड़े गये लोगों की निशान देहीं पर जाली नोट छपाई की प्रिटिंग मशीन, 100-100 के जाली नोट और अन्य सामान बरामद किया, पकड़े गये दो लोगों मे एक हाई स्कूल फेल अपचारी भी शामिल है।नकली नोटों की छपाई गैंग का पर्दाफास करने वालों में चौकी प्रभारी पतारा बिनीत मिश्रा, उप निरीक्षक यूटी-गौरव मुदगल, सिपाही मनोज कुमार व मोनू कुमार शामिल रहे।

# अन्तरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर डीएम ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को किया सम्मानित



**फर्रुखाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने वृद्धाश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों को माला पहनाकर एवं वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वृद्धजनों द्वारा भजनध्गीत गाया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त वृद्धजनों को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वृद्धजनों को रहने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए और ना ही इनकी खुशियों में कोई कमी हो। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी हर माह वृद्धाश्रम का निरीक्षण करता रहूँगा। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी वृद्धाश्रम का विजिट कर अपना .अपना सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी भी उपस्थित रहीं।

## बुजुर्गों को करायें अपनेपन का अहसास, उनकी बातों पर न हों नाराज: सीएमएस

**फतेहपुर।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि वृद्वों में अक्सर देखा गया है कि वह उम्र के अंतिम पड़ाव में भूलने या चिडचिडापन जैसी समस्याओं से ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे में घर के अन्य सदस्यों को चाहिये कि वह धैर्य बनाये रखें और बड़े बुजुर्गों की बातों को समझने की कोशिश कर उनकी समस्याओं का निदान करें। घर में माता पिता हों या फिर अन्य सदस्य वृद्धावस्था के दौरान शरीर में कई हार्मोनल परिवर्तन होते हैं। साथ ही मस्तिष्क को पर्याप्त आक्सीजन न मिलने की वजह से सेल्स नष्ट होने लगती है। यही कारण है कि बुजुर्ग अक्सर बाते भूल जाया करते हैं और कुछ न कुछ बड़बड़ाते रहते हैं। सीएमएस ने कहा कि जिला अस्पताल में बुजुर्गों के लिये अलग से विशेष वार्ड बनाया गया है। जहां वृद्धों को भर्ती कर उनका बेहतर इलाज किया जाता है। साथ ही जरूरत के हिसाब से कृत्रिम उपकरण भी दिये जाते है। वर्तमान समय में पांच बुजुर्ग भर्ती कर सविधा का लाभ ले रहे है। बताया कि रैली और गोष्ठी के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने का काम भी किया जा रहा है। 65 वर्ष के बाद कुछ लोग भूलने की समस्या अल्जाइमर रोग से ग्रसित होने लगते है। समय पर उपचार शुरू न होने पर यह रोग इस कदर बढ़ता है कि व्यक्ति अपने परिवारजनों को भी नहीं पहचान पाता।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जहानाबाद विधायक ने किया शुभारंभ

● जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। फतेहपुर

**शहर के** स्पोटर्स स्टेडियम में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान और दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक ने कहा कि संचारी रोगों पर सफलतापूर्वक नियन्त्रण पाने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए उत्तरदायित्वों का निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी से करें। अधिकतर बीमारिया गन्दगी होने से पनपती व फैलती है। अगर अपने घर के आस पास सफाई रखेंगे तो संचारी रोगों को पनपने का मौका ही नहीं मिलेगा। रैली ज्वालागंज बस स्टॉप, बाकरगंज, जिला अस्पताल होते हुए सर्किट हाउस पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस में समाप्त हुई।

उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्राम/ब्लॉक/तहसील स्तर पर चलाया जाय। जहाँ पर पानी का जमाव हो उसको तत्काल निकाला जाए, नालियो की साफसफाई, झाड़ियों की कटाई की जाए जिससे मलेरिया, टाइफाइड, चिकिनगुनिया, क्षय रोग, जेईएईएस, चेचक, हैजा, इन्फ्लूएंजा, कालाजार, फायलेरिया, स्क्रबटाईफस, प्लेग आदि संचारी रोगों से बचा जा सके। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश प्रदेश में काफी विकास दिख रहा है। कोरोना महामारी के समय चिकित्सको ने बड़ी हिम्मत के साथ कार्य करके महामारी पर नियंत्रण किया है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से संचारी अभियान की शुरुआत की है। जो पूरे प्रदेश में चल रही है। इस अभियान की वजह से बच्चों की मृत्यु दर में काफी कमी आयी है। इस अभियान में सभी लोगो का सहयोग अपेक्षित है। इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर अभियान को सफल बनायें।

सीएमओ डा0 सुनील भारतीय ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 07 से 21 अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा। इसमें 07 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के तहत घर-घर सर्वे कर फ्लू, खांसी, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाएगी। डीएमओ सुजाता ठाकुर ने बताया कि संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को या पशुओं से इंसान को हो सकती है।

# पटाखा बनाते समय विस्फोट, एक की मौत

संवाददाता। अमेठी

**गौरीगंज** कोतवाली में घर की छत पर पटाखा बनाते समय विस्फोट हो जाने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने घायल को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मानसिंह का पुरवा मजरे हरखपुर निवासी लगभग 38 वर्षीय अनवर पुत्र बशीर अहमद के घर का है। जहां पर आज सुबह करीब 8रू00 बजे अनवर नाम का युवक अपने ही घर की छत पर पटाखा बना रहा था। गोला बनते समय अचानक हाथ में ही विस्फोट हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन.फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल असैदापुर पहुंचे। जहां प्राथमिक



उपचार के बाद घायल युवक की गंभीर हालत देखते हुए डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के लिए परिजन युवक को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजन युवक को वापस लेकर घर पहुंचे जहां पर गौरीगंज कोतवाली पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही में जुटी। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ0 इलामारन जी कोतवाली प्रभारी राहुल कुमार व सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी और अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों के यथावश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। वसीम अहमद के नाम पटाखा बनाने का लाइसेंस जारी किया गया था जो 31 मार्च 2023 तक वैध है । लेकिन यह लाइसेंस घनी आबादी से बाहर बने एक कमरे के लिए जारी किया गया था किंतु युवक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर घनी आबादी के बीच बने अपने घर की छत पर पटाखा बनाया जा रहा था। जिसके बाद यह विस्फोट हुआ ग्रामीण बताते हैं कि विस्फोट इतना जबरदस्त था की गांव में लगभग 01किलोमीटर की दूरी तक इसकी आवाज सुनाई पड़ी और पूरे गांव के लोग सहम गए। यदि यह विस्फोट छत के ऊपर ना हुआ होता और कहीं घर के अंदर होता तो पूरा घर जमींदोज हो जाता। वसीर अहमद के खिलाफ गौरीगंज कोतवाली में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता। अमेठी

**जनपद** की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायेए शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभागए पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे.मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील तिलोई में कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गयाए तहसील मुसाफिरखाना में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 12 का निस्तारण किया गयाए तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर





भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने.अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक डाण् इलामारन जीए उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंहए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् विमलेंदु शेखरए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए पुलिस क्षेत्राधिकारीए तहसीलदार तिलोई सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने वरिष्ठ मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए पत्र को किया वितरित

**अमेठी** जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने आज तहसील तिलोई में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकोंध्मतदाताओं ;80आयु वर्गद्ध के लिए भेजे गए पत्र को वितरित किया। इस दौरान उन्होंने आने वाले निर्वाचन में स्वयं तथा नई पीढ़ी के युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील किया साथ ही अब तक के निर्वाचनों में निरंतर योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर और इस तरह भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के अपने जोश एवं समर्पण से आपने देश के युवाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया हैए आपके जैसे उत्तरदाई ज्येष्ठ मतदाताओं के कारण ही हम एक लोकतंत्र के रूप में दुनिया में फल फूल रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने और निर्वाचनों को सही मायनों में स्वतंत्रए निष्पक्षए समावेशीए सुगम और सहभागी बनाने के लिए हमारे निरंतर प्रगतिशील तंत्र के भी साथी हैं आपने बीते समय में विभिन्न चुनावों के दौरान अपना वोट डालकर अपनी सरकार का विकल्प तय करने में अपने एक वोट के मूल्य का वास्तविक अर्थ सिद्ध किया है। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकोंध्मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदैव की भांति आगे आने वाले निर्वाचनों में अपना मत अवश्य डालें और युवा पीढ़ी को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई फाल्गुनी सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## वृद्ध मतदाताओं को तहसील प्रशासन ने किया सम्मानित

**गौरीगंजअमेठी।** मतदान करना इंसान का जन्मसिद्ध अधिकार हैं। इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने वाला ही मतदाता ही लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी हैं। लोकतंत्र में मत का बहुत बड़ा ही महत्त्व होता है। जो ग्राम स्तर से लेकर संसद तक के चुनाव में युवा से लेकर बुजुर्ग तक बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपना जन प्रतिनिधि चुनते हैं। राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में वृद्ध मतदाताओं की लोकतंत्र से जुड़ी आस्था को देखते हुए इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# एडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**मुसाफिरखाना अमेठी ।** शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में एडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।बैठक में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन व वारावफात त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ विस्तृत चर्चा हुई ।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एडीएम अजीत सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम भाई चारा व सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत बनाते हैं।उन्होंने दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन व बारावफात को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों व आयोजन से जुड़े लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार परंपरागत तरीके से मनाए । एएसपी हरेंद्र कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सबके सहयोग व आपसी समन्वय स्थापित कर सहयोग करें ।शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन का पालन कराने के लिए





पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है।एसडीएम सविता यादव ने कहा कि बिना लिखित अनुमति प्राप्त किए कही भी कोई कार्यक्रम अथवा जुलूस आदि नहीं आयोजित किए जाएंगे ।इसके साथ ही आयोजन से लोगों व तैयारियो के संबंध में विस्तृत जानकारी स्थानीय प्रशासन के पास उपलब्ध कराए । सीओ अर्पित कपूर ने कहा कि मूर्ति विसर्जन व जुलूस को लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है ।किसी भी स्तर पर लापरवाही व उदासीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नही की जाएगी ।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत शामिल सभी जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों व जुलूस में आपत्ति जनक गाने नारेबाजी नही होनी चाहिए।किसी भी स्तर पर जरूरत पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को सूचना जरूर दें ।बैठक में निरीक्षक हंस राज कुशवाहा उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा इंग्लेश तिवारी महेंद्र तिवारी अतुल सिंह विवेक द्विवेदी डॉ कैलाश बिहारी बृजेश कुमार गुप्ता ईओ विनय शंकर अवस्थी बीडीओ अनीस अहमद जीत बहादुर यादव आशीष कुमार यादव बृजेश यादव संत शरण सिंह राहुल कौशल दिलीप माहेश्वरी बैजनाथ मिश्रा अरुण मिश्र राम मिश्र सहित विभिन्न समुदायों के साथ ही दुर्गा पूजा समितियों के कार्यकर्ता व उलेमा मौजूद रहे ।

## राम वन गमन का प्रसंग सुन श्रोताओं के बह चले प्रेमाश्रु

**अमेठी ।** विकासखंड क्षेत्र गौरीगंज के मऊ गांव में विधायक राकेश प्रताप सिंह के यहां चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन कथावाचक स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने राम जी के वनवास प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भावुक हो गए लोगों के कंठ अवरुद्ध हो गए और प्रेमाश्रु बह चले। बताया कि भगवान राम के जीवन में जितना बड़ा उलटफेर हुआ उतना अन्यत्र कहीं नहीं दिखाई देता। सुबह उन्हें अयोध्या के राज सिंहासन पर बैठना है पिता से नीति सीख रहे हैं इसी रात में इतना बड़ा उलटफेर हुआ कि सुबह होते ही उन्हें बन जाने के लिए तैयार होना पड़ा। महाराज दशरथ कैकई संवाद को वर्णित करते हुए कोप भवन में राम के आगमन और वन गमन की इच्छा पर दशरथ महाराज की व्यथा का मानस की चौपाइयों के माध्यम से उन्होंने सुंदर वर्णन किया।

# मां कात्यायनी की पूजा और रामलीला के मंचन के साथ प्रारम्भ हुआ दशहरा कार्यक्रम

**रायबरेली** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में मां दुर्गा के षष्टम् स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना एवं रामलीला के मंचन के साथ दशहरा का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र अनमोल सोनी द्वारा माँ की स्तुति एवं विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, सहप्रबंधिका, डॉ0 रश्मि शर्मा,प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं अमर जी विश्वकर्मा द्वारा माँ दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री राम के द्वारा रावण वध का मंचन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा जिसने सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में विधार्थी काफी उत्साहित रहे, माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना और रामलीला का मंचन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती संचिता त्रिवेदी जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में विजयदशमी के पर्व को असत्य पर सत्य की विजय बताया जो शक्ति की आराधना के बिना संभव नहीं, यह पर्व हमें बुराइयों का उन्मूलन कर समाज में अच्छाई की स्थापना करने का संदेश देता है। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए, मानवता के उच्च कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा व विजय दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पूजा सिंह व शिक्षक श्री अमित कुमार जी ने किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0दास मिश्रा, अवधेश शर्मा, रामदेव जी, शाहीन खान, बालजी पाण्डेय, राकेश अवस्थी, शिवकरन पाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक, विधार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।







## पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानपुर में कन्या भोज का आयोजन

**खीरो ( रायबरेली )** 1 अक्टूबर को विकास क्षेत्र खीरो के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानपुर विद्यालय में 71 कन्याओं का पूजन किया गया उसके उपरांत कन्या भोज खिलाया गया ।एवं सभी कन्याओं को उपहार के रूप में एक चुनरी ,प्लेट, रुमाल प्रदान किया गया ह्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्रीमती रेखा सिंह एवं सुरेंद्र सिंह राठौर थे बच्चों ने कार्यक्रम में पूरे मनोयोग से हिस्सा लिया जिसमें बहुत सारे गणमान्य , अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश कुमार सिंह, सहायक शिक्षिका गीता सिंह ,रेणुका यादव, उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के मुख्य मुख्य सहयोगी सुनील कुमार सिंह के साथ साथ अन्य लोगों में रिकी सिंह , आनंद शुक्ला, अविनाश सिंह , राजू सिंह ,कैलाश सिंह , संजय सिंह , प्रिंस यादव, छोटू, अनिल यादव , धर्मपाल सिंह आदि लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।।

## दुर्गा पूजा सदर विधायक अदिति सिंह का आगमन

**रायबरेली।** नेता जी सुभाष नगर में भव्य दुर्गा पूजा के प्रथम दिन राहुल सिंह के आमंत्रण देने पर सदर विधायक अदिति सिंह का आगमन हुआ के कर कमलों द्वारा आरती संपन्न हुई सुभाष नगर प्रांगण में स्थित श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन सुबह शाम दुर्गा माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है।

नेताजी सुभाष नगर में आयोजित दुर्गा पूजा की प्रतिमा की स्थापना राहुल सिंह द्वारा क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से स्थापित कराया गया है जो कि कई वर्षों से लगातार भव्य आयोजन राहुल सिंह के अथक परिश्रम से है जिसकी प्रथम दिन सदर विधायक अदिति सिंह ने देवी माता के पूजा अर्चना कर दुर्गा पूजा में शामिल इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव एवं हजारों की हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर 26 शिकायतें आईं, 4 का निस्तारण मौके पर

**डलमऊ रायबरेली** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में डलमऊ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मात्र 4 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देते हुए निर्धारित समय में निष्पक्षता पूर्वक निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए इस मौके पर उपजिलाधिकारी डलमऊ आसाराम वर्मा तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र क्षेत्राधिकारी डलमऊ अशोक कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत आरती श्रीवास्तव के साथ अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद है आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर भारतीय किसान यूनियन के नेता भी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा में बीडीओ ने किया पोषण वाटिका का निरीक्षण

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा में तैयार की गई पोषण वाटिका का शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार ने बारीकी से निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि वर्षों से शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण में अग्रणी शिवगढ़ क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा में ग्राम प्रधान रतीपाल रावत के सहयोग से शिक्षक शिक्षिकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा तैयार की गई पोषण वाटिका फल-फूल रही है। जिसका शनिवार को शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार ने बारीकी से निरीक्षण किया। पोषण वाटिका मे लगे मक्का, तोरई, लौकी,कद्दू,करेला के साथ ही फूल एवं अमरूद, शरीफा, नींबू, अजवाइन के तैयार किए गए पौधों व तुलसी वन को देखकर खण्ड विकास अधिकारी काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा के शिक्षकों से सीख लेनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि विद्यालय में पोषण वाटिका तैयार करने से विद्यालय के छात्र-छात्राएं फल फूल एवं सब्जियों के पौधे लगाने के साथ ही वृक्षारोपण के प्रति स्वयं प्रेरित होंगे और परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय हो या घर पोषण वाटिका तैयार करने से जहां सब्जियों पर खर्च किया जाने वाला पैसा बचेगा तो वहीं बगैर रसायन के तैयार की गई ताजी सब्जी मिलेगी। जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान रतीपाल रावत, ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज शर्मा, सतीश कुमार, प्रधानाध्यापिका हिमांशी सिंह, सहायक अध्यापक दिग्विजय सिंह, अध्यापिका पूनम तिवारी, बबीता सिंह, शिक्षा मित्र दुर्गेश सिंह, युवा भाजपा नेता विजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर जानवर भगाने को लेकर हुई मारपीट, बाइक सवार को पीटा

संवाददाता। बछरावा रायबरेली

**देवपुरी** गांव में शनिवार की शाम बाइक सवार युवक को गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया । सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया । जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । देवपुरी निवासी विवेक कुमार (20) बछरावां कस्बे के शिवगढ़ रोड पर चार अक्टूबर को निजी नर्सिंग होम खोल रहा है । उसी का कुछ सामान लेने लखनऊ जा रहा था । तभी बछरावां देवपुरी मार्ग पर गांव के ही कुछ लोग मवेशी चरा रहे थे । तभी मवेशियों का झुंड सड़क पर आ गया । इसी बीच रोड से गुजर रहे एक बाइक सवार कि मवेशियों से टकराकर दुर्घटना भी हो गई । बाइक सवार विवेक ने मवेशियों को सड़क से हटाने की बात कही । तो



प्रतिपक्षगण मारपीट पर आमादा हो गए । देखते ही देखते उन्होंने विवेक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया । जिससे उसे गंभीर चोटें आई । सूचना पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए उसे सीएचसी पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । विवेक ने गांव के ही रहने वाले जंग बहादुर , प्रेमचंद्र , महादेव पर मारपीट करने का आरोप लगाया है । पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की वारदात करने का मामला भी बताया जा रहा है । कोतवाल जगदीश यादव ने कहा कि घायल का इलाज कराया जा रहा है । तहरीर प्राप्त हुई है । मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है ।

# बुजुर्ग महिला फरियादी को देख द्रवित हो उठे सीओ

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील परिसर में समाधान दिवस चल रहा था एसडीएम धीरज श्रीवास्तव सीओ राम किशोर सिंह तहसीलदार अनिल पाठक फरियादियों की समस्याओं का सुन रहे थे तभी मऊ गांव की रहने वाली एक नब्बे वर्षीय बुजुर्ग महिला जो कानों से सुनने में असमर्थ हैं, कप कपाते हाथों में शिकायती पत्र लेकर सीओ राम किशोर सिंह के सम्मुख पहुंच गई और आंसुओं से भरी टप टपाती आंखें और लड़ बड़ाती जुबान से बोल पड़ी साहब हमें जगजीवन नामक व्यक्ति ने तीन बार मारा पीटा है, चौथी बार आज उसके द्वारा मार पीट करने पर वो किसी तरह आपके पास आई है, उसे न्याय दिजिए लाचार गरीब बुजुर्ग महिला का करुण क्रंदन सुन सीओ राम किशोर सिंह का मन द्रवित हो उठा और उन्होंने तत्काल कोतवाल महराजगंज राजेश कुमार सिंह को पूरे मामले से अवगत कराया और त्वरित कार्रवाई निर्देश दिए वहीं सीओ ने बुजुर्ग महिला की आर्थिक सहायता भी की सीओ की मानवीय संवेदनाओं के प्रति उदारता के साथ ही अपने प्रशासनिक कर्तव्यों के बोध को स्मरण रखना और बेबस लाचार के प्रति दरिया दिली देख तहसील परिसर में उपस्थित लोगों ने सीओ की भूरि भूरि प्रशंसा की वही संपूर्ण समाधान दिवस में 90 शिकायती पत्र जिसमें 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया अन्य के लिए टीमें गठित कर निस्तारण के निर्देश एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दे दिए हैं, एसडीएम धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्ती बरती जाएगी।

# अधिकारी समस्याओं को सुनकर करें निस्तारणः डीएम

संवाददाता। बस्ती



**सम्पूर्ण** समाधान दिवस तहसील भानपुर में प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व की 16, पुलिस की 7, विकास की 6, विद्युत तथा आपूर्ति की 1-1 एवं अन्य विभागों की 6 कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 6 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने लगभग 15 वरिष्ठ मतदाताओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि इनमें से जिन की पेंशन ना बनी हो, उसके लिए प्रक्रिया पूरी कराएं। तहसील दिवस में डीएफओ नवीन कुमार, उप जिलाधिकारी भानपुर जी.के. झा, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, सीओ प्रीति खरवार, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, उपायुक्त एनआरएलएम रामदुलार, उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार, विभागीय अधिकारी गण, बीडीओ, थानाध्यक्ष तथा तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील दिवस के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी डीएम प्रियंका निरंजन ने रामनगर ब्लाक के नरखोरिया जाकर तालाब द्वारा जल प्लावन की समस्या का निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया है कि क्षेत्र पंचायत से पानी निकासी के लिए नाले की सफाई कराएं। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड 4 राकेश कुमार गौतम को निर्देशित किया कि नहर में पानी गिराने की व्यवस्था कराएं। उल्लेखनीय है कि नरखोरिया प्राइमरी स्कूल के ठीक सामने तालाब निर्मित है और इस में पानी भर जाने से पीडब्ल्यूडी की सड़क, स्कूल तथा पीछे गांव में पानी भर जाता है। निरीक्षण के समय भी सड़क पर पानी लगा हुआ था। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जिला पंचायत द्वारा भी कार्य कराया जाएगा। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को अभियंताओं की टीम के साथ मौके पर जाकर स्टीमेट बनाने का निर्देश दिया है। यहां से लौटते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी तथा डीएम प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ नरखोरिया बाजार स्थित कब्रिस्तान का निरीक्षण किया, जहां पर अवैध अतिक्रमण करके झोपड़ी बनाई गई है और लोग वहां रह रहे हैं। अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए वहां के ग्रामीण ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया। डीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया है कि राजस्व टीम भेजकर नापी कराएं तथा अवैध अतिक्रमण हटाए।

## सांसद और जिलाधिकारी ने संचारी रोग वाहन को दिखाई हरी झंडी

- कोई भी बुखार दिमागी बुखार नवकी बीमारी हो सकती है
- बीमारी से लड़ने को दिलाई गई शपथ



**बस्ती।** जिला अस्पताल परिसर में सांसद हरीश द्विवेदी एवं डीएम प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने वाहन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके पूर्व डीएम ने उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोग तथा दस्तक अभियान की रोकथाम की शपथ दिलाया। डीएम ने कहा कि कोई भी बुखार दिमागी बुखार (नवकी बीमारी) हो सकता है। दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है और रोग के उपरान्त शारीरिक और मानसिक विकलांगता भी ला सकता है। इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने का खतरा हमारे प्रदेश के 1-15 वर्ष के बच्चों को है। हम दिमागी बुखार हमारे गांव, ब्लॉक, जनपद और प्रदेश को मुक्त कराने के लिये प्रतिबद्ध हैं। शपथ लेते हुए उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि दिमागी बुखार (नवकी बीमारी) से इस लड़ाई में हर सम्भव प्रयास करेंगे कि हमारे परिवार और समुदाय में कोई भी बच्चा दिमागी बुखार का शिकार न हो। हम शौच के लिये शौचालय का प्रयोग करेंगे और सभी को यही करने के लिये प्रेरित करेंगे। हम अपने व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे, अपने गांव के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा समुदाय को साफ-सफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित करेंगे। यदि कोई बच्चा हमारे गांव में बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर निदेशक डा. सी.पी.कश्यप, सीएमओ डॉक्टर आर.पी. मिश्रा, एसआईसी डा. आलोक वर्मा, एसीएमओ डा. ए.के. गुप्ता, डा. जय सिंह, डा. ए.के. कुशवाहा, डा. विनोद, डीपीओ सावित्री देवी, यूनिसेफ से अनीता सिंह, जी.आई.सी. के प्रधानाचार्य एस.बी. सिंह, एल.के. पाण्डेय, मलेरिया अधिकारी आई. ए. अंसारी एवं रेडक्रास के सदस्य सत्येंद्र दुबे एवं सच्चिदानंद चौरसिया उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कई विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत क्रमशः प्राथमिक विद्यालय पूरे गोकुल, कम्पोजिट विद्यालय सिसवा, कन्या प्राथमिक विद्यालय भिनगा प्रथम एवं विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पटना द्वितीय का ताबड़तोड़ आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। यदि कोई छात्र या छात्रा नामांकन के बाद स्कूल नहीं आ रहें है तो उनके अभिभावक से बात कर स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षा से वंचित न रहने पाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी छात्र-छात्राओं से बात कर परखा। उन्होने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, किचन, पेयजल, अग्नि शमन यंत्र, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बच्चों के अभिभावक की भूमिका निभा कर उन्हे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क जूता-मोजा, स्कूल बैग एवं मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रही है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित न रहने पावे। इसलिये गुरूजनों का भी दायित्व बनता है कि वे अपने दायित्वों को बाखूबी निभावें और नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिक्षित कर उनके भाग्य हो संवारे और अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरे, जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों तक नियमित विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, यदि निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कोई कमी मिली तो सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से लेकर खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय पटना द्वितीय का निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आज पूरे दुनिया को वृक्षों की आवश्यकताः भोलू

- जहां वृक्ष है, वहां स्वस्थ्य जीवनःसीडीओ

संवाददाता। बस्ती



**सेवा पखवारे** में आज रामनगर विकास खण्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पखवारे के तहत रामनगर गांव में बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सत्येंद्र सिंह भोलू के संयोजन में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि राजेश प्रजापति सीडीओ एवं विशिष्ट अतिथि गिरजेश झा उप जिलाधिकारी भानपुर रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम को संचालित करते हुए सत्येंद्र सिंह भोलू ने कहा आज संपूर्ण विश्व को वृक्षों की अति आवश्यकता है प्रकृति का संतुलन बना रहे इसके लिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए। मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी डॉ राजेश प्रजापति ने वृक्षों की महत्ता बताते हुए कहां के जहां वृक्ष है वहां स्वस्थ जीवन जिन जिन जगहों पर वृक्ष अधिकांश मात्रा में लगे रहते हैं वहां जल का संकट कभी नहीं होता। विशिष्ट अतिथि एसडीएम भानपुर ने कहां वृक्ष हम लोगों के प्रेरणा स्रोत हैं और इनको लगाने के साथ-साथ इनकी रखवाली भी हमारा फर्ज है। झारखंड के प्रभारी किसान मोर्चा के नेता उमाकांत शुक्ला ने सीडीओ बस्ती,एसडीएम भानपुर और वीडियो भानपुर द्वारा लागाये ग्रे वृक्षों की देख रेख ग्रामीणों को सौंपी और उनसे कहा गया कि जब इस वृक्ष का पहला फल होगा तब आप लोग इन अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहयोग करने वाले हैं रमेश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह सोनू, सुधाकर तिवारी, नीरज तिवारी, राघवेंद्र पांडे, पवन पांडे रिंकू दिलीप चौधरी राजू चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी व उसके पिता को हुई दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**श्रावस्ती, सिरसिया।** थाना सिरसिया क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्ष पूर्व एक किशोरी को जबरन गन्ने के खेत मे ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई है। जबकि आरोपी के पिता को भी सात वर्ष की सज़ा सुनाई गई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 19 जनवरी 2014 की रात लगभग 9 बजे 15 वर्षीय किशोरी घर पर अकेली थी इसी दौरान गाँव का ही जय जय राम उसको जबरदस्ती उठा ले गया और एक गन्ने के खेत में रखा। जय जय राम के पिता राम धीरज ने गन्ने की खेत की रखवाली करते हुए वहीं पर खाना पानी की व्यवस्था करता रहा। पीड़िता ने यह भी बताया कि अभियुक्त जय जय राम ने उसके साथ गन्ने के खेत में ही तीन-चार दिन तक लगातार कई बार बलात्कार करता रहा । किसी तरह पीड़िता गन्ने के खेत से बाहर निकली और एक नजदीक के गांव में पहुंची तो पता चला कि वह अपने बहन की गांव में पहुंच गई है। वहां पर जाकर अपनी बहन से सारी बात बताएं। बहन उसको लेकर अपने पिता के घर पर आई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता को लेकर पिता थाने पर गया किंतु उसका एफ आई आर दर्ज नहीं हुआ जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हुआ। मामले की विवेचना हुई मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप अलांग विद पॉक्सो एक्ट) की अदालत पर हुआ । अपर जिला सत्र न्यायाधीश दिनेश सिंह ने मामले में अभियुक्त गण पिता पुत्र को दोषी करार देते हुए अभियुक्त जय-जय राम को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व उसके पिता राम धीरज को 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 35 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

## दुधारा पुलिस ने 1 किलो 2 सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ किया एक को गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य 01 किलो 2 सौ ग्रांम नाजायज गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार थाना दुधारा पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण / चेकिंग के दौरान अभियुक्त सलाहुद्दीन पुत्र समसुद्दीन निवासी सेमरियावां थाना दुधारा को कड़जा मोड़ नहर पुलिया के पास से 01 किलो 2 सौ ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना दुधारा पर मुअसं 407 / 2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण उनि अमरनाथ यादव, हेकां दिनेश कुमार, कां. आशुतोष पाण्डेय, कां. विशाल सिंह शामिल रहे।

## जब प्रधानपति ने सेक्रेटरी पर तान दी रिवाल्वर

- बहादुरपुर ब्लॉक पर रिवाल्वर लेकर पहुंचा प्रधानपति
- इससे पहले कई बार भुगतान करने को लेकर सेक्रेटरी को दी जा चुकी है धमकी
- ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह ने सिल्लो की प्रधान अनीता यादव के पति प्रेमजी यादव पर दर्ज कराया केस

संवाददाता। बस्ती

**प्रधानपति** भुगतान कराने के लिए रिवाल्वर लेकर ब्लॉक पर पहुंच गया। रिवाल्वर तानते हुए फिल्मी अंदाज में ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह को गोली मारने की धमकी दी। प्रधानपति ने ब्लॉक में घुस कर पहले रिवाल्वर ताना और उसके बाद ब्लॉक कर्मियों के सामने सेक्रेटरी का कालर पकड़कर पिटाई कर दी। इस दौरान ब्लॉक कर्मी तमाशवीन बने रहे, प्रधानपति को पकड़ने के बजाए बीच बचाव करने में जुट गए। पुलिस को दी गई तहरीर पर लिखे गए एफआईआर में सेक्रेटरी ने स्पष्ट लिखा है, कि सारा मामला भुगतान को लेकर है। उन्होंने आशंका जताई है कि प्रधानपति उसकी हत्या भी कर सकते है। पूरे जिले में ब्लॉक के भीतर इस तरह का आराजकता पहली बार देखा गया। बहरहाल कलवारी थाने में प्रधान अनीता यादव के पति प्रेमजी के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा लिखा जा चुका है। मगर इस घटना के बाद सेक्रेटरी के साथ सभी ब्लॉक कर्मी डरे हुएं है। दर्ज कराए गए एफआईआर में ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा है, कि 30 सितंबर 22 को वह ब्लॉक पर एडीओ पंचायत के कमरे में बैठकर कामकाज निपटा रहा था, इसी बीच सिल्लो की प्रधान अनीता यादव के प्रधानपति प्रेमजी आए और मनरेगा का बिना कार्य कराए फर्जी भुगतान करने के लिए दबाव बनाया। अपषब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि मेरा भुगतान नहीं कर रहे हो, और उसके बाद सबके सामने मेरा कालर पकड़कर मारने लगे और रिवाल्वर तानकर कहा कि आज तो छोड़ दे रहा हूं, लेकिन अगर भुगतान नहीं किया तो जान से मार दूंगा। बताया कि प्रधानपति इससे पहले भी कई बार उनसे फर्जी भुगतान कराने का दबाव बना चुकें हैं। चंगेरवा के रहने वाले ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह इस घटना के बाद इतने डरे हुए है, कि घर से बाहर ही नहीं निकल रहे है। इस घटना ने पूरे जिले को हिलाकर रख दिया है। इस घटना से पता चलता है, कि बहादुरपुर ब्लॉक नियंत्रणविहीन हो गया। असली प्रमुख आते नहीं और नकली लोग ब्लॉक का संचालन करते है। लोगों का मानना हैं, कि जिस भी ब्लॉक में नकली प्रमुखों का संचालन हो रहा है, उन ब्लॉको में कभी भी अराजकता का माहौल बहादुरपुर की तरह बन सकता है। इस मामले में प्रषासन को पहल करनी चाहिए।

## ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत, सहेली घायल

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के विधियानी मोड़ पर शनिवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। जबकि उसकी सहेली घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुची ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार नैनाडीहा, एकमा निवासिनी विनीता मौर्या पुत्र लवकुश साईकिल से महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपनी सहेली रूपम के साथ एक साईकिल पर आ रही है। विधियानी मोड़ पर पहुचते ही ट्रक की चपेट में आने से विनीता मौर्या की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने रूपम को जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजवाया। इस घटना के बाद छात्र नेताओं में आक्रोश रहा। जगह-जगह छात्र नेताओं ने धरना देकर 15 लाख रूपये मुआवजा सहित अन्य मांग को रखा।

## गोष्ठी के जरिए वरिष्ठ नागरिकों ने उठाई आवाज

संवाददाता। बस्ती



**सेवा निवृत्त** कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन जनपद शाखा बस्ती ने अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन संगठन के सह संयोजक छोटे लाल यादव की अध्यक्षता में किया गया। संयोजक उदय प्रताप पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

सह संयोजक छोटे लाल यादव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के समस्याओं का समाधान एक पुनीत कार्य है। इसलिए इनके समस्याओं को सभी जिम्मेदारों को गंभीरता पूर्वक निराकरण करना चाहिए। संगठन के सदस्य नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक के रूप में चाहे आम जनता से कोई वरिष्ठ हो या सेवानिवृत्त कर्मचारी/ पेंशनर हो उसे हर स्तर पर त्वरित न्याय मिलना चाहिए। श्रीनाथ मिश्र, उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, संत कुमार नन्दन, सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, मुनीम चन्द्र, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, सुरेन्द्र नाथ उपाध्याय, धर्मप्रकाश उपाध्याय, रामविलास सिंह, सोमन लाल, रमाकांत मिश्रा, किशोरी लाल, डॉ नरेन्द्र उपाध्याय, डॉ अंगिरा प्रसाद चौधरी, जेके सिंह, राधेश्याम तिवारी, रत्नेश मिश्रा, देवनरायन प्रजापति, योगेन्द्र यादव, नरेन्द्र देव मिश्र, सुरेश धर दूबे, राम कुमार पाल, ओम प्रकाश पांडेय, शिव शंकर राम, उदय राज दुबे, रामफेर यादव, भगवान दास, मंगरू राम, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, त्रिभुवन प्रसाद, इं राधेश्याम त्रिपाठी, डॉ सदानन्द श्रीवास्तव, गणेश दत्त शुक्ला, सुरेश चन्द्र शर्मा, शिव गोविन्द श्रीवास्तव, बलराम यादव, सत्यनाम सिंह, रहमतुल्लाह, इश्तियाक अहमद, मो सिद्दीक, राजेन्द्र प्रसाद सिह, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, धर्मपाल जायसवाल, लोकमान्य पाण्डेय, प्रेम प्रकाश मिश्र, रामयज्ञ पाण्डेय, भगवान सिह, इं रामप्रसाद लाल, गोविन्दशरण श्रीवास्तव, छोटकुन प्रसाद, रमाकान्त शुक्ल तेज प्रताप सिंह, राममिलन, हीरामन, चन्द्र प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, हरिभजन, रामचेत सिंह, रामदुलारे आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी पर अधिकार को लेकर दो कमेटियां आमने-सामने

- पचासों साल पुराने कमेटी पर जताया नई कमेटी ने हक

संवाददाता। बस्ती

**अंजुमन** इस्लामिया कमेटी के अधिकार को लेकर दो कमेटी आमने-सामने आ गए है। मामला उस समय विवादित हो गया जब सुन्नी वक्फ बोर्ड ने नियम विरुद्ध पुरानी कमेटी के स्थान पर नई कमेटी को मान्यता दे दी, जबकि नियमानुसार अगर पुरानी कमेटी का कोई सदस्य जीवित है, और जिम्मेदारी संभालने लायक है, तो किसी और कमेटी को मान्यता नहीं दिया जा सकता है, मगर यहां पर सुन्नी वक्फ बोर्ड पर नियमो की अनदेखी करने का आरोप पुराने कमेटी के सेक्रेटरी सैय्यद साबिर हुसैन लगाया है। हैरान करने वाली बात यह है, कि सुन्नी वक्फ बोर्ड ने पुरानी कमेटी की अपील को ही खारिज कर दिया, अब पुराने कमेटी के लोग सुन्नी वक्फ बोर्ड के आदेष को चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट की तैयारी कर रहे है। डीएम को लिख पत्र में सेक्रेटरी सैययद साबिर ने कहा कि वे वर्ष 1998 से ही अंजुमन इस्लामिया वक्फ 16 से 19 के सेक्रेटरी हैं और अध्यक्ष मो. सुहेल के दिशा निर्देश के अनुरूप निःस्वार्थ भाव से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि मोबीन अहमद, अब्दुल वहीद, अलाउद्दीन, सैय्यद अशरफ मो0 शाद, अफ्जाल अहमद, मो. सलीम उस्मानी इसमें सैय्यद शफीक अशर्फी मुख्य कार्यपालक अधिकारी वक्फबोर्ड के सगे रिश्तेदार हैं। इनके कारण जुलाई 2022 में चोरी चुपके मूल तथ्यों को छिपाकर सुन्नी सेन्ट्रल वक्फबोर्ड उ.प्र. से अपने पक्ष में नया आदेश पारित करा लिया है। लोग वर्तमान कमेटी से संतुष्ट है और कोई परिवर्तन नहीं चाहते। डीएम को भेजे पत्र में सेक्रेटरी सैय्यद साबिर हुसैन ने कहा है कि गलत तरीके से उक्त आदेश को जिला प्रशासन को दिखाकर पत्राचार कराया गया है और इस आधार पर उनसे जबरिया प्रशासन द्वारा चार्ज दिलाने की कोशिश किया जा रहा है।

## डीएम व एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का लिया गहन जायजा

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने जिले का भ्रमण कर विसर्जन स्थलों/घाटों का जायजा लिया। तथा मूर्ति स्थल से लेकर विसर्जन मार्गो एवं विसर्जन स्थलों पर सभी तैयारियां पहले से ही दुरूस्त कर ली जाएं, ताकि शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से माँ दुर्गा की मूर्ति को विसर्जन सम्पन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत विसर्जन स्थल बररोह घाट एवं जंगलदास कुटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जंगलदास कुटी पर घाटों के साफ-सफाई एवं सीढ़ी निर्माण का कार्य पूरा पाया गया। दोनो स्थलों पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लोगों से मिलकर कुशलक्षेम भी जाना तथा विसर्जन के दिन शान्ति एवं सदभावपूर्ण ढंग से मूर्ति विसर्जन हेतु अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन शान्ति एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न किया जा सके इसके लिए मूर्ति विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियों को दो दिवस के अन्दर मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मूर्ति विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है मैंने समस्त थानाध्यक्षो को निर्देश दिये है कि विसर्जन स्थलों पर उचित पुलिस बल की तैनाती की जाए, और अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। विसर्जन वाले दिन मूर्ति स्थल से लेकर विसर्जन घाटों तक श्रद्धालुओं के भेष में सादी वर्दी में पुरूष एवं महिला खुफिया पुलिस बल की भी तैनाती की गई है, जो सम्भावित अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखेंगे। विसर्जन के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो, उन्हें जेल भेजा जायेगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, थानाध्यक्ष मल्हीपुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का कार्य धरातल पर नजर आये: केशव

● **अधिकारी नवाचार करें, सबसे अलग कुछ नया और अच्छा करके दिखाएं**

संवाददाता। उरई(जालौन)

**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिला स्तरीय अधिकारियों की विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करें। सरकार की मन्शा के अनुरूप कार्य करें। गांव गरीब, किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाये। अपनी छवि के साथ सरकार की छवि बनायें, भ्रष्ट अधिकारियों को चिन्हित कर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होने कहा कि अधिकारी नवाचार करें, कुछ नया और विशेष करके दूसरो के लिए मिशाल बने। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश कि जनपद में अन्ना पशु किसी भी दशा में आवारा घूमते नजर न आये। उन्होने निर्देशित किया कि चारागाह की जमीन पर नैपियर घास लगाने के कार्यों में तेजी लाई जाए, गौ आश्रय स्थलों का सही संचालन कराया जाये। गौशालाओं में छाया, पानी हरा चारा व भूसा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे, गौशालाओं में भूसा लाने के पश्चात मौके पर खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम सचिव आदि संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में फोटो ग्राफी व वीडियो ग्राफी करायी जाये और वह फोटो ग्रुप में डाली जाये। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि समय-समय पर गौ आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाय।

केशव प्रसाद मौर्य ने ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन व विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुये अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शासन के मंशानुरूप कार्य करे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित रखे, रिनिया में रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाए जाने के लिए प्रस्ताव भेजा जाये। सरकार की मंशा है कि आमजनमानस की सुविधाओं को अनदेखा न किया जाये, उनके गरीब कल्याण उत्थान के लिये समर्पित रहे। नगर पालिका में जिन लोगों ने पानी के कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, उन्हें इसी माह की 10 तारीख तक विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से किया जाये। सीएमओ व मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि वह चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें बेहतर से बेहतर करें। मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव करें। आयुष्मान भारत के तहत लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। आशा बहुओं का भुगतान लम्बित नही होना चाहिए, शीघ्र ही आशा बहुओं का भुगतान कराना सुनिश्चित करेगे, इसमें लापरवाही या उदाशीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी । लोक निर्माण विभाग व ब्रिज कारपोरेशन सरेनी घाट यमुना ब्रिज तत्काल पूरा कर हैण्ड ओवर किया जाए। उन्होने कहा कि पुलिस अधीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र में जाकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें, कर्मचारियों का कार्य व व्यवहार अच्छा होना ही चाहिए। उन्होने कहा कि माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और अब तक जो कार्यवाही की गयी है उसका विवरण दिया जाये। पी एम स्वनिधि योजना गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही है आवेदकों को समय से लोन दिया जाय, और लाभार्थियों के लिए वेल्डिंग जोन का निर्धारण किया जाए। आवासीय योजनाओं में विद्युत, गैस, मनरेगा में 90 दिन काम, शौचालय, श्रम विभाग का कार्ड आदि सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय, इसका सत्यापन किया जाए। अमृत योजना फेज 2 व जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों के यूनीफार्म के लिए अभिभावकों के खाते में भेजी गयी धनराशि का सही उपभोग न करने वाले अभिभावकों के विरुद्ध एन सी आर दर्ज कराई जाए, बेसिक शिक्षा अधिकारी टीम बनाकर अभिभावकों के साथ इस सम्बन्ध में बैठक करें, सत्यापन करें, उन्हें ड्रेस लेने के लिए प्रेरित करें और जरूरत पड़ने पर कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाए, सूखे की स्थिति व बाद में वर्षा से फसलों के हुते नुकसान लिए ,सर्वे कराकर किसानों को सहायता दिलाने की कार्यवाही शीघ्र की जाये। उन्होने कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में किसानों के लिये खाद की उपलब्धता सुनिश्चित रहे, किसानों को समय रहते खाद उपलब्ध करायी जाये। अमृत सरोवरो के पास पड़ी जमीन की पैमाइश कराकर ग्राम समाज की पड़ी जमीन की बैरिकेटिंग कराते हुये वहां पर वृक्षारोपण कराया जाए।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 घनश्याम अनुरागी, सदस्य विधान परिषद रमा निरंजन, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा रामेन्द्र सिंह बनाजी, प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उरई अनिल बहुगुणा, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विशाल यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट कु0 वीरेन्द्र कुमार मौर्य सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पायनियर

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं सोलह शिकायतें, मौके पर तीन का निस्तारण

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**शनिवार** को तहसील सभागार में नायब तहसीलदार आलोक कटियार की अध्यक्षता एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी की देखरेख में सम्पूर्ण समाधान दिबस का आयोजन कोबिड 19 की गाइड लाइन के अंतर्गत किया गया जिसमें 16 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपे जिस पर अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना और निस्तारण के लिए संबंधित बिभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि आई हुई शिकायतों का समय बद्ध एवं गुणबत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें उन्होंने ने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सम्बंधित लोगों को मौके पर बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का निस्तारण करें जिससे दुबारा फरियादी उक्त समस्या को लेकर न आये वहीं अधिकारियों ने आयी हुयीं शिकायतों में से मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण कर दिया और उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नही होगी और अगर मांनीटरिंग के दौरान कोई भी कमी पायी जाती है तो सम्बंधित बिभाग के अधिकारी के बिरुद्ध सख्त कार्यबाही की जाएगी इस अवसर बिधुत बिभाग से उपखण्ड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन नगर पालिका नदीगांव से लिपिक जितेंद्र कुमार पटेरिया थानाध्यक्ष एट रूप कृष्ण त्रिपाठी कोतवाली से एस एस आई आनंद कुमार सिंह थाना नदीगांव से एस आई जितेंद्र सिंह बन क्षेत्राधिकारी पंकज भानु सिंह सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# समय सीमा में पूर्ण कराएं निर्माण कार्य: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में नगर पालिका, नगर पंचायत एवं डूडा के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक शनिवार को कैंप कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत नगर में स्थित 15 परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित 14 बिंदुओं के अंतर्गत मरम्मत का कार्य, रैन बसेरा के अवशेष बाउंड्री वाल का निर्माण, जल संस्थान द्वारा ट्यूबवेल, रेन बसेरा स्थित रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य, मानिकपुर में वाटर कूलर, कूड़ेदान, चूने की आपूर्ति, ट्री गार्ड, राजापुर में फागिंग मशीन, जनरेटर, रैन हार्वेस्टिंग, पाइपलाइन, नाला निर्माण, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, मऊ कार्यालय की पुलिया निर्माण, पेंटिंग, सफाई कर्मियों के पास यूनिफॉर्म, ओडीएफ सॉलिड वेस्टप्लांट, कान्हा गौशाला, भूषा-चारा, कर वसूली, कल्याण मंडप, आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने ट्यूबवेल, समरसेबल के अंतर्गत कहा कि अधिशासी अधिकारी कर्वी स्थान चिन्हित कर जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं। उन्होंने कोठी तालाब में बन रहे पार्क के लिए कहा कि कोतवाली के पास से एक रास्ता जाना चाहिए। उन्होंने बिंदीराम होटल के पास बन रहे एक सड़क की गुणवत्ता के शिकायत पर एपीडब्ल्यूडी एई को निर्देशित किया कि इसका निरीक्षण करें। पेंटिंग के संबंध में उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर पर अच्छी क्वालिटी से इसकी पेंटिंग कराएं उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाल पेंटिंग में स्वच्छ भारत मिशन, भगवान रामचंद्र जैसी पेंटिंग कराएं। उन्होंने कहा कि पहले फ्लाईओवर फिर राम घाट व अन्य जगहों पर भी कराएं। कर्वी, मानिकपुर, राजापुर, मऊ में सफाई कर्मियों के पास यूनिफॉर्म उपलब्ध है कि नहीं, भुगतान सही समय से कराएं। कान्हा गौशाला के अंतर्गत उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द कराएं क्योंकि पशुओं से किसानों का नुकसान हो रहा है, उन्हें अंदर कराएं। भूसा-चारा के अंतर्गत उन्होंने कहा कि इसका पैसा नगर विकास से मिला कि नहीं, कहा कि भूसा खत्म होने से पहले चारा की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। कोठी तालाब व ट्रैफिक चौराहा पर हो रहे कार्यों पर उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराएं। एलआईसी तिराहे व ट्रैफिक चौराहा पर हो गए गड्ढे को उन्होंने कहा कि नवरात्र से पहले इसे सही कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी राम अचल कुरील, अधिशासी अधिकारी मऊ-राजापुर बीएन कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर राम आशीष वर्मा, एई जल संस्थान रवि विश्वकर्मा आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में निर्देश देते डीएम पायनियर

## पुलिस की सक्रियता से सांप्रदायिक महौल बिगाड़ने का प्रयास हुआ विफल

**सुमेरपुर।** शुक्रवार की रात नशे में धुत एक युवक ने सुमेरपुर कस्बे में देवी पंडाल के बाहर लगे पोस्टर में पुरानी खुन्नस के चलते जमकर चप्पले बरसाई और अनाप.शनाप बकते हुए चला गया, किसी ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया, जिसे समय रहते पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करके दूध का दूध और पानी का पानी करके सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने से बचा लिया। सुमेरपुर कस्बे के पंचमढ़ी मंदिर के पीछे मां दुर्गा की प्रतिमा का पंडाल सजा हुआ है इस पंडाल के बाहर डेकोरेशन साज.सज्जा का कार्य करने वाले लोगों ने प्रचार प्रसार के उद्देश्य से एक दीवाल में अपने बैनर व पोस्टर लगा रखे हैं शुक्रवार की रात एक युवक शराब के नशे में आया और दीवाल पर लगे पोस्टर में पुरानी खुन्नस के चलते चप्पलें चटकाकर अनाप.शनाप बकने लगा।

# चौरासी शिकायतों में सिर्फ चार का निस्तारण, ज्यादातर लोग हुये निराश

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**नगर के** तहसील प्रांगण में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग सात दर्जन शिकायतों में मौके पर सिर्फ चार शिकायतों का निस्तारण हो सका और शेष बची शिकायतें लंबित कर दी गईं।

संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी तथा पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 84 शिकायतें आईंए जिसमें मौके पर सिर्फ चार शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। आने वाली शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित रही जिसमें कम्हरिया गांव निवासी दीवान अहमद पुत्र मुईनुद्दीन ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बताया कि उसकी कृषि भूमि कम्हरिया तथा पाटनपुर गांव के मध्य स्थित है जिसमें चारों ओर नहर होने से जलभराव हो जाता है और अधिक जलभराव होने के कारण उक्त भूमि कृषि योग्य नहीं रहती है जिस पर उसने मांग की है कि कृषि भूमि की जल निकासी के लिए नहर से रोहारी माइनर की ओर 24 इंची सीमेंट पाइप डलवाए जाने की अनुमति मांगी है और उन्होंने कहा कि उक्त कार्य का खर्चा उक्त किसान लोग स्वयं ही उठा लेंगे। इसी क्रम में विकासखंड के रीवन गांव की प्रधान शिवकांती पत्नी शिवप्रकाश ने जिलाधिकारी को एक पत्र देते हुए मांग की है कि उनके मौजे के सभी माइनरों में सिंचाई विभाग द्वारा माइनर गाटा संख्या 263 के पास मुख्य मार्ग में आवागमन हेतु पुलिया का निर्माण कराया जाए तथा गांव के ही कम्पोजिट विद्यालय में कन्वर्जन कास्ट का खाता अभी भी एकल है जिस पर शिक्षा समिति के नियंत्रण न होने पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन व रोस्टर के अनुसार दूध फल नहीं दिए जाते जिस पर भी कार्यवाही की मांग की है संपूर्ण समाधान दिवस का समय समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील प्रांगण में ही पौधारोपण किया तथा रोपित किए गए पौधों की देखभाल तथा सुरक्षा के लिए संबंधितों को दिशा निर्देश भी जारी किये।



# निर्माणाधीन पावर प्लांट में डेगू फैलने से विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले की** सीमा से सटे निर्माणाधीन नेवेली पावर प्लांट में कार्यरत कर्मियों में पांच डेंगू के मरीजों के निकलने से विभाग में हड़कंप मच गया है,वीमार कर्मियो के हमीरपुर शहर में निवास करने से विभाग की जिला मलेरिया अधिकारी कानपुर नगर को जानकारी देकर डेगू में नियंत्रण करने को कहा है ताकि अन्य लोगों को इस संक्रामक रोग से बचाया जा सके।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों जमकर वारिश होने के कारण जिले में मलेरिया व डेगू जैसी खतरनाक वीमारियां पवार पसारने लगी है। हमीरपुर शहर से सटे निर्माणाधीन पावर प्लांट में पिछले दिनों कर्मी मनोज सिंह, अभिषेक सिंह,अजय भारतीय,राजू गुप्ता समेत पांच लोगों को जांच मे डेगू का रोग पाया गया था,जिला मलेरिया अधिकारी(डीएमओ) डा. आरके यादव ने बताया कि पावर प्लांट में हजारो कर्मी गैर प्रांत से यहा आकर काम करते है, जिसमे डेगू से कई लोग पीडित है,प्लांट से हमीरपुर की दूरी मात्र दो किलोमीटर है इसलिये ज्यादातर लोग हमीरपुर शहर में निवास करते है। साफजल भराव वाले स्थान पर डेगू का मच्छर रहता है यह केवल लोगो को दिन में काटता है इसी से डेगू का संक्रमण फैलता है। डेगू के मरीज को यदि मच्छर ने काट कर दूसरे व्यक्ति को काट लेता है तो उसे भी डेगू हो जाता है इसलिये डेगू जैसे संक्रामक रोग को नियंत्रण करना बहुत ही आवश्यक होता है। डीएमओ ने बताया कि इसके लिये कानपुर नगर डीएमओ अरुण पटेल को लिखित जानकारी दे दी गयी है ताकि वह यहा पर छिडकाव कराने के बाद डेगू के मरीजो का उपचार की व्यवस्था कर सके।

## क्विक न्यूज

### बाल विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा होती है: डा. ज्ञानी



**हमीरपुर।** स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में आज जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुये जीआईसी हमीरपुर के प्रधानाचार्य डा योगेश ने कहा कि बाल विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चो में बैज्ञानिक सोच पैदा होती है। बच्चों द्वारा स्वनिर्मित माडलों को देखकरर शिक्षको ने उनके कला की भूरि भूरि प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य डा. ज्ञानी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी एवं खिलौने था,इस मौके पर छात्रों ने सात विषयों पर विभिन्न प्रकार के माडल प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल ने बताया कि जूनियर वर्ग में क्रियाकारी माडल में सूचना संचार एवं प्रौद्योगिकी में जीजीआईसी की छात्रा बंसिका मिश्रा प्रथम,गांधी इंटर कालेज मौदहा के राजकुमार वर्मा दितीय,पर्यावरण में जीआईसी के आयुष वर्मा प्रथम,जीआईसी के अदनान द्वितीय इसी प्रकार परिवहन एवं संचार में जीजीआईसी की अदिति प्रथम,प्रभात गुप्ता वि म इंटर कालेज हमीरपुर ने दिवतीय स्थान प्राप्त किया। जिले के माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। दो दर्जन विद्यालयों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रदर्शनी प्रभारी बाबूराम कनौजिया ने बताया कि स्थान प्राप्त छात्रों को मंडल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। अंत में वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र कुमार ने सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया। सभी ने प्रदर्शनी का सराहना की।

### आग से एक लाख का नुकसान

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा गांवनिवासी किसान के घर मे बीती रात अज्ञात कारण से लगी आग से गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया है। गाव के किसान परशुराम श्रीवास, छिद्दू श्रीवास पुत्र गण धनीराम के रिहायशी घर में बीती रात 12 बजे अचानक आग लग गई उस समय घर में पिता मौजूद थे। जिनके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग एकत्र होकर आग पर काबू पाया। तब तक घर में बुवाई के लिए रखे चनाए मटर ए गेंहूए सरसो ए व मसूर आदि का बीज आग में जलकर खाक हो गया।आगजनी में खाने के लिए रखा वह सब जल गया है। पीड़ित के सामने बीज का संकट व खाने का संकट खड़ा हो गया है। किसान की मुताबिक आगजनी में एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### ग्राहकों के विजिट का कीर्तिमान

**लखनऊ।** फ्लिपकार्ट के वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज़ के नौवें संस्करण ने आठ दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल के दौरान प्लेटफॉर्म पर एक बिलियन से अधिक ग्राहकों के विजिट का कीर्तिमान कायम किया। इनोवेशन अफोर्डेबिलिटी समावेशन वैल्यू और सुविधा की बदौलत यह समूचे ईको.सिस्टम के लिए अत्यधिक मूल्य प्रदान कर रहा है यह देश भर में ई.कॉमर्स को व्यापक तौर पर अपनाए जाने को प्रदर्शित करता है जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक ग्राहक टियर.2 और टियर.3 शहरों के होते हैं फ्लिपकार्ट ने देश के दूर.दराज के इलाकों में लाखों ग्राहकों को सवाएं प्रदान कीं। मंजरी सिंघल सीनियर डायरेक्टर कस्टमर, ग्रोथ एंड इवेंट्स फ्लिपकार्ट ने कहा घरेलू ई.कॉमर्स मार्केटप्लेस के रूप में हम अपनी और विक्रेताओं दोनों की आकांक्षाओं को समझते हैं।

### आत्महत्या का प्रयास,सड़क दुर्घटना में चार घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी शब्बन ने शनिवार की दोपहर पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिड़ने पर स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डा.अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक का स्वास्थ्य ठीक है। इलाज कर युवक की छुट्टी कर दी है। चिरवा गांव निवासी स्वामीदीन बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं कोतवाली के कैंथी गांव निवासी मुकेश और जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी अमित मार्ग दुर्घटना में गिर कर घायल हो गए।

### भूख से तिलमिला रहा गौवंश

**राठ** (हमीरपुर)। शासन द्वारा गौशालाओं में बंद अन्ना जानवरों के लिए रख रखाव व खानपान की व्यवस्था के लिए धन न भेजे जाने पर राठ ब्लाक के प्रधान संघ ने सीडीओ से लिखित शिकायत की है। प्रधान संघ अध्यक्ष नीता सिंह ने बताया कि गौशालाओं में बंद गोवंश के संरक्षण व उनके खानपान की व्यवस्था की मांग के उन्होंने विगत दिनों एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर सहायता राशि की मांग की थी। लेकिन अभी तक शासन द्वारा उनके पास इसकी कोई राशि नहीं भेजी गई है। आज संघ के सभी प्रधानों की सहमति पर मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर गोवंशों के संरक्षण व उनके रख रखाव के लिए धनराशि भेजे जाने की मांग की है।

## मदरसों की जांच में पायी गयी भारी अनियमितताएं

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर में लगातार दूसरे दिन अल्पसंख्यक अधिकारी ने तीन मदरसो की जांच की गयी जिसमे भारी अनियमितताएं पायी गयी। अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने आज दावत इस्लामी चौपारी की मस्जिद में चौधराना मोहल्ले में 25 बच्चों को पढ़ते हुए देखा वही इसी मदरसे की दूसरी शाखा दावते इस्लामी मोहल्ला कजियाना में जिसमें सिर्फ लड़कियों शिक्षा ग्रहण करती है जो किराए के भवन में संचालित तीसरी शाखा दावत इस्लामी की हाजी वहीद हाजी की मस्जिद में गए जहां बच्चे अनुपस्थित पाए गए उन्होंने बताया कि बच्चे सुबह शाम पढ़ने के लिए आते हैं करें। अभी तक नगर में लगभग आधा दर्जन मदरसो की जांच की गई जो बिना मान्यता के संचालित है। इसी प्रकार अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में अभी भी बहुत से गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की होने की आशंका है सवाल होता है इतनी अधिक संख्या में मदरसों का संचालन एवं आर्थिक मदद कहां से आती है।

# हाईटेक चित्रकूट जेल में बंद कैराना विधायक नाहिद हसन से कल मिलने जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

● **तीन अक्टूबर को छह सदस्यीय दल पहुंचेगा चित्रकूट -नाहिद से मिलने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौपेंगे रिपोर्ट**

संवाददाता। चित्रकूट

**बुंदेलखंड** की सबसे हाईटेक जिला कारागार चित्रकूट में बंद कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन से 03 अक्टूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल चित्रकूट पहुंचेगा। जेल में निरूद्ध विधायक से मिलकर प्रतिनिधि मंडल पार्टी हाईकमान को रिपोर्ट सौपेगा। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने पत्र जारी करते हुए बताया कि कैराना से पार्टी के विधायक नाहिद हसन चित्रकूट जिला कारागार में बंद है। उनसे जेल में हो रहे व्यवहार की जानकारी करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छह सदस्यीय एक दल को 03 अक्टूबर को उनसे मिलने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें बांदा के बबेरु से विधायक विशंभर सिंह यादव, जालौन के कालपी से विधायक विनोद चतुर्वेदी, चित्रकूट से विधायक अनिल कुमार प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव शंकर सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष चित्रकूट अनुज सिंह यादव शामिल हैं। यह प्रतिनिधि मंडल तीन अक्टूबर को चित्रकूट जेल में बंद विधायक नाहिद हसन से मिलकर उसकी रिपोर्ट तैयार करेगा और पार्टी अध्यक्ष को देगा।वहीं निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बताया कि योगी सरकार में सपाईयों पर फर्जी मुकदमें लादकर उनका शोषण और उत्पीडन किया जा रहा है। भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों से प्रदेश की जनता में उबाल है।पार्टी मुखिया के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल सपा के कैराना विधायक नाहिद हसन से मिलकर उनका हाल जानेगें। उल्लेखनीय है कि कैराना विधानसभा सीट से नाहिद हसन सपा विधायक हैं। बीते जनवरी माह में उन्हें गैंगस्टर के मामले में मुजफ्फरनगर जिला कारागार भेजा गया था। नाहिद हसन ने जिला कारागार से ही सपा के टिकट पर कैराना विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। तब से वह जिला कारागार में बंद थे। शासन के आदेश पर बीते मंगलवार को नाहिद हसन को जिला कारागर से चित्रकूट जेल शिफ्ट किया गया


सपा अध्यक्ष के साथ विधायक नाहिद की फाइल फोटो पायनियर

## गरीब ने रुपया नही दिया तो सिपाही ने दी धमकी

**राठ।** कोतवाली के पथनौड़ी गांव निवासी तेज प्रताप सिंह पुत्र लीलाधर निषाद ने बताया कि वह कस्बे के रामलीला मैदान में फल का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कोतवाली का एक सिपाही आए दिन रुपयों की मांग करता है और कहता है कि यह तुम्हारी चालानी है। बताया कि शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे सिपाही उसकी दुकान पर आया और रुपयों की मांग करने लगा। आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया तो सिपाही ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और गाली गलौज कर मारने के लिए उतारू हो गया। पीड़ित ने तहरीर देकर गुहार लगाई है।

## कार्यों में नही ले रहे रुचि

**राठ (हमीरपुर)।** ग्राम प्रधान ने सचिव द्वारा अभी तक चार्ज न लेने व विकास कार्यों में रुचि न लाने का आरोप लगाकर प्रधान ने सीडीओ से लिखित शिकायत की है।मझगवां थाने के बरेल गांव निवासी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि वह ग्राम प्रधान है। इस समय गांव में नरेन्द्र पाल सिंह ग्राम पंचायत सचिव है। जो अटगांव के है। उनके द्वारा गांव के विकास कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है। यह भी आरोप लगाया कि अटगांव में सचिव के भाई प्रधान है। जिससे उनका पूरा ध्यान अटगांव में ही रहता है। आरोप लगाया कि सचिव ने चार माह से अभी तक गांव में चार्ज नहीं लिया है। प्रधान सीडीओ से सचिव को गांव का चार्ज लेने व विकास कार्यों में रुचि लाने की गुहार लगाई है।